रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹71500 10 ग्राम
₹94000 01 किलो
सेंसेक्स 81,765.86 +809.53
डॉलर 84.707 +0.006

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 05, संवत 2081 | रांची, शुक्रवार, 06 दिसंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 301, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 जसप्रीत बुमराह आईसीसी मेन्स...

# हेमंत सोरेन 2.0 में 11 मंत्रियों ने ली शपथ




नवीन मेल डेस्क

**रांची।** झारखंड में हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के छह दिन बाद गुरुवार को राजभवन के अशोक उद्यान में 11 मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शपथ दिलायी। झामुमो से छह, कांग्रेस से चार और राजद से एक विधायक को मंत्री बनाया गया है। इस दौरान प्रोटेम स्पीकर पद की भी शपथ दिलायी गयी। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सबसे पहले प्रो. स्टीफन मरांडी को प्रोटेम स्पीकर पद की शपथ दिलाई। वहीं मंत्री के रूप में राधाकृष्ण किशोर ने सबसे पहले मंत्री पद की शपथ ली। इसके बाद दीपक बिरुआ, चमरा लिंडा, संजय प्रसाद यादव, रामदास सोरेन, इरफान अंसारी, हफीजुल हसन, दीपिका पांडेय सिंह, योगेंद्र प्रसाद, सुदिव्य कुमार और शिल्पी नेहा तिर्की ने मंत्री पद की शपथ ली। मंत्रिपरिषद में छह नए चेहरों को जगह दी गई है।

नए चेहरों में झामुमो के चमरा लिंडा, सुदिव्य सोनू और योगेंद्र प्रसाद, कांग्रेस की शिल्पी नेहा तिर्की एवं राधा कृष्ण किशोर और राजद के संजय प्रसाद यादव को हेमंत कैबिनेट में जगह मिली है। मंत्रिपरिषद में झामुमो के छह, कांग्रेस के चार और राजद के एक विधायक को जगह मिली है। मधुपुर से विधायक हफीजुल हसन ने उर्दू और अन्य ने हिंदी में शपथ ली। सत्तारूढ़ गठबंधन में इस बार आठ महिलाएं चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंची हैं। इनमें से दो को कैबिनेट में जगह मिली है। दो महिलाओं को कांग्रेस कोटे से मंत्री बनाया गया है, जबकि झामुमो की ओर से एक भी महिला को मंत्री नहीं बनाया गया है। इससे पहले राजभवन का पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील रहा। शपथ ग्रहण समारोह होने तक राजभवन के सामने वाले पथ पर आम वाहनों का परिचालन बाधित रहा। खुद रांची के एसएसपी चंदन सिन्हा विधि व्यवस्था का मुआयना करते नजर आए।

**हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल में छह नए चेहरों को मिली जगह**

**हफीजुल हसन ने उर्दू और अन्य ने हिंदी में शपथ ली**

**कांग्रेस कोटे से दो महिलाओं को मंत्री बनाया गया है**

**झामुमो से एक भी महिला को मंत्री नहीं बनाया गया**

**भाकपा माले से कोई भी मंत्रिमंडल में नहीं हुआ शामिल**

| क्रम सं. | मंत्री का नाम | पार्टी का नाम | विस क्षेत्र | जिला |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राधाकृष्ण किशोर | कांग्रेस | छतरपुर | पलामू |
| 2. | दीपक बिरुवा | झामुमो | चाईबासा | प. सिंहभूम |
| 3. | चमरा लिंडा | झामुमो | बिशुनपुर | गुमला |
| 4. | संजय प्रसाद यादव | राजद | गोड्डा | गोड्डा |
| 5. | रामदास सोरेन | झामुमो | घाटशिला | पू. सिंहभूम |
| 6. | इरफान अंसारी | कांग्रेस | जामताड़ा | जामताड़ा |
| 7. | हफीजुल हसन | झामुमो | मधुपुर | देवघर |
| 8. | दीपिका पांडेय सिंह | कांग्रेस | महगामा | गोड्डा |
| 9. | योगेंद्र प्रसाद | झामुमो | गोमिया | बोकारो |
| 10. | सुदिव्य कुमार | झामुमो | गिरिडीह | गिरिडीह |
| 11. | शिल्पी नेहा तिर्की | कांग्रेस | मांडर | रांची |

**सुदिव्य कुमार सोनू, योगेंद्र प्रसाद, शिल्पी नेहा तिर्की, चमरा लिंडा और संजय प्रसाद यादव अपने राजनीतिक करियर में पहली बार मंत्री बने**

## आंदोलनकारियों को मिला बड़ा तोहफा



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य की बागडोर संभालने के साथ एक्शन मोड में आ चुके हैं। उन्होंने गुरुवार को नई सरकार के मंत्रिपरिषद के गठन के साथ झारखंड आंदोलनकारियों को एक बड़ा तोहफा दिया। मुख्यमंत्री ने झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग की ओर से चिन्हित 299 आंदोलनकारियों की 30 वीं संपुष्ट सूची को मंजूरी प्रदान कर दी है। इनमें 144 चिन्हित आंदोलनकारी, आश्रित को 35 सौ रुपए और एक आंदोलनकारी आश्रित को सात हजार रुपए मासिक पेंशन मिलेगा। वहीं, 154 आंदोलनकारियों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इन सभी को 20 अप्रैल 2021 की तिथि से सरकार के जरिये अनुमान्य सभी सुविधाएं दी जाएगी।

## हेमंत सोरेन ने 28 को ली थी शपथ

उल्लेखनीय है कि हेमंत सोरेन ने राज्य के 14 वें मुख्यमंत्री के रूप में मोरहाबादी मैदान में 28 नंवबर को पद एवं गोपनियता की शपथ ली थी। विधानसभा चुनाव में इंडी गठबंधन को 56 सीटे मिलीं। इनमें झामुमो की 34, कांग्रेस की 16, राजद की चार, भाकपा माले की दो सीटें शामिल हैं। भाजपा-नीत राजग को 24 सीटें मिलीं। राज्य की विधानसभा 81 सदस्यीय है।

## स्टीफन प्रोटेम स्पीकर नियुक्त हुए

सबसे पहले षष्ठम झारखंड विधानसभा के लिए प्रो. स्टीफन मरांडी को राज्यपाल संतोष गंगवार ने विधानसभा के अध्यक्ष के चयन तक सदन का प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया। इसका आदेश मुख्य सचिव अलका तिवारी ने पढ़ा। इसके बाद राज्यपाल ने प्रो स्टीफन मरांडी को शपथ दिलाई।

## सात पूर्व मंत्री इस कैबिनेट में नहीं

हेमंत सोरेन की पिछली सरकार के सात मंत्री इस बार कैबिनेट में नहीं दिखेंगे। पूर्व की सरकारों में सबसे बुजुर्ग मंत्री रहे रामेश्वर उरांव को इस बार जगह नहीं मिल पाई। चारपूर्व मंत्री बेबी देवी, मिथिलेश ठाकुर और वैद्यनाथ राम और बन्ना गुप्ता चुनाव हार गए। सत्यानंद भोक्ता इस बार चुनाव नहीं लड़ पाए, जबकि चंपई सोरेन पहले ही सत्तारूढ़ गठबंधन को अलविदा कहकर भाजपा में शामिल हो गए थे।

## हफीजुल ने अल्लाह के नाम ली शपथ

सबसे पहले राधाकृष्ण किशोर और सबसे अंत में शिल्पी नेहा तिर्की को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। हफीजुल हसन अंसारी को छोड़ सभी मंत्रियों ने ईश्वर के नाम पर शपथ ली। मधुपुर के विधायक हफीजुल अंसारी ने अल्लाह के नाम पर शपथ ली।

## कैबिनेट में 60 से अधिक उम्र के 2 मंत्री

हेमंत सोरेन कैबिनेट में 60 साल से अधिक उम्र के 2 लोगों को शामिल किया गया है। 50 साल से अधिक उम्र के 5 मंत्री हैं, इनकी उम्र 51 साल से 56 साल के बीच है। 3 मंत्री की उम्र 49 साल है, तो एक मंत्री की उम्र 31 साल। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद 47 साल के हैं।

**पांचों प्रमंडल को साधने की कोशिश**

हेमंत मंत्रिपरिषद में संथाल परगना से चार विधायकों को जगह दी गई है। इसमें मधुपुर से हफीजुल अंसारी, जामताड़ा से इरफान अंसारी, महगामा से दीपिका पांडेय सिंह और गोड्डा से संजय प्रसाद यादव हैं। पलामू प्रमंडल से कांग्रेस विधायक राधाकृष्ण किशोर, कोल्हान से रामदास सोरेन और दीपक बिरूआ, द.छोटानागपुर से दो और कोयलांचल से दो विधायकों को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है।

**किस-किस वर्ग से बने कितने मंत्री**

हेमंत कैबिनेट में आदिवासी वर्ग से चार( रामदास सोरेन, दीपक बिरुआ, चमरा लिंडा, शिल्पी नेहा तिर्की), ओबीसी वर्ग से तीन (संजय प्रसाद यादव, सुदिव्य सोनू, योगेंद्र प्रताप), मुस्लिम वर्ग से दो (हाफिजुल हसन अंसारी, डॉ. इरफान अंसारी), एससी वर्ग से एक (राधाकृष्णा किशोर) सामान्य वर्ग से : दीपिका पांडेय सिंह ब्राह्मण जाति से आती हैं, लेकिन उनके पति कुर्मी हैं।

## विधायक जी बने माननीय



**राधाकृष्ण किशोर**
(66 वर्ष-कांग्रेस)

छतरपुर से विधायक राधाकृष्ण किशोर का सफर कई पार्टियों से होकर गुजरा। उन्होंने कांग्रेस, जदयू, भाजपा और आजसू के साथ काम किया और अब कांग्रेस में रहते हुए मंत्री बने हैं। कांग्रेस के टिकट से वर्ष 1980, 1985 और 1995 में छतरपुर विधानसभा सीट से बिहार विधानसभा के लिए चुने गए थे।

घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन ने जमशेदपुर पूर्वी में चुनाव लड़कर शुरुआत की। 2009 में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप कुमार बलमुचू को हराकर पहली बार विधायक बने। उन्होंने 2019 और 2024 के चुनावों में भी भाजपा उम्मीदवारों को हराकर अपनी जगह मजबूत की।



**रामदास सोरेन**
(61 वर्ष- झामुमो)



**दीपक बिरुआ**
(56 वर्ष- झामुमो)

चाईबासा के झामुमो विधायक दीपक बिरुआ ने 2009 से लगातार चुनाव जीता। उन्होंने 2009, 2014, 2019 और 2024 में चाईबासा सीट पर लगातार चार बार जीत दर्ज की है। दीपक बिरुआ ने वर्ष 2024 में गुरुवार को तीसरी बार मंत्री पद की शपथ ली। पहली बार वह फरवरी में चंपई सोरेन के कैबिनेट में मंत्री बनाए गए थे।

गोमिया के विधायक योगेंद्र प्रसाद ने पंचायत अध्यक्ष के पद से शुरुआत की। कांग्रेस से अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत की और जनता दल तथा आजसू के बाद झामुमो में शामिल हुए। वह गोमिया सीट से पहली बार 2014 में विधायक चुने गए थे। वे दो बार इस क्षेत्र से विधायक चुने गए और अब मंत्री पद तक पहुंचे हैं।



**योगेंद्र प्रसाद**
(56 वर्ष- झामुमो)



**सुदिव्य कुमार सोनू**
(54 वर्ष-झामुमो)

गिरिडीह से झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने लगातार दो बार 2019 और 2024 के चुनावों में भाजपा उम्मीदवारों को हराकर मंत्री पद हासिल किया। विधानसभा में उनकी पहचान एक मुखर विधायक के तौर पर बनी है। वह भी पहली बार मंत्री बनाए गए हैं। वह 2009 और 2014 में भी इस सीट से चुनाव लड़ चुके थे।

2009 में राष्ट्रीय कल्याण पक्ष के टिकट पर विधायक बनने वाले चमरा लिंडा ने 2014 से लगातार चौथी बार झामुमो के टिकट पर जीत दर्ज की। बगावत के बावजूद पार्टी में उनका कद बढ़ा और चमरा लिंडा को पहली बार मंत्रिमंडल में बर्थ हासिल हुआ है। वह 2003 में झारखंड आदिवासी छात्र संघ के अध्यक्ष हुआ करते थे।



**चमरा लिंडा**
(54 वर्ष-झामुमो)



**संजय प्रसाद यादव**
(51 वर्ष- राजद)

राजद कोटे से गोड्डा विधायक संजय प्रसाद राजद प्रमुख यादव को लालू यादव और बहार में नेता प्रितपक्ष तेजस्वी यादव से करीबी का फायदा मिला। वे 2000 और 2009 में विधायक बने और इस बार मंत्री बने हैं। 2005, 2014 और 2019 के चुनाव में उन्हें इस सीट पर पराजय का सामना करना पड़ा था।

जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी को पिता फुरकान अंसारी से सियासत विरासत में मिली। वे तीन बार विधायक चुने जा चुके हैं और प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में भी काम कर चुके हैं। एमबीबीएस की डिग्री वाले इरफान अंसारी अपने बयानों को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। वह दूसरी बार मंत्री बने हैं।



**इरफान अंसारी**
(49 वर्ष-कांग्रेस)



**हफीजुल अंसारी**
(49 वर्ष- झामुमो

पिता हाजी हुसैन अंसारी के निधन के बाद हफीजुल ने राजनीति में कदम रखा। बीआईटी सिंदरी से बीटेक की डिग्री हासिल करने के बाद कुछ समय तक खनिज निगम में सर्वेयर की नौकरी भी की। हफीजुल हसन अंसारी ने वर्ष 2021 से 2024 के बीच इंडिया गठबंधन सरकार में चौथी बार मंत्री पद की शपथ ली है।

महागामा विधायक दीपिका को सियासत विरासत में मिली। उनकी मां कांग्रेस से जुड़ी रहीं और ससुर अवध बिहारी सिंह बिहार सरकार में मंत्री रह चुके हैं। पांच महीने के अंदर दूसरी बार मंत्री पद की शपथ ली है। दीपिका पांडेय को राहुल गांधी के करीबी नेताओं में गिना जाता है।



**दीपिका पांडेय सिंह**
(49 वर्ष-कांग्रेस)



**शिल्पी नेहा तिर्की**
(31 वर्ष-कांग्रेस)

बंधु तिर्की की पुत्री शिल्पी नेहा तिर्की लगातार दूसरी बार विधानसभा पहुंची हैं। विरासत में मिली राजनीति को आगे बढ़ाते हुए मंत्री पद तक का सफर तय किया। मुंबई के सेंट जेवियर्स कॉलेज से मार्केटिंग कम्युनिकेशन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा हासिल करने के बाद वह कॉरपोरेट कंपनी में नौकरी कर रही थीं।

# महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री बने फडणवीस



**मुंबई।** महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री के रूप में दिग्गज भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को तीसरी बार शपथ ली। मुंबई के ऐतिहासिक आजाद मैदान में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत भाजपा और एनडीए के कई दिग्गज नेता मौजूद रहे। देवेंद्र फडणवीस के साथ शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

शेष पेज 11 पर

## मंत्रिमंडल गठन के बाद कैबिनेट आज

**रांची।** झारखंड में गुरुवार को कैबिनेट के विस्तार के बाद शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक रखी गई है। बैठक में कई जनकल्याणकारी योजनाओं पर फैसले लिए जा सकते हैं। बैठक दोपहर तीन बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग (समन्वय) की ओर से गुरुवार को यह जानकारी दी गयी है।

# 50 हजार रिश्वत लेते बड़ा बाबू को एसीबी ने किया गिरफ्तार



**लोहरदगा।** समेकित ग्रामीण विकास अभिकरण में पदस्थापित प्रधान सहायक राजेंद्र उरांव को एसीबी की टीम ने 50 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार किस्को थाना क्षेत्र के चरहु गांव निवासी इमरान खान ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को लिखित आवेदन देकर सूचित किया था कि कल्याण विभाग के जरिये उन्हें अल्पसंख्यक मुस्लिम कब्रिस्तान घेराबंदी निर्माण के लिए 24 लाख 98 हजार रुपए का काम दिया गया है।

शेष पेज 11 पर


**इंडिया**

# संविधान खतरे में है या नहीं समझने के लिए इसे जानना जरूरी है



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

भारतीय संविधान निर्माण के 75 साल पूरे होने पर एक वक्तव्य बार-बार स्मरण हो आता है जब कुछ लोग राजनीतिक बयानबाजी की तरह बार-बार बोलते हैं कि संविधान खतरे में है आज दिल्ली के एक कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद, वरिष्ठ वकील और कांग्रेसी नेता अभिषेक मनु सिंघवी, पूर्व राज्यसभा सांसद और पूर्व राजदूत डॉ पवन वर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता प्रकाश जावड़ेकर ने इस सवाल पर केंद्रित चर्चा में भाग लिया कि क्या विपक्षी दलों के कथनानुसार संविधान खतरे में है? राज्यसभा सांसद, वरिष्ठ वकील और कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने विपक्ष की और से संविधान के खतरे में होने की बात कहे जाने से जुड़े सवाल पर कहा कि जब हम कहते हैं कि हनन हो रहा है तो सरल बात है कि मूल्यों का हनन हो रहा है। संविधान के मूल तत्वों की कमी हो रही है। संविधान के मूल्यों वाले कई स्तंभ हैं, धर्म निरपेक्षता, पंथ निरपेक्षता, सौहार्द, संघीय ढांचा,संसदीय गणतंत्र, सीएजी, यदि आप इन स्तभों को कमजोर करते हैं, तो अधिकारों का हनन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ चिंताजनक घटनाक्रम हैं। देश में दुराव, अविश्वास, विभाजन की राजनीति, संस्थाओं को कमजोर करना और ब्यूरोक्रेसी में वफादारी की कसौटी सबसे ऊपर है। चुनाव आयोग की जो विश्वसनीयता पहले थी वह अब नहीं है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता प्रकाश जावड़ेकर ने कहा , ''संविधान 75 साल में सिर्फ एक ही बार तोड़ा गया था, इमरजेंसी के समय। तब हम 14 महीने जेल में रहे थे, सत्याग्रह करके गए थे। देश में एक लाख 30 हजार लोग बंदी बनाए गए थे। यह देश को पता भी नहीं चला, सेंसरशिप थी। इमरजेंसी क्यों लगाई गई थी, क्योंकि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इंदिरा जी को पद से हटाया था। उसको ठीक करने के लिए वे 39 अमेंडमेंट लाई थीं। इसमें कोर्ट के सारे अधिकार समाप्त कर दिए थे तो वह सुनवाई नहीं कर सकता था। '' उन्होंने कहा कि ''42वां संविधान संशोधन तो लोकतंत्र की भयंकर हत्या थी। तब के एटॉर्नी जनरल नीरेन डे ने कोर्ट से कहा था कि कितने भी समय तक सरकार को बंदी बनाकर रखने का अधिकार है, बिना जांच के, बिना सबूत के और बिना सुनवाई के ? कोर्ट ने कहा था कि क्या उन्हें जीने का अधिकार है तो नीरेन डे ने कहा था कि सरकार यदि चाहे तो किसी की जान भी ले सकती है। उस समय सारी अभिव्यक्ति की, संगठन की स्वतंत्रता समाप्त का दी गई थी, कार्यक्रम करने की, आंदोलन करने की आजादी नहीं थी। जो संविधान संशोधन किया जाएगा उसको कोई चैलेंज भी नहीं कर सकता था। '' पूर्व राज्यसभा सांसद और पूर्व राजदूत डॉ पवन वर्मा ने कहा, ''संविधान महज एक कागज का टुकड़ा है यदि उसकी आत्मा को जीवित न रखा जाए। इमरजेंसी में संविधान के कुछ मूल सिद्धांतों का हनन हुआ था। वह 1977 की बात है. पर ऐसा नहीं है कि सरकारें आज की हों या पहले की हों, संविधान की आड़ में संविधान की आत्मा पर प्रहार होता चला आया है। संविधान की आत्मा तब तक स्वस्थ रहती है जब तक उसके मूल स्तंभ कमजोर नहीं होते। न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधायिका और चौथा मीडिया। ब्यूरोक्रेसी स्वतंत्र राय देने के काबिल नहीं बची है। इससे संविधान को खतरा है।'' इस चर्चा से इतर बात करें तो संविधान भले लिखित रूप में 75 साल पहले आया पर भारत में प्राचीन काल से धर्म को ही संविधान की मान्यता मिली हुई थी और सम्मान भी । भारत की इस परंपरा का आज भी धर्मभीरु जनता पालन करती है कि ऐसा करना शास्त्र सम्मत नहीं और जैसा पहले राजाओं के सलाहकार चेतावनी के रूप में कहते थे कि राजन आप धर्म मार्ग से विमुख हो गए हैं उसी प्रकार आज भी धार्मिक आस्थावान परिवारों में बात बात पर राम चरित मानस की चौपाई,कहावतें या कबीर दास से लेकर रहीम तक के दोहे सुनाकर चरित्र निर्माण की बातें सिखाई जाती हैं और विशेष रूप से बच्चों या युवा पीढ़ी को प्रेरित किया जाता है पर आधुनिक पश्चिमी शिक्षा के अंधानुकरण ने भारतीय मूल्यों का न सिर्फ मज़ाक उड़ाया बल्कि कहावतें,मुहावरे तक आज अंग्रेजी साहित्य के सुनाए जाते हैं क्योंकि भारतीय साहित्य या हिंदी पढ़ने वालों को हेय दृष्टि से देखा जाने लगा है । यही हाल हमारे संविधान का है यदि ईमानदारी से सर्वे किया जाए अधिकांश जनप्रतिनिधि पंचायत से लेकर संसद तक संविधान के बारे में पूरी जानकारी नहीं रखते । पहले सरकारी स्कूलों में नीति शास्त्र और भारतीय संविधान के मूल तत्व सभी को पढ़ाए जाते थे जिस कारण बच्चे इनकी बुनियादी बातों को जानते थे । आज नौकरी दिलाने वाली पढ़ाई के दौर में सिर्फ सफल होना आवश्यक है जो उचित नहीं । हमें मध्यममार्गी बनना चाहिए यदि संविधान का हनन हो रहा है तो कोर्ट उसके संरक्षक है और हमें स्वयं संवैधानिक संस्थाओं का राजनीति से परे सम्मान करना चाहिए ।



### हेमंत सरकार के नए मंत्रिमंडल में सबसे ज्यादा उम्र के हैं राधाकृष्ण किशोर

# सबसे युवा चेहरा हैं शिल्पी नेहा तिर्की

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**

**रांची।** झारखंड में हेमंत सरकार के नए मंत्रिमंडल में अनुभव और नवीनता का समावेश है। 11 मंत्रियों में से पांच सुदिव्य कुमार सोनू, योगेंद्र प्रसाद, शिल्पी नेहा तिर्की, चमरा लिंडा और संजय प्रसाद यादव अपने राजनीतिक करियर में पहली बार मंत्री बने हैं। कांग्रेस कोटे के मंत्री राधाकृष्ण किशोर (66 वर्ष) उम्र के लिहाज से मंत्रिमंडल में सबसे वरिष्ठ हैं। वहीं, कांग्रेस की ही शिल्पी नेहा तिर्की मंत्रिमंडल में सबसे युवा चेहरा हैं। राधाकृष्ण किशोर विधायी अनुभवों के आधार पर भी वह अन्य सभी मंत्रियों से आगे हैं। किशोर पूर्व में झारखंड की अर्जुन मुंडा सरकार में एक बार मंत्री रह चुके हैं। कांग्रेस के टिकट से वर्ष 1980, 1985 और 1995 में छतरपुर विस सीट से बिहार विधानसभा के लिए चुने गए थे। वह झारखंड अलग राज्य बनने के बाद वर्ष 2005 में जदयू के टिकट से चुनाव लड़े और विधायक बने। इसके बाद उन्होंने जदयू छोड़ बीजेपी का दामन थामा और वर्ष 2014 के चुनाव में एक बार फिर जीत दर्ज की। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में किशोर ने आजसू के टिकट पर भाग्य आजमाया, लेकिन चुनाव हार गए। इस बार उन्होंने इसी क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की है।



### मार्केटिंग कम्युनिकेशन में पोस्ट ग्रेजुएट किया है नेहा तिर्की ने

रांची की मांडर विस सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर जीत दर्ज करने वाली शिल्पी नेहा तिर्की नए मंत्रिमंडल में सबसे युवा चेहरा हैं। उन्होंने मांडर सीट से दूसरी बार जीत दर्ज की है। इस सीट से उनके पिता बंधु तिर्की विधायक हुआ करते थे। वे सीट पर वर्ष 2022 में हुए उपचुनाव में वह विधायक चुनी गई थीं। मुंबई के सेंट जेवियर्स कॉलेज से मार्केटिंग कम्युनिकेशन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा हासिल करने के बाद वह कॉरपोरेट कंपनी में नौकरी कर रही थीं। पिता की विधायकी जाने के बाद उन्होंने राजनीति में कदम रखा।

चाईबासा के झामुमो विधायक दीपक बिरुआ ने वर्ष 2024 में गुरुवार को तीसरी बार मंत्री पद की शपथ ली। पहली बार वह फरवरी में चंपाई सोरेन के कैबिनेट में मंत्री बनाए गए थे। दूसरी बार उन्होंने जुलाई में हेमंत सोरेन (3.0) की सरकार में मंत्री की शपथ ली थी। दीपक बिरुआ ने 2009, 2014, 2019 और 2024 में चाईबासा सीट पर लगातार चार बार जीत दर्ज की है।

बिशुनपुर विधानसभा सीट से लगातार चौथी बार विधायक चुने गए झामुमो के चमरा लिंडा को भी पहली बार मंत्रिमंडल में बर्थ हासिल हुआ है। लिंडा ने आदिवासी छात्र नेता के तौर पर राजनीति में कदम रखा था। वह वर्ष 2003 में झारखंड आदिवासी छात्र संघ के अध्यक्ष थे और डोमिसाइल आंदोलन के दौरान उनकी पहचान फायरब्रांड नेता के तौर पर बनी थी। वर्ष 2009 में वह बिशुनपुर से पहली बार विधायक चुने गए और इसके बाद से इस सीट पर उनका कब्जा बरकरार है। इसी वर्ष हुए लोकसभा चुनाव में वह झामुमो से बगावत कर लोहरदगा सीट से निर्दलीय मैदान में उतर आए थे। तब, झामुमो ने उन्हें निलंबित कर दिया था। विधानसभा चुनाव के ठीक पहले उनका निलंबन समाप्त हुआ और इसके बाद अब उन्हें मंत्री पद से नवाजा गया है।

गिरिडीह से दूसरी बार झामुमो के विधायक चुने गए सुदिव्य कुमार सोनू पहली बार मंत्री बने हैं। उन्होंने 2019 और 2024 के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी निर्भय शाहाबादी को परास्त किया। इसके पहले वह वर्ष 2009 और 2014 में भी इस सीट से चुनाव लड़ चुके थे, लेकिन पराजित हो गए थे। विधायक के रूप में पिछले कार्यकाल में विधानसभा की कार्यवाही में झामुमो की ओर से सबसे मुखर चेहरे के तौर पर उनकी पहचान बनी थी। वह हेमंत सोरेन के साथ-साथ कल्पना सोरेन के विश्वासपात्र माने जाते हैं।

घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन दूसरी बार मंत्री बनाए गए हैं। उन्होंने वर्ष 2005 में पहली बार निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में विधानसभा का चुनाव लड़ा था, लेकिन पराजित हो गए थे। वे वर्ष 2009 में पहली बार झामुमो के टिकट पर विधायक चुने गए। वर्ष 2014 के चुनाव में उन्हें एक बार फिर पराजय का सामना करना पड़ा। इसके बाद वर्ष 2019 और वर्ष 2024 के चुनाव में उन्होंने लगातार दो बार जीत दर्ज की। वह इसी साल जुलाई में हेमंत सोरेन के कैबिनेट में पहली बार मंत्री बनाए गए थे।

राजद कोटे से एकमात्र मंत्री के रूप में शामिल हुए संजय प्रसाद यादव ने इस बार गोड्डा विधानसभा सीट से जीत दर्ज की है। इसके पहले वह वर्ष 2009 में भी इस सीट से विधायक रह चुके हैं। वर्ष 2005, वर्ष 2014 और वर्ष 2019 के चुनाव में उन्हें इस सीट पर पराजय का सामना करना पड़ा था। संजय यादव झारखंड प्रदेश राजद के महासचिव भी हैं और वह राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव एवं पार्टी के नेता तेजस्वी यादव के करीबी माने जाते हैं।

इरफान अंसारी दूसरी बार मंत्री बनाए गए हैं। उन्होंने जामताड़ा विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में लगातार तीन बार वर्ष 2014, 2019 और 2024 में जीत दर्ज की है। इरफान अंसारी गोड्डा के पूर्व सांसद फुरकान अंसारी के पुत्र हैं। उन्हें राजनीति विरासत में हासिल हुई है। एमबीबीएस की डिग्री वाले इरफान अंसारी अपने बयानों को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहते हैं।

मधुपुर के झामुमो विधायक हफीजुल हसन अंसारी ने वर्ष 2021 से वर्ष 2024 के बीच चौथी बार मंत्री पद की शपथ ली है। हफीजुल हसन को भी राजनीति विरासत में हासिल हुई है। उनके पिता हाजी हुसैन अंसारी मधुपुर सीट से विधायक और हेमंत सोरेन की सरकार में मंत्री थे। उनके निधन के बाद वर्ष 2021 में हुए उपचुनाव में वह पहली बार विधानसभा पहुंचे। हालांकि, विधायक चुने जाने के पहले ही हेमंत सोरेन ने उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल कर लिया था।

महागामा की कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने पांच महीने के अंदर दूसरी बार मंत्री पद की शपथ ली है। दीपिका भी राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले परिवार से आती हैं। उनके पिता अरुण पांडेय और मां प्रतिभा पांडेय रांची में कांग्रेस के प्रमुख नेताओं में शामिल थे। वह महागामा सीट से विधायक और बिहार की सरकार में मंत्री रहे अवध बिहारी सिंह की पुत्रवधू हैं। दीपिका पांडेय को राहुल गांधी के करीबी नेताओं में गिना जाता है। गोमिया के झामुमो विधायक योगेंद्र प्रसाद पहली बार मंत्री बनाए गए हैं। वह गोमिया सीट से पहली बार 2014 में विधायक चुने गए थे। उन्होंने अपनी राजनीति की शुरूआत कांग्रेस पार्टी के साथ की थी, लेकिन बाद में वह झामुमो में शामिल हो गए। रामगढ़ जिले के मुरुबंदा गांव के रहने वाले योगेंद्र प्रसाद इसके पहले राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष रह चुके हैं।



रामदास सोरेन
(घाटशिला)



दीपक बिरुआ
(चाईबासा)



हाफिजुल हसन
(मधुपुर)



चमरा लिंडा
(बिशुनपुर)



सुदिव्य सोनू
(गिरिडीह)



योगेंद्र प्रताप
(गोमिया)



डॉ. इरफान अंसारी
(जामताड़ा)



दीपका पांडेय सिंह
(महगामा)



शिल्पी नेहा तिर्की
(मांडर)



राधाकृष्णा किशोर
(छतरपुर)



संजय प्रसाद यादव
(गोड्डा)



### चेहरे पर दिखी रामेश्वर उरांव की उदासी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामेश्वर उरांव को इस बार मंत्रिमंडल में स्थान नहीं मिला है। पूर्व मंत्रिमंडल में बेहतर प्रदर्शन के बावजूद उन्हें इस बार मंत्री नहीं बनाए जाने का दर्द उनके चेहरे पर साफ झलक रहा था।

### शपथ ग्रहण समारोह के बाद कांग्रेस विधायक दल की हुई बैठक

## वादों को पूरा करने का वक्त आ गया : गुलाम अहमद मीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हेमंत सरकार के मंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह के बाद गुरुवार को कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई। इसमें कई विषयों पर चर्चा की गई। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि जो वादे किए गए हैं, उन्हें पूरा करने का वक्त आ गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही विधायक दल का नेता चुन लिया जाएगा।

उन्होंने मंत्रिमंडल के गठन पर कहा कि यह मंत्रिमंडल बेहतरीन बना है। उन्होंने सभी को साथ लेकर चलने का भी निर्देश दिया।





कांग्रेस कोटे से राधाकृष्ण किशोर, डॉ इरफान अंसारी, दीपिका पांडेय सिंह और शिल्पी नेहा तिर्की मंत्री बनाए गए हैं।

बैठक में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और मंईयां सम्मान योजना सहित सभी योजनाओं पर हमें मिलकर काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हमारी पहली प्राथमिकता में जनता है।

## झारखंड को देश का नंबर-1 राज्य बनाएगा नया मंत्रिमंडल : महुआ

### सुबोधकांत ने कहा, नई टीम नए उमंग के साथ पूरा करेगी सभी वादे

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**

**रांची।** हेमंत सोरेन सरकार का गुरुवार को कैबिनेट विस्तार हुआ। इसमें 11 मंत्रियों ने शपथ ली। कैबिनेट विस्तार के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की राज्यसभा सदस्य महुआ माजी ने इसे राज्य की प्रगति के लिए सकारात्मक कदम बताया। उन्होंने कहा, हम नए मंत्रिमंडल को ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं देते हैं। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में नया मंत्रिमंडल इतना काम करेगा कि झारखंड को देश का नंबर एक राज्य बनाने का जो संकल्प हेमंत सोरेन ने लिया है, वह पूरी तरह से साकार होगा। वहीं, कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा, यह कैबिनेट





विस्तार इस बात का प्रतीक है कि कहीं कोई संशय नहीं है। एक साथ पूरे कैबिनेट का गठन हो गया है। उन्होंने कहा, जो हमारी सात गारंटी थी गठबंधन की, वे प्राथमिकता के आधार पर पूरी की जाएंगी। जो अन्य वादे किए गए हैं, उन्हें नई टीम नए उमंग के साथ पूरा करेगी। जो कांबिनेशन बनाने की कोशिश की गई थी, उसमें कुछ लोग छूट गए हो सकते हैं, लेकिन उनका विश्वास है कि सभी का साथ और समावेश इस मंत्रिमंडल में होगा।

**नए मंत्रियों ने कहा**

## युवाओं की आबादी को युवा प्रतिनिधि मिले : नेहा तिर्की

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मंत्रिमंडल में शामिल कांग्रेस की शिल्पी नेहा तिर्की, जो मांडर विधानसभा क्षेत्र से दूसरी बार विधायक बनी हैं, ने शपथ ग्रहण के बाद कहा कि युवाओं की आबादी को युवा प्रतिनिधि मिला है। उन्होंने कहा, राज्य की जनता और विशेष रूप से मांडर की जनता को धन्यवाद। झारखंड की जनता प्राथमिकता रहेगी और जो भी विभाग मिलेगा, उस पर विशेष ध्यान रहेगा।





### भाजपा ने मेरी छवि खराब करने की कोशिश की : इरफान अंसारी

जामताड़ा से कांग्रेस विधायक डॉ इरफान अंसारी ने गुरुवार को मंत्री पद की शपथ ली। उन्होंने कहा, राहुल गांधी, हेमंत सोरेन और भाभी कल्पना सोरेन को धन्यवाद, जो मेरे मुश्किल वक्त में चट्टान की तरह खड़े रहे। उन्होंने कहा, भाजपा ने मेरी छवि खराब करने की बहुत कोशिश की, लेकिन जनता ने अपना प्यार मुझे दिया।

**विधायकों ने कहा**



### युवाओं को मिला मंत्रिमंडल में जगह : रामेश्वर उरांव

राज्य के पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव इस बार हेमंत मंत्रिमंडल में शामिल नहीं हो पाए। लेकिन, उन्होंने कहा कि युवाओं को मंत्रिमंडल में जगह मिली है।

### मैं विधायक बन कर ही खुश हूं : अमित महतो

शपथ ग्रहण के बाद नवनिर्वाचित विधायक



अमित महतो ने कहा, मैं विधायक बन कर ही खुश हूं। मंत्रिमंडल में मेरा नाम होना सोशल मीडिया की उपज थी। मैं विधायक ही रह कर मंत्री पद से बेहतर काम कर सकता हूं।

### जो निर्णय लिया गया वह बेहतर है : ममता

रामगढ़ विस क्षेत्र से नवनिर्वाचित



विधायक ममता देवी ने कहा कि मंत्रिमंडल में शामिल करने के लिए मेरे नाम की चर्चा हुई, ये अच्छी बात है। शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद करते हुए उन्होंने कहा कि जो निर्णय लिया गया है, बेहतर है।

## सीएम ने कैबिनेट गठन में साधे सामाजिक-धार्मिक समीकरण

**रांची (आईएएनएस)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने नए कैबिनेट के गठन में जातीय, सामाजिक, धार्मिक और क्षेत्रीय समीकरणों को साधने की कोशिश की है। हालांकि, अनारक्षित सामान्य वर्ग को सबसे कम तवज्जो मिलने पर कई लोग सवाल उठा रहे हैं। विधानसभा चुनाव में राज्य के पांच प्रमंडलों में संथाल परगना में सत्तारूढ़ गठबंधन का परिणाम सबसे बेहतरीन रहा। इस प्रमंडल की 18 में से 17 सीटों पर इस गठबंधन को जीत मिली। कैबिनेट में सबसे अधिक चार मंत्री इसी प्रमंडल से बनाए गए हैं। इनमें महागामा की विधायक दीपिका पांडेय सिंह, गोड्डा के विधायक संजय प्रसाद यादव, मधुपुर के विधायक हफीजुल हसन और जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी शामिल हैं। इस प्रमंडल से अनुसूचित जनजाति के किसी विधायक को मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली है। हालांकि, खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसी प्रमंडल की बरहेट सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्हें जोड़कर देखें तो 12 में से कुल पांच मंत्री इसी प्रमंडल से हैं।

कोल्हान प्रमंडल से दो मंत्री बनाए गए हैं। इनमें चाईबासा के विधायक दीपक बिरुआ और घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन शामिल हैं। दोनों पहले भी हेमंत सोरेन के कैबिनेट का हिस्सा थे। उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल से भी दो विधायकों गिरिडीह के सुदिव्य कुमार सोनू और गोमिया के योगेंद्र प्रसाद को मंत्रिमंडल में जगह



मिली है। इस प्रमंडल में सबसे अधिक 25 विधानसभा सीटें हैं। सामान्य सीटों की सबसे अधिक संख्या इसी प्रमंडल में है, जहां ओबीसी जातियां सियासी तौर पर खासा दखल रखती हैं। इसका ध्यान रखते हुए इस प्रमंडल से जिन दोनों विधायकों को मंत्री बनाया गया है, वे ओबीसी समाज से आते हैं। सुदिव्य सोनू जहां वैश्य समाज से ताल्लुक रखते हैं, वहीं योगेंद्र प्रसाद कुड़मी (कुर्मी) जाति से आते हैं।

दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल से भी दो विधायकों चमरा लिंडा और शिल्पी नेहा तिर्की को मंत्री बनाया गया है। चमरा लिंडा सरना आदिवासी हैं, जबकि शिल्पी नेहा तिर्की ईसाई आदिवासी हैं। इस प्रमंडल में दोनों तरह के आदिवासियों की मिली-जुली आबादी है। दोनों समुदाय से एक-एक विधायक को मंत्री बनाकर संतुलन साधने का प्रयास किया गया है।

पलामू प्रमंडल की नौ सीटों में सत्तारूढ़ गठबंधन ने इस बार पांच सीटों पर जीत दर्ज की है। यहां से मात्र एक विधायक राधाकृष्ण किशोर को मंत्रिमंडल में जगह दी गई है। वह मंत्रिमंडल में अनुसूचित जाति के भी एकमात्र प्रतिनिधि हैं। चुनाव में 28 में से 27 आदिवासी आरक्षित सीटों पर सत्तारूढ़ गठबंधन को जीत मिली और इस आधार पर देखें तो सबसे अधिक अनुसूचित जनजाति (आदिवासी) का प्रतिनिधित्व है। सीएम को मिलाकर इन जनजाति के मंत्रियों की कुल संख्या पांच है। ओबीसी समुदाय से कुल तीन मंत्री हैं- संजय प्रसाद यादव, योगेंद्र प्रसाद और सुदिव्य सोनू। दीपिका पांडेय सिंह को मंत्रिमंडल में ओबीसी और सामान्य दोनों वर्गों का प्रतिनिधि माना जा रहा है। दीपिका खुद ब्राह्मण समाज से आती हैं, लेकिन उनके पति कुड़मी समाज से हैं। दो मंत्री इरफान अंसारी और हफीजुल हसन अल्पसंख्यक समुदाय से आते हैं। दोनों संथाल परगना प्रमंडल से हैं, जहां आदिवासियों के बाद सर्वाधिक आबादी मुस्लिमों की है।

## बीएयू में विश्व मृदा दिवस का हुआ आयोजन

# मिट्टी स्वस्थ रहेगी, तो ही पोषक आहार मिल पाएगा : डॉ दुबे

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** दुनिया के जीवों को 95 प्रतिशत से अधिक खाद्य पदार्थ मिट्टी से प्राप्त होता है। इसलिए मिट्टी के स्वास्थ्य संरक्षण एवं संवर्धन के लिए वैज्ञानिकों, नीति नियामकों, शोधार्थियों, नौकरशाहों, विद्यार्थियों, किसानों और आम समाज सबको मिलकर काम करना होगा। मिट्टी में लाभदायक सूक्ष्मजीवों की आबादी बढ़ाने पर काम होना चाहिए। जब मिट्टी स्वस्थ रहेगी, तभी मानव, पशु, पक्षी, कीड़े आदि सभी को भी पोषक आहार मिल पाएगा। ये विचार बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के कुलपति डॉ एससी दुबे ने गुरुवार को इंडियन सोसाइटी



ऑफ स्वॉयल साइंस के रांची चैप्टर द्वारा बीएयू में आयोजित विश्व मृदा दिवस को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

डॉ एससी दुबे ने कहा कि पोषक तत्व और पानी जमीन से मिलते हैं और वातावरण को शुद्ध करने में भी मिट्टी का योगदान है। ऊपरी

**बोले कुलपति**

- मिट्टी में लाभदायक सूक्ष्म जीवों की आबादी बढ़ाने पर हो काम
- अगर मिट्टी बर्बाद हो गई, तो मानव को सदियों पछताना पड़ेगा

सतह की दो-तीन इंच मिट्टी बनने में 1000 साल से अधिक लगते हैं। इसलिए मानव हरकतों से यदि यह मिट्टी बर्बाद हो गई तो सदियों पछताना पड़ेगा, आनेवाली पीढ़ियों के लिए हम अपराधी साबित होंगे। कुलपति ने कहा कि फसल उत्पादन में जैविक और जीवाणु खाद का प्रयोग बढ़ाना होगा ताकि मिट्टी में सूक्ष्मजीवों की आबादी बढ़े, क्योंकि वही उत्पादकता बढ़ाते हैं तथा प्लास्टिक सहित किसी भी सामग्री को डीकंपोज करते हैं। आंखों से नहीं दिखने वाले मिट्टी में अगणित संख्या में रहने वाले लाभकारी सूक्ष्मजीवों को बचाने, बढ़ाने पर पूरी दुनिया अपना शोध केंद्रित कर रही है। मिट्टी का सूरतेहाल जानने के लिए सरकार द्वारा मिट्टी जांच अनिवार्य किया गया है और वर्ष 2014 के बाद इसमें काफी तेजी आई है। लेकिन, मिट्टी जांच रिपोर्ट में पोषक तत्वों के स्तर और कमी संबंधी सूचना रहने के साथ-साथ उसमें यह भी जानकारी रहनी चाहिए कि वह मिट्टी किन फसलों के लिए उपयुक्त है तथा उसमें सूक्ष्मजीवों की आबादी कैसी है।

मृदा विज्ञान सोसाइटी के अध्यक्ष तथा बीएयू के कृषि संकाय के डीन डॉ डीके शाही ने कहा कि कटाव, वर्षा, बाढ़ तथा रासायनिक उर्वरकों के अविवेकपूर्ण प्रयोग से ऊपरी मिट्टी बर्बाद हो रही है, जिसे बचाने के लिए सबको सजग होना होगा। उन्होंने कहा कि हमें रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग न्यूनतम करते हुए जैविक और जीवाणु खाद, कम्पोस्ट, वर्मी कम्पोस्ट आदि का प्रयोग यथासंभव बढ़ाने का प्रयास करना होगा, ताकि धरती माता का स्वास्थ्य अच्छा रह सके। झारखंड की मिट्टी का स्वास्थ्य बहुत से मैदानी राज्यों की तुलना में बेहतर है। अनुसंधान निदेशक डॉ पीके सिंह ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के बढ़ते प्रयोग के कारण पर्यावरण और जल स्रोत प्रदूषित हो रहे हैं जिससे गौरैया, कौआ, गिद्ध आदि पक्षियों की जनसंख्या काफी घट रही है। सोसाइटी के सचिव डॉ बीके अग्रवाल ने सोसाइटी के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और कहा कि मिट्टी इतनी महत्वपूर्ण है कि इसके संरक्षण, संवर्धन पर आईआईटी और एनआईटी में भी काफी अनुसंधान हो रहे हैं। सोसाइटी के कोषाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। आयोजन में संत जोसेफ उच्च विद्यालय, कांके विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भी भाग लिया।

## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि का 'करो तपस्या मिटे समस्या, हो समाधान' कार्यक्रम आज

- ब्रह्माकुमार सूरज भाई के साथ ब्रह्माकुमार रूपेश एवं ब्रह्माकुमारी गीता बहन का भी रांची आगमन हो रहा है

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र चौधरी बगान, हरमू रोड रांची के तत्वावधान में शुक्रवार (06 दिसंबर) को आध्यात्मिक कार्यक्रम 'करो तपस्या, मिटे समस्या, हो समाधान' का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन पुनदाग थाने से लगी हुई गली में श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर के प्रांगण में प्रातः 08:30 बजे से होगा। कार्यक्रम में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू के वरिष्ठ राजयोगी ब्रह्माकुमार सूरज भाई भाग लेंगे। वे अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर एवं पीस ऑफ माइंड चैनल के समस्या समाधान कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हैं। ब्रह्माकुमार सूरज भाई के साथ ब्रह्माकुमार रूपेश एवं ब्रह्माकुमारी गीता बहन का भी रांची आगमन हो रहा है।




## बांग्लादेश में साधु-संतों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में निकाली गई जनाक्रोश रैली

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** बांग्लादेश में रहने वाले हिंदू भाई-बहनों एवं साधु-संतों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में हिंदू समाज ने गुरुवार को मोरहाबादी में धरना-प्रदर्शन किया। इसके बाद जनाक्रोश रैली निकाली गई और उपायुक्त कार्यालय में जाकर ज्ञापन सौंपा गया। धरना-प्रदर्शन एवं रैली में विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू, विहिप सेवा विभाग व राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ, अशोक पुरोहित, वासुदेव भल्ला, मनोज बजाज, मुकेश काबरा सहित हजारों सनातनी लोग शामिल हुए।

## एक जवान दो जिलों में करता था ड्यूटी, दोनों जगहों से लेता था मानदेय

# होमगार्ड में एक बार फिर पकड़ाया बड़ा फर्जीवाड़ा

- होमगार्ड नियमावली में है प्रावधान, जिस जिले का निवासी, उसी जिले में हो सकता है नामांकित

मनोज मिश्रा

**रांची।** होमगार्ड बहाली में फर्जीवाड़ा लगातार सुर्खियों में है। आए दिन किसी न किसी की गिरफ्तारी का मामला आ रहा है। ऐसा ही एक मामला रामपुर लखीसराय बिहार के रहने वाले कृष्ण मोहन कुमार का है। वह वर्ष 2009 में धनबाद होमगार्ड में नामांकित हुआ और रांची होमगार्ड में भी नामांकित हो गया।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जब यह होमगार्ड में बहाल हुआ था, तो 15 दिन रांची में और 15 दिन धनबाद में ड्यूटी करता था और पूरे महीने का मानदेय दोनों जिला से प्राप्त करता था।


कौशिक कुमार, समादेष्टा, रांची।

कृष्ण मोहन का धनबाद जिले में होमगार्ड सैन्य संख्या 2330 है और रांची जिले में होमगार्ड सैन्य संख्या 3518 है। होमगार्ड नियमावली में प्रावधान है कि जो जिस जिले का निवासी है, वह उसी जिले में शहरी होमगार्ड में नामांकित हो सकता है। सबसे हैरानी की बात यह है कि वह ना तो धनबाद जिले का रहने वाला है और ना ही रांची जिले का। इसके बावजूद वह धनबाद और रांची जिला से फर्जी आवासीय प्रमाण पत्र बनवाकर होमगार्ड में बहाल हो गया। इसका खुलासा उस वक्त हुआ, जब इस व्यक्ति के गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री सचिवालय में की गई।

इस संबंध में रांची जिला समादेष्टा कौशिक कुमार से राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने बात की। उन्होंने बताया कि बिहार निवासी कृष्ण मोहन कुमार का धनबाद और रांची दोनों जिलों में कार्यरत होने का रिकॉर्ड प्राप्त हुआ है। वह रांची से मानदेय प्राप्त कर रहा था। विभागीय जांच चल रही है कि धनबाद से मानदेय प्राप्त कर रहा था या नहीं। इसके लिए धनबाद से भी कोऑर्डिनेशन किया गया है। साथ ही, उसके साथ और कितने लोग फर्जी तरीके से काम कर रहे हैं, इसकी भी गहन पूछताछ हो रही है।

**दोषी पर हो सख्त से सख्त कार्रवाई**

झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव तिवारी ने बताया कि यह एक बहुत बड़ा फर्जीवाड़ा है। ऐसे फर्जीवाड़े की आवाज काफी लंबे समय से झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जी और स्वयं उठाता रहा हूं, लेकिन होमगार्ड विभाग द्वारा दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती है। दोषियों पर कारवाई करने के बजाय, जो भी विभाग में व्याप्त फर्जीवाड़े और गड़बड़ी के विरुद्ध आवाज उठाता है, उसी के खिलाफ होमगार्ड मुख्यालय द्वारा कार्रवाई की जाती है।

## आजसू छात्र संघ ने डीएसपीएमयू के कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के कुलपति से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि बीपीएड कोर्स सत्र 2025-26 से शुरू की जाए। पिछले वर्ष की ऑडिट रिपोर्ट सार्वजानिक की जाए। विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले सभी छात्रों का सामूहिक बीमा कराया जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि हर वर्ष छात्र संघ चुनाव करवाने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति बनाई जाए। साथ ही, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में झारखंड होम गार्ड की सेवा पूर्ण रूप से बहाल की जाए। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि कुलपति ने सभी विषयों को गंभीरता पूर्वक लिया और जल्द ही सभी मांगों को पूरा करने की बात कही। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, अजित कुमार, आशुतोष सिन्हा, आनंद यादव, राजेश सिंह, बबलू मंडल, निशांत, शिवम, दीपक, तारिक एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## नियम उल्लंघन करने वाले अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर होगी कारवाई : उपायुक्त




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला सलाहकार समिति की बैठक हुई। बैठक के दौरान समिति द्वारा अल्ट्रासाउंड सेंटर के निबंधन, रिन्यूअल, संस्थानों को मशीन के फॉर्म-ई में एंट्री, चिकित्सकों की ज्वॉइनिंग और यूएसजी मशीन खरीदने पर विचार-विमर्श किया गया।

अल्ट्रासाउंड सेंटर के निबंधन और रिन्यूअल के लिए प्राप्त अभ्यावेदनों पर विचार-विमर्श करते हुए समिति ने पांच सेंटर के रिन्यूअल की स्वीकृति प्रदान की। इसके अतिरिक्त बैठक में समिति ने छह संस्थानों को मशीन के फॉर्म-ई में एंट्री एवं सर्टिफिकेट जांच के बाद चिकित्सकों की ज्वाइनिंग का अनुमोदन प्रदान किया। बैठक के दौरान उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने अल्ट्रासाउंड सेंटर के निरीक्षण को लेकर आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेंटर का निश्चित समय अंतराल पर निरीक्षण करें और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियम संगत कार्रवाई सुनिश्चित करें। मौके पर सिविल सर्जन, डॉ प्रभात कुमार, समिति सदस्य उर्वशी पांडेय, डॉ. अनुभी सिन्हा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## हाईकोर्ट ने शिक्षकों के रिक्त पदों पर चार माह में नियुक्ति का दिया आदेश

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य के सभी सरकारी विश्वविद्यालयों में विभिन्न स्तरों पर रिक्त शिक्षकों के सभी पदों पर चार महीने के अंदर नियुक्ति करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार, झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) और सभी विश्वविद्यालयों के प्रशासन को इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है। दुमका स्थित सिदो-कान्हू विश्वविद्यालय के एक 'घंटी आधारित शिक्षक' प्रिसिला सोरेन की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई पूरी करने के बाद जस्टिस डॉ एसएन पाठक की बेंच ने गुरुवार को यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने राज्य सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के सचिव, निदेशक एवं जेपीएससी को कहा है कि वह प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति के नियमों की तमाम बाधाओं को दो माह में दूर करें और उसके बाद के दो माह में विश्वविद्यालयों से प्राप्त अधियाचना के आधार पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकालकर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करें। इस फैसले के साथ कोर्ट ने याचिका निष्पादित कर दी।

इसके पहले इस याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सख्त रुख अख्तियार करते हुए 22 अक्टूबर को राज्य के सभी 12 सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलपति एवं रजिस्ट्रार, राज्य के उच्च शिक्षा विभाग के डायरेक्टर और झारखंड लोक सेवा आयोग के सचिव को सशरीर तलब किया था। कोर्ट ने इन सभी से एक-एक कर विश्वविद्यालयों में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर के रिक्त पदों के बारे में जानकारी ली थी और पूछा था कि इन पदों पर कब तक नियुक्तियां कर ली जाएंगी। ज्यादातर यूनिवर्सिटी के वीसी और रजिस्ट्रार ने बताया था कि असिस्टेंट और एसोसिएट प्रोफेसर के पद बड़ी संख्या में रिक्त हैं। अदालत में उपस्थित जेपीएससी के सचिव ने बताया था कि आयोग में अध्यक्ष का पद रिक्त है और इस कारण नियुक्ति की परीक्षाएं नहीं आयोजित हो पा रही हैं।

हाईकोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा था कि अल्पकालिक और घंटी आधारित शिक्षकों के जरिए शिक्षा व्यवस्था चलाए जाने की वजह से शिक्षकों और छात्रों का शोषण किया जा रहा है। यह विश्वविद्यालयों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर प्रभाव डाल रहा है। राज्य के विश्वविद्यालयों में 28 हजार छात्रों ने नामांकन लिया है। लेकिन, सरकार इस विषय की ओर ध्यान नहीं दे रही है।

**आज / कल**




## बच्चे देश के भविष्य, नशे से दूर रखने का हो उपाय : अतुल

- डालसा ने किया नशा मुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष डालसा के मार्गदर्शन में सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल में गुरुवार को नशा मुक्ति पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एलएडीसीएस अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 47 राज्य को निर्देशित करता है कि वह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक मादक पेय और नशीली दवाओं के सेवन को औषधीय उद्देश्यों को छोड़कर, समाप्त करने का प्रयास करेगा।

उन्होंने कहा कि अफीम या पोस्ते के उत्पादन या इसे पास रखने पर एनडीपीएस अधिनियम 1985 के तहत मात्रा के आधार पर 20 साल तक के कठोर कारावास की सजा हो सकती है। बार-बार अपराध करने पर मृत्युदंड तक दिया जा सकता है। कांके के पुनर्वास केंद्रों के साथ-साथ एनजीओ भी नशा करने वालों को ठीक करने में मदद करते हैं। सीआईपी और रिनपास में जिला विधिक सेवा प्राधिकार का लीगल एड क्लिनिक है, वहां पर वैसे नशा करनेवाले व्यक्तियों को इलाज किया जाता है। इसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची सहायता प्रदान करती है। लाइफ सेवर्स एनजीओ के अतुल गेरा ने नशा उन्मूलन पर कहा कि बच्चों को ड्रग्स या दूसरी नशे की लत लगने से शरीर धीरे-धीरे खोखला हो जाता है। बच्चे देश के भविष्य हैं, इसलिए हर हाल में इन्हें ड्रग्स से दूर रखना चाहिए। एनसीबी के राकेश कुमार गोस्वामी ने बताया कि कैसे साधारण खांसी की सिरप जैसी चीजों का नशे के लिए उपयोग किया जाता है। झारखंड राज्य न केवल नशीली दवाओं का उपभोग करता है, बल्कि भारी कार्रवाई के बावजूद इनका उत्पादन भी करता है। यदि रांची में नशे की समस्या पर नियंत्रण पाया जाए, तो अपराध दर में लगभग 70 प्रतिशत की कमी आ सकती है। रांची में नशीली दवाओं से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना अधिकारियों को देने की सलाह दी जाती है।

सीआईडी के नवीन राय ने कहा कि झारखंड में इस नशे की समस्या को रोकने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की भूमिका महत्वपूर्ण है। गृह मंत्रालय ने पिछले महीने मादक द्रव्यों के सेवन से संबंधित किसी भी संदेह की जानकारी देने के लिए आम जनता के लिए हेल्पलाइन (टोल फ्री नं. 1933) स्थापित की है। सीआईडी के शैलेंद्र सिंह, एलरोमेन टेटे, एसआई रिजवान ने उपस्थित बच्चों को नशे से संबंधित कानूनों के बारे में जानकारी दी। मौके पर एलएडीसीएस अधिवक्ता, राजेश कुमार सिन्हा, लाइफ सेवर्स एनजीओ प्रमुख, अतुल गेरा, एनसीबी, राकेश कुमार गोस्वामी, सीआईडी, नवीन राय, शैलेंद्र सिंह, एलरोमेन टेटे, एसआई रिजवान अंसारी तथा शैल अंबष्ठा, एसिस्टेंट डायरेक्टर, ड्रग्स डिपार्टमेंट एवं सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल के प्रधानाध्यापिका, शिक्षक-शिक्षिकाएं, राजा वर्मा समेत कई लोग उपस्थित थे।

राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया के छात्र छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं की ओर से माननीय विधायक श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की को मंत्री बनाए जाने पर ढेरों शुभकामनाएं और बधाई।
प्रकाश उरांव
प्रभारी प्रधानाध्यापक, राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया लापुंग

आरसी प्राथमिक विद्यालय कुरकुरिया की ओर से माननीय नवनियुक्त मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को मंत्री बनने पर असीम शुभकामनाएं और बधाई।
फादर राजेन्द्र खाखा
सहायक शिक्षक, आरसी प्राथमिक विद्यालय कुरकुरिया लापुंग

माननीय विधायक श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की को झारखंड सरकार का नवनियुक्त मंत्री बनाए जाने पर पीएमश्री राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा लापुंग परिवार की ओर से हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।
बहादुर उरांव
प्रभारी प्रधानाध्यापक, पीएमश्री राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा लापुंग।

मांडर की विधायक माननीय शिल्पी नेहा तिर्की को झारखंड सरकार में मंत्री बनाए जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।
सुमित कुमार उर्फ मृत्युंजय कुमार
वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं समाजसेवी ककरिया लापुंग।

मांडर की विधायक माननीय श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की को झारखंड सरकार में मंत्री बनाए जाने पर उन्हें लापुंग की जनता की ओर से ढेरों शुभकामनाएं और बधाई।
जन्मेंजय पाठक
लापुंग प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष, सह विधायक प्रतिनिधि, गाड़ा लोधमा दोलैचा लापुंग।

मांडर की विधायक माननीय श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की को झारखंड सरकार में मंत्री बनाए जाने पर ढेरों शुभकामनाएं और बधाई।
गंगाधर साहु
पूर्व मुखिया सह संरक्षक घघारी बाबा धाम ककरिया पंचायत लापुंग।

मांडर की विधायक माननीय श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की को झारखंड सरकार में मंत्री बनाए जाने पर लापुंग के सभी कांग्रेस की कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।
देवेंद्र वर्मा
समाजसेवी सह विधायक प्रतिनिधि, ककरिया लापुंग।

## एक नजर

### झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने शिल्पी व चमरा लिंडा को दी बधाई

**बेड़ो।** मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एवं विशुनपुर विधायक चमरा लिंडा को झारखंड सरकार में मंत्री बनाए जाने पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष जुगेश उरांव व सचिव सहिंद्र लकड़ा, आंदोलनकारी मोर्चा के लापुंग के कमलेश्वर सिंह, बिरसा मुंडा बेड़ो के विमल उरांव, पीटर तिर्की, कोरेश मिरदाहा, मुमताज खान, मो साबिर, केदार महतो, बंधना उरांव, घिनु उरांव, जतरु उरांव, , चंपा उरांव, बन्धु खलखो, विष्णु तिर्की, डोरोथिया लकड़ा, नीली लकड़ा, प्रदीप लकड़ा, पंचू उरांव, प्रभात टोप्पो, शिशिर लकड़ा समेत सैकड़ों आंदोलनकारियो ने बधाई व शुभकामनाएं दी है। साथ ही उन्होंने झारखंड में बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं विकास की कामना किया। वहीं कहा कि आने वाले समय शिक्षा के स्तर में गुणवत्ता पूर्ण सुधार की गुजारिश की।

### भाजपाइयों ने खिजरी विधानसभा क्षेत्र में हार की समीक्षा की

**अनगड़ा।** भाजपा खिजरी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं बैठक गुरुवार को गोंदलीपोखर स्थित केशरी भवन में हुई। बैठक में खिजरी विधानसभा से चुनाव में हुई हार की समीक्षा की गई। प्रत्याशी रामकुमार पाहन ने कहा कि हमें चुनाव परिणाम की परवाह किए बगैर क्षेत्र में लग जाना है, चुनाव परिणाम हमारे लिए एक संदेश है। अब संपूर्ण समर्पण और अधिक मेहनत करने का समय है। इस परिणाम ने हमें झकझोरा जरूर है, परंतु हमारा संकल्प और मजबूत हुआ है, यह केवल एक पड़ाव है, हमारी यात्रा अभी जारी है। मौके पर जिलाध्यक्ष विनय महतो धीरज, पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार, चुनाव प्रभारी राकेश भास्कर, संयोजक सुरेंद्र महतो, अजय महतो, बुधराम बेदिया, नवीन सोनी, प्रमोद सिंह, सुनील महतो, नरेश साहू, अगमलाल महतो, जगेश्वर महतो, हिमांशु शेखर चौधरी और अशोक मुंडा आदि मौजूद थे।

### झारखंड आंदोलनकारी को ग्रामीणों व आजसू कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**सिल्ली।** सिल्ली ब्रह्मणडीह निवासी झारखंड आंदोलनकारी बुद्धेश्वर महतो उर्फ बुचा का गुरुवार को जेल से रिहा हो कर सिल्ली पहुंचने पर ग्रामीणों व आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। झारखंड आंदोलनकारी बुद्धेश्वर महतो उर्फ बुचा सिल्ली ब्लॉक चौक से अपने पार्टी समर्थकों के साथ पैदल मार्च कर झारखंड मोड़ स्थित शहीद निर्मल महतो के अदामकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा झारखंड अलग करने के लिए जिन लोगों ने जो खून पसीना बहाया है उस पर ही झंडा का अपमान का आरोप लगाया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन ने भी मेरा पक्ष जाने बिना ही पिछले दिनों मुझे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। ज्ञात हो की मुरी पुलिस द्वारा पिछले दिनों 25 नवंबर को झारखंड मोड़ स्थित शहीद निर्मल महतो के आदमकद प्रतिमा के समीप से राजनीतिक पार्टी के झंडा के साथ छेड़छाड़ करने तथा क्षेत्र में धार्मिक एवं सामाजिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाते हुए जेल भेजा गया था।

### भारथी कॉलेज के डीएलएड के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**मांडर।** झारखंड अधिविद्य परिषद् द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षा में डी.एल.एड.सत्र 2022-24 के नतीजे घोषित किए गए, जिसमें भारथी प्रशिक्षण महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं का प्रदर्शन बहुत ही शानदार रहा। इस नतीजे को देखकर सभी छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए शैक्षणिक सचिव दीपाली पराशर ने कहा कि सफलता का प्रतिशत शत-प्रतिशत रहा तथा भावी शिक्षक के निर्माण में भारथी कॉलेज हर संभव तक मद्द करने के लिए तैयार रहेगा और इस ग्रामीण क्षेत्र में समाज को नई दिशा देने में आवश्यक भूमिका अदा करेगा। डीएलएड के विभागाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता ने सभी छात्र/छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इसी प्रकार सफलता की सीढ़ियों को पार करते हुए और साथ ही साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए पथ पर अग्रसर रहकर आगे बढ़ते रहें। वही महाविद्यालय के डीन उपेन्द्र उपाध्याय सभी छात्र-छात्राओं को शतप्रतिशत पर बधाईं दी है। महाविद्यालय में प्रथम स्थान असेन कच्छप, द्वितीय स्थान रोमित खलखो तथा तृतीय स्थान रूपाली पाण्डेय ने प्राप्त किया।

---

मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की को मंत्री बनाए जाने पर लापुंग में खुशी की लहर

# शिल्पी नेहा तिर्की के मंत्री बनने का लापुंग को मिलेगा लाभ : देवेंद्र वर्मा



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की को झारखंड सरकार में मंत्री बनाए जाने पर लापुंग प्रखंड के लोगों में खुशी की लहर छा गई है। शिल्पी नेहा तिर्की को मंत्री बनाए जाने पर लापुंग प्रखंड के महुगांव बाजार में ग्रामीणों ने अपनी तरह से खुशी मनायी। वहीं दूसरी ओर विधायक प्रतिनिधि सह समाजसेवी देवेंद्र वर्मा, कांग्रेस का युवा अध्यक्ष जन्मेंजय पाठक, ककरिया पंचायत के पूर्व मुखिया सह घघारी बाबा धाम के संरक्षक गंगाधर साहु, चुनाव के पूर्व कांग्रेस में शामिल होने वाले समाजसेवी सह कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुमित कुमार ने नवनियुक्त मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को ढेरों शुभकामनाएं और बधाई दी है। समाजसेवी देवेंद्र वर्मा ने कहा कि विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के मंत्री बनने का लाभ लापुंग को भी मिलेगा और प्रदेश के साथ-साथ यहां का भी सर्वांगीण विकास होगा। वहीं पीएमश्री राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा के प्रभारी प्रधानाध्यापक बहादुर उरांव, आरसी प्राथमिक विद्यालय कुरकुरिया के सहायक शिक्षक राजेन्द्र खाखा, राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रकाश उरांव सहित दर्जनों शिक्षक शिक्षिकाओं ने विधायक शिल्पी नेहा तिर्की को बधाई दी है और झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं शिल्पी नेहा तिर्की के मंत्री बनाए जाने की खबर जंगल में आग की तरह महुगांव साप्ताहिक हाट में भी फैल गई। यहां रोबर्ट हेरेंज के नेतृत्व में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने खुशी मनायी। महुगांव बाजार पहुंचे सेवानिवृत्त शिक्षिका मोनिका तिड़ु, ग्रेसिया हेम्ब्रम, अलफोंस केरकेट्टा, बिपिन होरो, एस्थेर हेमरोम, जुवेल टोप्पनो, मरियम बरला, विभा रश्मि तोप्पनो सहित दर्जनों लोगों ने खुशी जताई और नवनियुक्त मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को बधाई दी।

---

चोरी की घटना का अब तक नहीं हुआ खुलासा

# मांडर थाना क्षेत्र में अपराधियों का हौसला बुलंद, लोग चिंता में

**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**
मांडर थाना क्षेत्र में अपराधियों की बढ़ती गतिविधियां स्थानीय निवासियों के लिए चिंता का विषय बन गई हैं। ताजा मामला थाना क्षेत्र के कंदरी स्थित चीलटोली से जुड़ा है, जहां डेढ़ महीने पहले एक पत्रकार के घर में बड़ी चोरी की घटना घटी थी। जब घर में ताला बंद कर अपने इलाज के लिए बाहर गए हुए थे हालांकि, घटना को हुए लंबा समय बीत चुका है, लेकिन अब तक पुलिस के हाथ खाली हैं।गृहस्वामी द्वारा पुलिस को सीसीटीवी फुटेज सौंपे जाने के बावजूद चोरी के मामले में कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया है। इस मामले में पुलिस की निष्क्रियता ने स्थानीय निवासियों के बीच गहरी नाराजगी पैदा कर दी है। क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि पुलिस यदि तत्काल कार्रवाई करती, तो शायद चोर अब तक पकड़े जा चुके होते।पिछले कुछ समय से मांडर थाना क्षेत्र में अपराध की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे लोग अपने और अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। चोरी की इस घटना ने पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की है ताकि अपराधियों में कानून का डर पैदा हो सके और क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का माहौल वापस लौटे।पुलिस की तरफ से आश्वासन दिया जा रहा है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और जल्द ही अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा। बावजूद इसके, क्षेत्रीय नागरिकों में असंतोष बढ़ता जा रहा है, और वे ठोस नतीजों की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

---

## न्यूज | बॉक्स

### शिल्पी नेहा तिर्की के मंत्री बनने पर मुखिया ने दी बधाई



**खलारी।** मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के झारखंड सरकार में मंत्री बनाए जाने पर बुकबुका मुखिया पारसनाथ उरांव ने बधाई दिया है। पारस ने नेहाशिल्पी तिर्की को मंत्री बनाने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि नेहाशिल्पी तिर्की को मंत्री बनाकर आधी आबादी को उसका हक अधिकार व सम्मान दिया गया है। नेहाशिल्पी अभी युवा हैं, राज्य को नई दिशा देने में वे बेहतर साबित होंगी। कहा कि वे खलारी के पड़ोस से आती हैं। उम्मीद जताया कि इससे खलारी का भी कल्याण हो सकेगा।

### आरपीएफ ने गर्भवती महिला की सहायता की



मुरी। गुरवार के दिन सुबह लगभग 9 बजे ट्रेन संख्या 13352 (एलेप्पी-धनबाद एक्सप्रेस) से यात्रा कर रही गर्भवती महिला को आरपीएफ टीम ने सहायता पहुंचायी। महिला प्रसव पीड़ा से तड़प रही थी। इस दौरान आरपीएफ मुरी और मेरी सहेली टीम ने ऑपरेशन मातृ शक्ति के तहत एक गर्भवती महिला को देखा। फिर मुरी के सहायक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक और स्टेशन प्रबंधक को इसके लिए सूचना भेजा गया। मौके पर मौजूद मेरी सहेली टीम ने उक्त महिला को प्रारंभिक सहायता प्रदान की। बाद मे मुरी रेलवे के स्वास्थ्य अधिकारी ने उस महिला को प्राथमिक चिकित्सा के बाद आरपीएफ एस्कॉर्ट के साथ सदर अस्पताल, सिल्ली में स्थानांतरित करवा दिया। तत्पश्चात उक्त महिला ने एम्बुलेंस के अंदर ही एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। पूछताछ करने पर पता चला कि महिला आंचल देवी (उम्र 21 वर्ष), पत्नी अर्जुन भगत, निवासी जयनगर, पोस्ट-उरलाहा, थाना-उरलाहा, जिला-पूर्णिया (बिहार) अपने पति के साथ कोयंबटूर से धनबाद तक ट्रेन संख्या 13352 (एलेप्पी-धनबाद एक्सप्रेस) में जनरल टिकट लेकर यात्रा कर रही थी। प्रसव पीड़ा शुरू होने के कारण दंपति मुरी में उतर गए थे। आंचल देवी और उनके पति ने समय पर त्वरित कारवाई तथा जीवन रक्षक के लिए आरपीएफ और स्वास्थ्य इकाई, मुरी का हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस मौके पर रेलवे सुरक्षा बल के सहायक अवर निरीक्षक एस बैठा,बाली सोरेन,किरण कुमारी इत्यादि मौजूद रहे।

### पुरस्कृत किए गए भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के सफल प्रतिभागी



**खलारी।** एसीसी उच्च विद्यालय खलारी में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2024-25 के सफल प्रतियोगियों के बीच पारितोषिक वितरण किया गया। विद्यालय के प्रशासक जामवंत सिंह, प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी व अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। बच्चियों द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि भरत रजक एवं मिथिलेश प्रजापति ने सफल विद्यार्थियों को मोमेंटो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। पारितोषिक प्राप्त करने वालों में कक्षा 5 की सुप्रिया कुमारी प्रथम, प्रियांशु गुप्ता द्वितीय, प्रिंस कुमार तृतीय, कक्षा 6 के सोनू गुप्ता प्रथम, श्रेया कुमारी द्वितीय, अंकिता कुमारी तृतीय, कक्षा 7 की अर्चना कुमारी व रिया कुमारी प्रथम, मुस्कान कुमारी द्वितीय, रोहित कुमार तृतीय, कक्षा 8 के शुभम यादव प्रथम, आदित्य चौहान द्वितीय, यशु लोहरा तृतीय, कक्षा 9 के आदित्य पासवान व नैतिक केसरी प्रथम, शुभम वर्मा द्वितीय, तानिया कशिश तृतीय, कक्षा 10 के सतीश चौहान प्रथम, नैंसी कुमारी द्वितीय, अनम एल्बिया तृतीय, कक्षा 11वीं की चंदा कुमारी प्रथम, कक्षा 12वीं की नेहा कुमारी प्रथम, शाजिया परवीन द्वितीय व किरण कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त की। एक्टिव शिक्षकों के अंतर्गत समर सेन, ममता झा, राजेश सिंह, अजय सिंह, प्रकाश चौधरी, शर्मिला पात्रा को मोमेंटो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में प्रशासक व प्रधानाध्यापक ने बच्चों को शुभकामनाएं दी।

---

# नेहरू युवा केंद्र ने मनाया अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस के अवसर पर रांची के किशोरगंज में नेहरू युवा केंद्र, रांची, विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन एवं अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं के स्वयंसेवकों के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को स्वयंसेवा के लिए प्रेरित किया गया। यह कार्यक्रम विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने जिला युवा अधिकारी रोशन कुमार के निर्देश मे कराया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कृषिको, द्वितीय मेघा और तृतीय रागिनी ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के सभी विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवक के रूप में उत्कृष्ट कार्य के लिए लोगों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे गौरव बनर्जी, रोहित कुमार एवं अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

---

प्रखंड परिसर की सफाई में मिले लोहे के गार्डर विवादों में

# संवेदक व बीडीओ के अपने-अपने दावे



*पुल निर्माण समाप्त होने के पश्चात काफी सामान का उठाव कर लिया गया, किन्तु कुछ सामान गायब भी हो गए*

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी प्रखंड परिसर की सफाई के दौरान मिला लोहे का कीमती गार्डर विवादों में आ गया है। लंबे समय के बाद खलारी प्रखंड परिसर का साफ सफाई कराया जा रहा है। प्रखंड परिसर में ऊंची-ऊंची झाड़ियां उग आई थी। साफ सफाई के दौरान ही परिसर में लोहे का गर्डर मिला। इसकी जानकारी मिलने पर प्रखंड निर्माण करने वाले संवेदक केएनपी सिंह गुरूवार को खलारी आए और दावा किया कि यह गर्डर उनका है। बताया कि वर्ष 2014 में उनके फर्म ने ही खलारी प्रखंड भवन, चारदीवारी, मुख्य द्वार तथा वर्ष 2016 में प्रखंडकर्मियों का आवास बनाया था। चूकि यह क्षेत्र तब उग्रवाद प्रभावित था, इसलिए तत्कालीन थाना प्रभारी व प्रखंड अधिकारी के सुझाव पर प्रखंड निर्माण में काम आई मशीनों व अन्य उपकरणों को प्रखंड परिसर में ही रखा गया था। बताया कि प्रखंड का कार्य समाप्त होने के पश्चात उन्होंने तत्कालीन प्रखंड के अधिकारी से आग्रह किया था कि चुरी में सपही नदी पर उनका पुल निर्माण कार्य चल रहा है, वह भी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र है तथा वहां भी उग्रवादी घटना को अंजाम दिया गया है, अतः कुछ निर्माण सामग्री को प्रखंड परिसर में ही रहने दें। तत्कालीन प्रखंड अधिकारी द्वारा इस बात की मौखिक स्वीकृति मिलने पर लोहे का गर्डर व सरिया प्रखंड परिसर में रख दिया गया। पुल निर्माण समाप्त होने के पश्चात काफी सामान का उठाव कर लिया गया, किन्तु कुछ सामान गायब भी हो गया।

---

## रांची जिला युवा महोत्सव का आयोजन 14 को




**रांची।** विकास भवन स्थित जिला खेल पदाधिकारी के कार्यालय में गुरुवार को रांची जिला और प्रमंडल स्तरीय युवा महोत्सव 2025 के लिए एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार सिंह ने की। इसमें नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी रौशन कुमार, वीवाईएफ चेयरमैन गौरव अग्रवाल, एनएसएस पीओ मारवाड़ी कॉलेज अनुभव चक्रवर्ती, रांची जिला एनएसएस कोऑर्डिनेटर कौशल किशोर, जिला खेल समन्वयक आशीष कुमार बनर्जी और जिला पर्यटन विशेषज्ञ रोशन कुमार भी उपस्थित थे। बैठक में झारखंड खेल एवं युवा कार्य विभाग द्वारा 14 दिसंबर से आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव की तैयारियों पर चर्चा की गई। बताया गया कि 14 दिसंबर को रांची में जिला स्तरीय और 16 दिसंबर को प्रमंडल स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन ऑड्रे हाउस में किया जाएगा। इस महोत्सव में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा, जिनमें सामूहिक लोकनृत्य, सामूहिक लोकगीत, एकल लोकनृत्य, एकल लोकगीत, चित्रकला, भाषण, विज्ञान मेला (एकल), कहानी लेखन, कविता लेखन, विज्ञान मेला (सामूहिक), फोटोग्राफी शामिल हैं। प्रतिभागियों को इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए 12 दिसंबर तक विकास भवन स्थित जिला खेल कार्यालय में पंजीकरण कराना होगा। प्रतियोगिता के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा और सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट भी प्रदान किए जाएंगे।

## जरूरतमंदों तक सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं पहुंच रहा : देवकी देवी



**रांची।** जिस प्रदेश में महिलाओं के वोट से सरकार बनती हो, वहां महिलाओं की घोर उपेक्षा चिंताजनक है। सरकार को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। इस संबंध में झारखंड प्रदेश प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन की प्रदेश सचिव सह गुमला जिला अध्यक्ष देवकी देवी ने बताया कि झारखंड में महिलाओं की स्थिति दयनीय है। उन्होंने कहा कि गुमला जिला अंतर्गत गुमला प्रखंड निवासी सुशीला तिर्की जिनका परिवार में कोई नहीं है, उनके पास बस नाममात्र के लिए एक-दो डिसमील जमीन है। न तो रहने के लिए ठीक घर है, न खाने को अनाज है। यह अबुआ आवास, विधवा पेंशन, राशनकार्ड और आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए लगातार प्रखंड से लेकर मुख्यालय का चक्कर काटती रही हैं, मगर किसी ने भी इसकी फरियाद नहीं सुनी है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि ऐसी महिलाओं को चिह्नित कर सरकार अपनी योजनाओं का लाभ ऐसे जरूरतमंदो तक पहुंचाए।

---

200 बिस्तरों वाले सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के लिए सीसीएल ने किया त्रिपक्षीय समझौता

# जीवन स्तर ऊंचा उठाना भी है सीसीएल का उद्देश्य : सीएमडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। कांके, रांची में 200 बिस्तरों वाले सुपर स्पेशियलिटी (कार्डियोलॉजी, पल्मोनोलॉजी और न्यूरोलॉजी) अस्पताल की स्थापना के लिए सीसीएल, बाबासाहेब अंबेडकर वैद्यकीय प्रतिष्ठान (बीएवीपी) और धन्वंतरी आरोग्य सेवा संस्थान (डीएएसएस) के बीच त्रिपक्षीय समझौता हुआ। यह समझौता सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची में आयोजित एक समारोह में हुआ। सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक निलेंदु कुमार सिंह की उपस्थिति में यह समझौता हुआ है। यह पहल सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी) निलेंदु कुमार सिंह के दूरदर्शी और प्रेरक नेतृत्व का परिणाम है। निलेंदु कुमार सिंह ने इस अवसर पर कहा कि सीसीएल का उद्देश्य सिर्फ कोयला उत्पादन करना नहीं है, बल्कि लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना भी है। यह सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल इस दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने आगे कहा कि यह परियोजना झारखंड के हर वर्ग को सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगी। इस त्रिपक्षीय समझौते से स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा बदलाव आएगा। उन्होंने कहा, बाबासाहेब अंबेडकर वैद्यकीय प्रतिष्ठान (बीएवीपी) और धन्वंतरी आरोग्य सेवा संस्थान (डीएएसएस) के सहयोग से यह अस्पताल स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम करेगा। बीएवीपी, महाराष्ट्र के संभाजीनगर में स्थित एक गैर-लाभकारी संगठन है, जो अपनी सामाजिक और चिकित्सा सेवा पहलों के लिए प्रसिद्ध है। यह अस्पताल स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांति लाने के साथ-साथ आम लोगों के लिए सुलभ, सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं सुनिश्चित करेगा। लोगों के लिए यह अस्पताल न केवल स्वास्थ्य सुविधाओं की दिशा में एक नई शुरूआत है, बल्कि समाज के कल्याण और क्षेत्रीय विकास की ओर एक मजबूत कदम भी है।

**अस्पताल की प्रमुख विशेषताएं**

- 200 बिस्तरों की क्षमता वाला अत्याधुनिक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल।
- कार्डियोलॉजी, पल्मोनोलॉजी और न्यूरोलॉजी में विशेषज्ञ सेवाएं।
- किफायती दरों पर जनता के लिए सुलभ चिकित्सा सुविधाएं।
- नवीनतम तकनीक और उपकरणों से सुसज्जित स्वास्थ्य सेवा केंद्र।

---

# श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी गुरु पर्व पर आज सजेगा विशेष दीवान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व समेत दिसंबर तथा जनवरी माह में होने वाले गुरुपर्व को लेकर गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा, कृष्णानगर कॉलोनी में एक विशेष बैठक बुलाई गई। सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने बताया कि शुक्रवार (6 दिसंबर) को सत्संग सभा द्वारा कृष्णा नगर कॉलोनी में श्री गुरु तेग बहादुर जी का शहीदी गुरु पर्व मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में सुबह 8:00 बजे से 09:15 बजे तक विशेष दीवान सजाया जाएगा। दीवान में स्त्री सत्संग सभा तथा हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह जी द्वारा शबद गायन होगा और गुरुद्वारा के हेड ग्रंथ ज्ञानी जिवेंदर सिंह जी कथा वाचन से साध संगत को निहाल करेंगे। नववर्ष के आगमन की खुशी में एक जनवरी को सुबह 8:00 बजे से दिन में 10:00 बजे तक विशेष दीवान सजाया जाएगा। इस दीवान में दरबार साहिब के भाई कमलजीत सिंह एवं भाई मान सिंह विशेष रूप से शिरकत करेंगे। मौके पर द्वारका दास मुंजाल, अर्जुन देव मिढ़ा, सुरेश मिढ़ा, हरविंदर सिंह बेदी, चरणजीत मुंजाल, मनीष मिढ़ा, नरेश पपनेजा, नीरज गखड़, अश्विनी सुखीजा, हरगोविंद सिंह, मोहन काठपाल, अमरजीत गिरधर, लेखराज अरोड़ा, अशोक गेरा, रमेश पपनेजा, राकेश गिरधर एवं कमल मुंजाल उपस्थित थे।

---

# झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में शिक्षकों की कमी से अभिभावक हैं नाराज



**नवीन मेल संवाददाता। दारु**
झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय हरली स्कूल में 130 छात्रा पढ़ रही हैं। इस विद्यालय में छात्रों को पढ़ाने के लिए एक वार्डन सहित कुल तीन शिक्षिका हैं। यहां कम संख्या में शिक्षिका रहने के कारण छात्राओं की पढ़ाई सही ढंग से नहीं हो पा रही है। विद्यालय में ठीक से पढ़ाई नहीं होने के कारण यहां के अभिभावकों में भारी नाराजगी और गुस्सा दिखा जा रहा है। विद्यालय परिसर में गुरुवार को शिक्षक और अभिभावकों की बैठक बुलाई गई थी। बैठक में अभिभावक काफी गुस्सा में नजर आएं। उनका कहना था कि वह अपने बच्चों को यहां रखकर आवासीय शिक्षा दिलाने का प्रयास कर रहे हैं पर जब विद्यालय में शिक्षिका जब पूरा नहीं रहेंगे तब तक पढ़ाई बच्चों की कैसे होगी । यहां पढ़ने वाली छात्राओं का रिजल्ट खराब होगा और जिस कारण उनका करियर भी खराब हो सकता है।

**अभिभावक का कहना है कि वह अपने बच्चों को यहां रखकर आवासीय शिक्षा दिलाने का प्रयास कर रहे हैं, पर जब विद्यालय में शिक्षक ही नहीं रहेंगे तो बच्चों की पढ़ाई कैसे होगी**

हरली के पूर्व मुखिया दिलीप कुमार वर्मा ने कहा कि पिछले एक वर्षों से वह लोगों के साथ मिलकर यहां के शिक्षकों की संख्या बढ़ाने की मांग विभाग से कर रहे हैं, पर अब तक विभाग इस तरफ पुरा ध्यान नहीं दे रहा है। शिक्षक अभिभावक बैठक के दौरान अभिभावक काफी गुस्से में थे और उनका कहना क्या यहां पर शिक्षकों की संख्या नहीं बढ़ाई गई तो अपने बच्चों को विद्यालय से हटा लेंगे ताकि उनका करियर बर्बाद ना हो। इस बारे में वार्डन चंचला कुमारी ने बताया कि बहुत आग्रह करने के बाद दो शिक्षक विद्यालय को दिया गया। यहां पर कुल 11 शिक्षक होने चाहिए जबकि यह तीन ही शिक्षक उपलब्ध हैं, इस कारण पढ़ाई बच्चों की बाधित हो रही है और पूरी तरह से पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं।

## सदर विधायक प्रदीप प्रसाद एक्शन मोड में,पहुंचे डेली मार्केट, कहा

# जनता की समस्याओं का समाधान करना हमारी जिम्मेदारी है



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने जनता से सीधा संवाद स्थापित करते हुए डेली मार्केट स्थित सब्जी मंडी का औचक निरीक्षण किया। श्री प्रसाद सब्जी मंडी पहुंचे और व्यापारियों से उनकी समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। व्यापारियों ने उन्हें बिजली, चापाकल, शौचालय, नाली की सफाई, रोड की मरम्मत,और मंडी की समग्र व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं के बारे में अवगत कराया।

**समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई :** श्री प्रसाद ने इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तुरंत नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त विपिन कुमार से संपर्क किया। उनकी उपस्थिति में मंडी का निरीक्षण किया गया और हर समस्या को बारीकी से समझा गया। अधिकारियों ने विधायक को आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जाएगा।

### विधायक ने मुख्य समस्याओं का किया समाधान

महिलाओं के लिए शौचालय फ्री, महिलाओं को पहले शौचालय के उपयोग के लिए 10 रु शुल्क देना पड़ता था। विधायक ने तत्काल प्रभाव से इसे निशुल्क कर दिया। चापाकल की व्यवस्था,वर्तमान में मंडी में केवल एक चापाकल है। विधायक ने अतिरिक्त चापाकल लगवाने का आदेश दिया ताकि पानी की समस्या दूर की जा सके। बिजली व्यवस्था बिजली के तारों की खस्ता हालत को सुधारने का निर्णय लिया गया ताकि शॉर्ट सर्किट जैसी घटनाएं न हों। पार्किंग सुविधा यातायात को सुगम बनाने के लिए सब्जी मंडी के बाहर कांग्रेस मैदान के सामने स्थित उर्दू विद्यालय परिसर में पार्किंग सुविधा शीघ्र प्रारंभ की जाएगी।सफाई और नाली व्यवस्था,मंडी की नियमित सफाई और नाली की उचित व्यवस्था के लिए नगर निगम को निर्देशित किया गया है। विधायक प्रदीप प्रसाद करीब 2 घंटे तक मंडी में मौजूद रहे और संबंधित अधिकारियों से फोन पर चर्चा कर त्वरित कार्रवाई के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि सभी समस्याओं का समाधान एक सप्ताह के भीतर किया जाएगा। मंडी में मौजूद व्यापारियों और नागरिकों से बातचीत के दौरान श्री प्रसाद ने कहा की मैं आपकी समस्याओं को समझने और उनके समाधान के लिए हर संभव प्रयास कर रहा हूं। जनता की भलाई और शहर के विकास के लिए हम हर स्तर पर काम करेंगे। श्री प्रसाद के इस कदम से व्यापारियों और स्थानीय निवासियों में उत्साह है और उन्होंने विधायक के प्रयासों की सराहना की।

## एक नजर

### गाड़ी चलाते वक्त मोबाइल का प्रयोग खतरनाक : डीटीओ

**कोडरमा।** सड़क सुरक्षा टीम ने गुरुवार को परियोजना बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा में जागरुकता अभियान चलाया। इसके तहत छात्राओं और शिक्षकों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी गयी। इस दौरान डीटीओ विजय कुमार सोनी ने छात्रों और शिक्षकों को हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपकरणों के फायदे के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि गाड़ी चलाते वक्त मोबाइल का प्रयोग और नशे में गाड़ी चलाना बेहद खतरनाक है और इनसे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। गाड़ी की चाल निर्धारित सीमा के भीतर रखनी चाहिए, ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके। सड़क पार करते समय जेब्रा क्रॉसिंग और सिग्नल का सही तरीके से उपयोग करें।

### थाना प्रभारी ने सीसीटीवी कैमरा लगाने का दिया निर्देश

**सतगावां ।** सतगावां थाना परिसर में गुरुवार को थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बासोडीह बाजार के जेवर दुकानदारों के साथ की बैठक की। इस दौरान दुकानदारों की सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की गई। बैठक में जेवर व्यवसायी साइबर फ्रॉड, ठगी करने वाले गिरोह बाजारों में सक्रिय एहतियातन ठगी गिरोह से बचने के बारे में बताया गया। साथ ही ऑनलाइन फ्रॉड साइबर क्राइम यातायात की व्यवस्था को दुरुस्त करने में सहयोग करते हुए सड़क किनारे अतिक्रमण न करने का निर्देश थानेदार ने दिया। दुकानदार जो अपने प्रतिष्ठानों में अभी तक सीसीटीवी कैमरा नहीं लगाए हैं, उन लोगों से सीसीटीवी कैमरा लगाने की बात बैठक में कही गई। बैठक में भोला प्रसाद,पवन कुमार,बिनोद वर्मा,विनय राम,उमेश वर्मा,टुन्नू वार्म,विकाश कुमार,भोला वर्मा,राजेश वर्मा,संभु लाल,लालन वर्मा,गुड्डू कुमार,सोनू वर्मा,अभिषेक कुमार आदि उपस्थित थे।

### जरगा पंचायत के कई गांवों में स्वास्थ्य केंद्र की सुविधा नहीं

**कोडरमा।** कोडरमा पहाडों, जंगलों और नदियों से घिरा झारखंड-बिहार सीमांत पर बसे जरगा पंचायत के बिशुनपुर, झरखी,सफहा और गोबरदहा में स्वास्थ्य केंद्र की सुविधा नहीं है। इन गांवों की आबादी करीब 15 सौ हैं और इसके लिए एक बूथ बनाए गए हैं। ग्रामीणों को बीमार पड़ने की स्थिति में मरीजों को 20 किमी दूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोडरमा आना पड़ता है, वह भी बाइक से। चार पहिया वाहन के लिए रोड नहीं बने हुए हैं। अधिकतर सड़क कच्चा, जिस पर बड़े-बड़े गड्ढ़े बने हुए हैं। बारिश के दिनों में यह इलाका दो माह के लिए पूरी तरह टापू में तब्दील हो जाता है। प्रखंड और जिला मुख्यालय से पूरी तरह कट जाता है। इस बीच बीमार पड़ने पर परिजन महिला मरीज को खाटिया में टांगकर अस्पताल ले जाने को मजबूर हैं। लोगों के मुताबिक इस समस्या को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों से लेकर सरकारी अधिकारियों से गुहार लगाई, पर अब तक समाधान नहीं हो पाया है।

### समय पर टैक्स जमा नहीं करनेवाले से 12% ब्याज लिया जाएगा : प्रशासक

**कोडरमा ।** राजस्व संग्रहण को लेकर नगर पंचायत कोडरमा के प्रशासक शंभू प्रसाद कुशवाहा प्रशासक की अध्यक्षता में गुरुवार को बैठक हुई। नगर प्रशासक श्री कुशवाहा ने बताया कि नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्र अंतर्गत होल्डिंग टैक्स बकायेदारों को कई बार नोटिस देने के बाद भी टैक्स जमा करने में सुस्ती बरती जा रही है। बड़े बकायेदारों को एक सप्ताह के पूर्व तक बकाया राशि जमा करने का निर्देश दिया है ' विलंब से टैक्स देने पर प्रति माह एक प्रतिशत ब्याज भी लगता है ' वित्तीय वर्ष समाप्ति के बाद बकाया राशि देने वाले से एकमुश्त 12 प्रतिशत सूद जोड़कर टैक्स लिया जाएगा। इस कारण सभी करदाताओं को समय पर टैक्स जमा करने की अपील की गई। नोटिस के बावजूद भी होल्डिंग टैक्स नहीं जमा करने पर नगरपालिका एक्ट अंतर्गत उनके खाते को फ्रीज करने, कुर्की जब्ती के लिए बॉडी वारंट निर्गत करने, देय कर की वसूली के लिए चल-अचल संपत्ति की जब्ती-बिक्री, भवनों को सीलबंद करने की कार्रवाही की जाएगी।

## न्यूज | बॉक्स

### सहिया दीदी को दिया गया प्रशिक्षण



बरकट्ठा। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरकट्ठा में गुरुवार को डॉ निशांत बैक की अध्यक्षता में किलकारी, मोबाइल एकेडमी तथा टीबी कैंपेन हन्ड्रेड डेज पर सभी सहिया दीदी को प्रशिक्षण दिया गया। इस निमित जिला कार्यक्रम पदाधिकारी संदीप चौधरी (मोबाइल एकेडमी एवं किलकारी) सीएचसी बरकट्ठा से एसटीटी विवेक कुमार, सज्जन कुमार सिंह, बीटीटी प्रकाश पंडित एवं नरोत्तम कुमार द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में 195 सहिया दीदी एवं सहिया साथी ने भाग लिया। मौके पर सहिया साथी सुलोचना देवी, उर्मिला देवी, उर्मिला शर्मा, चंपा देवी, पुष्पा देवी, बसंती देवी, रीना देवी, गुंजा देवी, सुनीता देवी, पूनम देवी, बेबी देवी, पूनम देवी, सुनीता देवी, गीत देवी,कंचन देवी समेत अन्य प्रतिभागी उपस्थित थे।

### कृषकों को दी गयी मृदा संरक्षण की जानकारी



रामगढ़। समाहरणालय बी - ब्लॉक सभागार में विश्व मृदा दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त रामगढ़ रोबिन टोप्पो ने फसल उत्पादन में मृदा के महत्व, मृदा परीक्षण का महत्व तथा मृदा संरक्षण के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी उपस्थित कृषकों को दी। कृषि विशेषज्ञ मनोज कुमार तथा एसटीएल प्रभारी लोकेश कुमार ने मृदा नमूना संकलन की विधि तथा सूक्ष्म पोषक तत्वों की जानकारी कृषकों को दी। इस कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त द्वारा 51 किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उप परियोजना निदेशक आत्मा रामगढ़, सहायक तकनीकी प्रबंधक, रामगढ़ तथा जिला के सभी प्रखंडों के कृषक एवं कृषक मित्र उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय युवा महोत्सव को लेकर प्रतियोगिता 16 से



**रामगढ़।** निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय से प्राप्त निर्देश के आलोक में स्वामी विवेकानन्द जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा महोत्सव-2025 का आयोजन किया जाना है । प्रमण्डल स्तर पर 16 से 20 दिसंबर तक एवं राज्य स्तर पर 21 से 23 दिसंबर के बीच तिथि निर्धारित है। उक्त आलोक में रामगढ़ जिला अन्तर्गत जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव (नेशनल यूथ फेस्टिवल)-2025 के तहत 13 नवंबर 2024 को मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग बीएड कॉलेज में 15 से 29 आयु वर्ग के युवक युवतियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। सामूहिक प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले समूह को 7000 रुपए , द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले समूह को 5000 एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 3000 प्रदान की जाएगी। वहीं, एकल रूप से आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 2500(एकल विज्ञान मेला में 3000) द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 1500 ( एकल विज्ञान मेला में 2000) एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 1000(एकल विज्ञान मेला में 1500 रुपए की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा। विस्तृत जानकारी के लिए जिला खेल कार्यालय रामगढ़ से प्रकाश महतो, मोबाइल नंबर 8709816456, नेहरू युवा केन्द्र कार्यालय रामगढ़ के महेश प्रसाद, मोबाईल नंबर 9801121528, एवं नितेश कुमार मोदी, मोबाईल नंबर 9135973356 पर सम्पर्क किया जा सकता हैं।

# स्टूडेंट ओरिएंटेशन प्रोग्राम शुरू दी गयी कोर्स की जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
पदमा प्रखंड स्थित मां विंध्यवासिनी कॉलेज आफ एजुकेशन में चार दिवसीय फ्रेशर्स प्रशिक्षुओं के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम के प्रथम दिवस था। नए छात्रों को कॉलेज के बारे में जानकारी प्रदान करने और उन्हें कॉलेज के समुदाय में शामिल करने के लिए आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. प्रियंका कुमारी, मंच संचालन मिस मून कुमारी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो. सरिका मेहता ने किया। दीप प्रज्वलन तथा स्वागत गान के साथ आरंभ हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चेतलाल प्रसाद ने स्वागत भाषण के साथ महाविद्यालय के शानदार इतिहास, उपलब्धियों तथा कोर्स के विभिन्न पक्षों की जानकारी दिया। उप सचिव अजीत कुमार प्रशिक्षुओं के लिए शुभकामनाओं के साथ उनकी जिम्मेदारियां का एहसास कराया। विभागाध्यक्ष बी.एड. डॉ. तनुजा गुप्ता ने एनसीटीई, विभाजित तथा महाविद्यालय के नॉर्म से परिचित कराते हुए अपनी शुभकामनाएं व्यक्त किया। डॉ. सुनील कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को अकादमिक पक्ष से परिचय कराया जबकि डॉ. प्रियंका कुमारी ने स्टूडेंट्स डेवलपमेंट की बातों को विस्तार से बताया। डॉ नीतू उपाध्याय तथा प्रो. राजेश कुमार ने शिक्षक प्रशिक्षण में कलात्मक पक्ष पर अपने विचार व्यक्त किया साथ ही कुछ एक्टिविटीज भी करवाया। प्रो. अविनाश कुमार ने खेल सहित बी-एड कोर्स के पाठ्य सहगामी क्रियाओं के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किया, प्रोफेसर अंशु रोशलीन लकड़ा ने प्रशिक्षुओं के सांस्कृतिक गतिविधियों की आवश्यकता तथा सर राजीव रंजन कुमार ने शिक्षकों के जीवन में संगीत के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किया, साथ ही यह भी बताया कि महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### खो- खो प्रतियोगिता में बहनों ने प्रथम पुरस्कार जीता

# कबड्डी में भैया की टीम ने द्वितीय पुरस्कार जीता



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा आयोजित 35 वां प्रांतीय शिशु वर्ग कबड्डी खो-खो एवं एथलेटिक्स खेलकूद समारोह महेंद्र मुनी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मधुपुर में आयोजित हुआ। इस समारोह में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, हजारीबाग की बहनों की टीम ने खो- खो में प्रथम स्थान प्राप्त की एवं कबड्डी में भैया वर्ग की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यालय की बहनों एवं भैया ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की वंदना सभा में विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने विजेता भैया-बहनों को मेडल पहनाकर एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर प्राचार्य ने कहा आप सभी के लगन एवं सतत परिश्रम से आपको यह सफलता मिली है। आप सभी हर प्रतियोगिता में इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त करेंगे। ऐसी शुभकामना दी जाती है ' प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में भैया-बहनों के उत्कृष्ट प्रदर्शन में विद्यालय के शारीरिक आचार्य रणजीत सिंह यादव का महत्वपूर्ण योगदान है' 'आचार्य रणजीत सिंह यादव के दिशा निर्देश में प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में भैया - बहन शामिल हुए।

# रजरप्पा क्षेत्र में साफ-सफाई को लेकर समिति ने की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रजरप्पा क्षेत्र की क्षेत्रीय कल्याण समिति की बैठक बुधवार महाप्रबंधक सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महाप्रबंधक कल्याणजी प्रसाद ने की। बैठक में प्रबंधन और श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रबंधन की ओर से परियोजना पदाधिकारी (रप) आरके सिंह, स्टाफ अधिकारी (कार्मिक) मनोज कुमार, स्टाफ अधिकारी (सिविल) विमल कुमार आजाद, स्टाफ अधिकारी (ईएंडएम) राजेश कुमार, स्टाफ अधिकारी (उत्खनन) एसके सिंहा, क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक संजय कुमार शर्मा, क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनके होरो, और क्षेत्रीय कल्याण अधिकारी आशीष झा उपस्थित थे। श्रमिक संगठनों की ओर से अनिल प्रसाद, चंदेश्वर सिंह, रविन्द्र वर्मा, अरुण चौधरी, प्रदीप कुमार, सुख सागर, शंकर चौरसिया, सीडी सिंह, संतोष कुमार और विजय पोद्दार उपस्थित रहे। बैठक में रजरप्पा क्षेत्र में साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल, क्वार्टर मरम्मत, खेल-कूद, और सड़कों की स्थिति जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने मजदूरों की समस्याओं को प्रबंधन के समक्ष रखा और उनके समाधान हेतु विभिन्न सुझाव दिए। महाप्रबंधक कल्याणजी प्रसाद ने श्रमिकों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को कल्याणकारी कार्यों को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया।

## व्यावसायिक संगठनों और पुलिस प्रशासन के बीच हुई बैठक

# व्यवसायियों को प्रतिष्ठान में सीसीटीवी लगाने का निर्देश



*हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, फेडरेशन ऑफ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज विभिन्न व्यवसायिक संगठनों के प्रतिनिधि हुए सम्मिलित*

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
विधि व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने, अपराध मुक्त बनाने एवं यातायात व्यवस्था को निर्बाध गति से चलाने हेतु हजारीबाग के विभिन्न व्यावसायिक संगठनों के साथ स्थानीय सदर थाना सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, फेडरेशन ऑफ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, स्वर्णकार व्यवसायी संघ सहित विभिन्न व्यवसायिक संगठनों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए । आयोजित इस बैठक में हजारीबाग नगर में ट्रैफिक व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने, आए दिन घट रही अपराधी घटनाओं को रोकने और नजर रखने के मुद्दे पर बातचीत हुई। यह भी विचार किया गया कि इन घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए क्या कदम उठाया जाए? बैठक के दौरान पुलिस प्रशासन ने व्यवसायियों से आग्रह किया कि अपनी- अपनी दुकानों के बाहर अनावश्यक रूप से बिक्री की जाने वाली वस्तुएं न रखें। इससे यातायात प्रभावित होती है। इसके साथ ही पुलिस प्रशासन ने व्यवसायियों से आग्रह किया कि व्यवसायी अपने-अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे जरूर लगवाएं। ऐसा करने से अपराधिक गतिविधियों पर निगरानी रखी जा सकेगी। इससे अपराधियों को पकड़ने में मदद मिलेगी । बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि दुकानदारों को ठेले और अन्य अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देश दिया जाएगा। ताकि ट्रैफिक व्यवस्था निर्बाध रूप से चलती रहे। हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष ने कहा कि यातायात व्यवस्था के दौरान यातायात पुलिस द्वारा जो यदा-कदा नाजायज वसूली की जाती है। इस पर शीघ्र विराम लगाया जाए। ऐसा करने से यातायात व्यवस्था भी प्रवाहित होती है। वहीं दूसरी ओर पुलिस की छवि भी खराब होती है। आगे राजकुमार जैन टोंग्या ने कहा कि हजारीबाग में बढ़ती अपराधी घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने में हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा।

## बांग्लादेश में हिंदूओं पर हो हमले के विरोध में आक्रोश मार्च

# बांग्लादेश में हिंदूओं पर बर्बरतापूर्ण तरीके से किया जा रहा है अत्याचार : संजीत कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
राष्ट्रीय सनातन समाज के बैनर तले आक्रोश मार्च का आयोजन किया गया। आक्रोश मार्च शहर के सिद्धू कान्हू मैदान से आरंभ होकर सुभाष चौक स्थित माता विघ्नेश्वरी मंदिर पहुंचकर धरना में तब्दील हो गया। जिसमें विभिन्न वक्ताओं द्वारा बांग्लादेश में सनातनी समाज (हिंदू,सिख,जैन, बौद्ध एवं अन्य) अल्पसंख्यकों पर इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा हमले, हत्या, लूट, आगजनी तथा महिलाओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार पर चिंता व्यक्त करते हुए इसकी कड़ी भर्त्सना की गई। धरना में मुख्य वक्त संजीत कुमार ने कहा कि बांग्लादेश के सनातनी समाज (हिंदू, सिख,जैन, बौद्ध एवं अन्य) सभी अल्पसंख्यकों द्वारा स्वरक्षण हेतु लोकतांत्रिक पद्धति से उठायी गई आवाज को दबाने हेतु उन्हीं पर अन्याय व अत्याचार का नया दौर उभरता दिख रहा है। ऐसे ही शांतिपूर्ण प्रदर्शनों में हिन्दुओं का नेतृत्व कर रहे इस्कॉन के संन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को बांग्लादेश सरकार द्वारा कारावास भेजना अन्यायपूर्ण है। इस महत्वपूर्ण समय में भारत तथा वैश्विक समुदाय एवं संस्थाएं बांग्लादेश के पीड़ितों के साथ खड़े होकर अपना समर्थन प्रकट करना चाहिए तथा अपनी-अपनी सरकारों से इस हेतु हरसंभव मदद प्रयासों की मांग करना विश्व शांति एवं भाईचारे हेतु आवश्यक है। कार्यक्रम में वनवासी कल्याण केंद्र के रिशु मुंडा,एकल अभियान के चन्द्र शेखर , पतंजलि के प्रमोद लाल ,विश्व हिंदू परिषद के मनोज पोद्दार, सनातन समाज के विभिन्न संगठनों के लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। इसके पश्चताप प्रतिनिधि मंडल द्वारा उपायुक्त को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया गया।

# 89 विद्यार्थियों के बीच किया साईकिल का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय बरकट्ठा में प्रखंड प्रमुख रेणु देवी ने वर्ग 8 में अध्ययनरत 89 छात्र एवं 72 छात्राओं के बीच साईकिल का वितरण किया गया। मौके पर प्रमुख रेणु देवी ने कहा कि विद्यार्थियों को कल्याण विभाग द्वारा प्रदत्त साईकिल मिलने से दुर दराज से स्कूल आने वाले बच्चों को सहुलियत होगी। उन्होंने बच्चों को शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। मौके पर प्रमुख रेणु देवी, बीईईओ किशोर कुमार, मुखिया प्रमिला देवी, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, प्रधानाध्यापक राम किशुन महतो, प्रबंधन समिति अध्यक्ष बिनोद साव, सदस्य क्रांति देवी, अनवर हुसैन, सावित्री देवी, त्रिलोकी साव, इंदु देवी, प्रकाश तुरी, इन्द्रदेव साव, मनमोहन दास, बिजय कुमार, हरिहर दास समेत आदि लोग उपस्थित थे।

# विश्व मृदा दिवस : मिट्टी जीवन का आधार है : डॉ मुनीष गोविंद

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
आईसेक्ट विश्वविद्यालय हजारीबाग के मुख्य कैंपस सभागार में विश्व मृदा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने की। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा, वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार, कृषि संकायाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार समेत अन्य के हाथों दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराते हुए कृषि संकायाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार ने विश्व मृदा दिवस की शुरूआत से लेकर अब तक के थीम की विस्तृत जानकारी दी। वर्तमान समय में मृदा की घटती उर्वरा क्षमता पर चिंता जाहिर करते हुए कुलपति डॉ पीके नायक ने मृदा संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मृदा स्वास्थ्य के प्रति



जागरूकता बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। वहीं आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि मिट्टी फसलों को पोषण और आधार प्रदान करती है। मिट्टी स्वस्थ रहेगी तो फसलें स्वस्थ होंगी, जिससे मानव जीवन भी स्वस्थ होगा। ऐसे में देखा जाए तो मिट्टी जीवन का आधार है। उन्होंने मिट्टी की सेहत बनाए रखने के लिए खाद एवं उर्वरकों का संतुलित उपयोग को आवश्यक बताया। कृषि संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ सत्यप्रकाश विश्वकर्मा ने कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग से मृदा पर पड़ने प्रतिकूल प्रभाव का जिक्र किया और कहा कि जैविक खेती की ओर बढ़ना मिट्टी की सेहत लिए फायदेमंद होगा। कार्यक्रम के मंच संचालक व सहायक प्राध्यापक प्रभात किरण ने भी मृदा प्रदूषण को कैसे कम किए जाएं, इस पर बल दिया। सहायक प्राध्यापिका फरहीन सिद्दीकी व प्रतिभा हेंब्रम ने मृदा संरक्षण के लिए जागरूकता को आवश्यक बताया। कृषि संकाय के विद्यार्थियों में कौशल कुमार, चंदन कुमार, आशुतोष, निखिल, मुकेश, प्रणय, अंकित व पवन ने भी अपने अपने विचार रखे। मौके पर मौजूद विद्यार्थियों सहित सभी उपस्थित लोगों ने मृदा संरक्षण का संकल्प लिया।

## एक नजर

### दुर्घटना में दो युवक हुए घायल

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के दो अलग अलग सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। पहली घटना बाघचट्टा के समीप घटी, जिसमें निरंजन तिग्गा सल्या लालटोली निवासी अपने दोस्त के साथ बाईक में कुरडेग गये थे। घर लौटने के क्रम में बाघचट्टा के नजदीक अज्ञात चार पहिए वाहन ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। घायल युवक के पैर में गंभीर चोट लगी है। वहीं दूसरी घटना बनगांव बाजार मोड़ में घटी जिसमें राजपाल साय एवं मंटू साय चाडरीमुंडा निवासी बनगांव साप्ताहिक बाजार जाने के क्रम में बाइक से अनियंत्रित हो कर गिरे जिससे राजपाल साय को चेहरा एवं सिर में गंभीर चोटें लगी है। सीएचसी में प्राथमिक ईलाज के बाद बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया गया ।

### महिला के साथ दुष्कर्म, मामला दर्ज

**कोडरमा।** कोडरमा थाना क्षेत्र के डुमरियाटांड़ जंगल में एक महिला के साथ दुष्कर्म का मामला गुरुवार को सामने आया है। पीड़िता ने कोडरमा थाना में दिए गए आवेदन में बताया कि वह आंगनबाड़ी केंद्र से अपने घर बोनाकली जंगल होते हुए वापस आ रही थी। इसी क्रम पिपराघाटी सोत के समीप पहले से घात लगाए डुमरियाटांड़ निवासी संदीप सिंह मुझे पकड़कर झाड़ियों में ले गया और दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता को धमकी देते हुए कहा कि किसी को बताई तो जान से मार देंगे और वह कपड़ा भी लेकर फरार हो गया। आरोपित घटना को अंजाम देने के बाद महिला का कपड़ा भी लेकर फरार हो गया। घटना के बाद परिजनों के द्वारा पुलिस को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सुजीत कुमार मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की।

### जिला परिवहन पदाधिकारी और अन्य अधिकारियों ने किया खूंटी-अड़की रोड का निरीक्षण

**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी, सहायक अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग और जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक ने गुरुवार को खूंटी-अड़की सड़क का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। इस क्रम में सपारोम मोड़, सायको थाना, सायको बाजार, जरांगा, हेमरोम चौक, हेमरोम बाजार, सेरेंगहातू मोड़, अड़की थाना के समीप और अन्य कई स्थलों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जहां सड़क घुमावदार हैं, वहां साइनेज लगाने का निर्देश दिया गया। इस मार्ग में कई स्थानों पर क्रॉस बैरियर, रंबल स्ट्रिप, साइनेज, कैट्स आई डेलीनेटर लगाने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा सभी संवेदनशील स्थानों पर रोड मार्किंग कराने का निर्देश दिया गया।

---

विश्व मृदा दिवस पर जिला कृषि कार्यालय में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# जैविक खेती को दे बढ़ावा, मिट्टी की बढ़ेगी उर्वरक शक्ति : कृषि पदाधिकारी



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** विश्व मृदा दिवस के मौके पर गुरुवार को सिमडेगा जिला कृषि कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य रूप से जिला कृषि पदाधिकारी मुनेंद्र दास उपस्थित रहे। इसके अलावा सहायक भूमि संरक्षण पदाधिकारी एवं सहायक परियोजना निदेशक आत्मा विभाग तथा कृषि मित्र ,एटीएम बीटीएम एवं किसान उपस्थित थे। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा कि विश्व मृदा दिवस मृदा के उर्वरक शक्ति को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि मृदा की उर्वरा शक्ति बनाए रखने के लिए फसल चक्र को अपनाएं। उन्होंने कहा कि खेतों में एक ही प्रकार की फसल लगाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि मिट्टी में कंपोस्ट, गोबर, जैविक खाद का उपयोग करें। इसके साथ ही पौधरोपण, बोरी बांध, चेकडैम, ड्रिप इरिगेशन का उपयोग करने की अपील किसानों से की। उन्होंने आगे कहा हमारा देश कृषि प्रधान है कृषि को और भी बढ़ावा देने की आवश्यकता है। कृषि को बढ़ावा देने के लिए सरकार भी कृतसंकल्प है। कृषि के प्रति किसानों में जागरूकता लाने की आवश्यकता है उन्होंने समय-समय पर किसानों को प्रशिक्षण देने की बात कही तथा सभी किसान से कहा कि अपने खेतों की मिट्टी की जांच करायें। इस अवसर पर किसानों को मिट्टी जांच से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गयी तथा रासायनिक खाद के प्रयोग कम से कम करने का सुझाव दिया गया। जैविक खादों का उपयोग ज्यादा करने की बात कही गयी। कार्यशाला में जिले भर से आए हुए लोग उपस्थित थे।

---

रामनारायण बाबू को किया गया याद

# रामनारायण बाबू ने न्याय और सिद्धांतों से कभी नहीं किया समझौता : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** हजारीबाग जिले के प्रखर अधिवक्ता व वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता तथा बरही विधायक मनोज कुमार यादव के पिता स्व रामनारायण यादव के 40वीं स्मृतिदिवस मनायी गयी। इस अवसर पर आरएनवाईएम महाविद्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि विधायक मनोज यादपव सहित उनके बड़े भाई बिनोद यादव, शासी निकाय के यूआर डॉ चंद्रशेखर सिंह, महाविद्यालय के सचिव परमेश्वर यादव, प्राचार्य डॉ बिमल किशोर, जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव, जिप सदस्या प्रीति कुमारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सुरेंद्र रजक, दिनेश सिंह राठौड़, हरीश प्रसाद, नारायण यादव, राजदेव यादव, सद्भावान विकास मंच के अध्यक्ष, जुगल यादव, मुखिया शमशेर आलम, राजन ओम, गुरुदेव गुप्ता आदि सहित कई लोग शमिल हुए। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य के निर्देशन में हिंदी के प्रोफेसर हीरामन साहू ने किया।

---

## न्यूज | बॉक्स

### वाहन के धक्के से एक व्यक्ति की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**केरसई।** केरसई थाना क्षेत्र के बैलधोया पुल के पास बुधवार देर शाम पिकअप के धक्के से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मालसाड़ा पांडुडेरा निवासी सीपीरियन सोरेंग अपने साथी के साथ केरसई घर के लिए चुना पेंट खरीदने गया था और लौट रहा था। इसी दौरान दोनों साथी पेशाब के लिए मोटरसाइकिल खड़ी कर उतारे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार पिकअप सीपीरियन को धक्का मार दिया जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। जबकि उसके साथ अन्य साथी के माथे में चोट लगी। इधर टक्कर मारने के बाद मौके से पिकअप चालक पिकअप वाहन को लेकर घटनास्थल से फरार हो गया। घटना के बाद घायल व्यक्ति को ईलाज के लिए सदर अस्पताल लाया जा रहा था इसी दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने के बाद सांसद प्रतिनिधि डेविड तिर्की और कोलेबिरा विधायक प्रतिनिधि शमी आलम और कांग्रेस नेता शिशिर मिंज सदर अस्पताल पहुंच कर मृतक के परिजनो से मिले और उन्हें सांत्वना दिया।इधर पुलिस घटना में टक्कर मार कर फरार वाले पिकअप वाहन को पकड़ कर मामले में अग्रतर कार्रवाई शुरू कर दी हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना के बाद पिकअप चालक ने सुनसान देख मौके से फरार होकर सामान को खाली करते हुए वहां को कहीं छुपा दिया था लेकिन पुलिस के द्वारा वाहन को एवं वाहन चालक को थाना लाई और इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। वहीं घटना के बाद सिमडेगा थाना की पुलिस मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाते हुए शव परिजनों को सौंप दिया।

### डीसी ने की सीएसआर मद के योजनाओं की समीक्षा



**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला योजना के अनाबद्ध निधि, जायका तथा सीएसआर मद की योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। जिसमें कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, एनआरईपी, विशेष प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा की जा रही कार्यों को समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। जो योजनाएं पूर्ण हैं उनकी अधियाचना तीन दिनों के अंदर दी जाय। वैसी योजनाएं जिनका निविदा हो चुकी हैं, निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारंभ करें। आज की बैठक में जिला योजना पदाधिकारी अनूप शोभा मिंज,सभी कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

### ई कल्याण पोर्टल में सभी का निबंधन शत-प्रतिशत हो : डीसी

**सिमडेगा** उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने समेकित जनजातीय विकास अभिकरण तथा कल्याण विभाग द्वारा छात्रवृति वितरण की समीक्षा बैठक की। बैठक में कक्षा 1-10 तक के छात्र छात्राओं की छात्रवृति वितरण की समीक्षा की गई। जिसमें ई कल्याण पोर्टल तथा आई एन ओ पोर्टल में छात्रों का निबंधन कम देखा गया। इसके लिए लिए जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देश दिया गया कि ई कल्याण पोर्टल में सभी छात्र छात्राओं का निबंधन शत प्रतिशत कराएं।सभी विद्यालयों के शत प्रतिशत बच्चों का निबंधन हो ताकि कोई भी छात्रवृति से वंचित न रहे। जिला शिक्षा अधीक्षक एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी कोपोस्ट मैट्रिक छात्रवृति के लिए पत्र देने का निर्देश परियोजना निदेशक सह कल्याण पदाधिकारी को दिया गया।बैठक में उपविकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु,परियोजना निदेशक सरोज तिर्की,जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक राम,जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी उपस्थित थे।

### नव नियुक्त चौकीदारों से मिले एसपी



**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नव नियुक्त ग्रामीण पुलिस (चौकीदारों) से मुलाकात किया। वहीं पुलिस केन्द्र रामगढ़ में आयोजित प्रशिक्षण अवधि में क्या सिखाया गया इसके संबंध में जानकारी लिया गया। ग्रामीण पुलिस के रूप में कार्य करने के दौरान सामने आने वाली चुनौतियों का सामना कैसे करना है एवं किस तरह से कार्य करना है इसको लेकर पुलिस अधीक्षक द्वारा नव नियुक्त ग्रामीण पुलिस (चौकीदारों) को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

---

# डीसी ने की योजनाओं की समीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में समेकित जनजातीय विकास अभिकरण तथा कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में आदिवासी मांझी कला भवन, धुकुड़िया भवन, सरना, मसना, कब्रिस्तान घेराबंदी तथा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना , छात्रावासों की मरम्मति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी योजनाओं की गुणवत्ता पूर्ण पूरा करने का निर्देश कार्यपालक अभियंताओं को दिया। गुणवत्ता में समझौता न कि जाय।योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक में अपने स्तर से लाभुक समिति के अध्यक्ष सचिव के साथ अभियंताओं की बैठक कर लाभुक समिति को निर्माण कार्य मे प्रोत्साहित करें। पूरे हुए योजनाओ की देयता का बजट प्राप्त कर भुगतान करें। हर वर्ष की योजनाओं का स्टेटस रिपोर्ट बनाएं। निमार्णाधीन योजनाओ के फोटोग्राफ भी संलग्न करें।2022-23की योजनाओं को प्राथमिकता देकर पूर्ण कराएं। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के लाभुकों का अंशदान का डीडी प्राप्त कर 15 दिनों में भुगतान सुनिश्चित करें।सभी योग्य लाभुकों को शीघ्र लाभ दें। बैठक में उपविकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, परियोजना निदेशक सरोज तिर्की, सभी कार्यपालकअभियंता भवन प्रमंडल, विशेष प्रमंडल,पेयजल एवं स्वच्छता ,ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

---

विधिक सेवा इकाई समिति सदस्यों के लिए प्रशिक्षण आयोजित

# मानसिक बीमार लोगों के लिए कानून में कई अधिकार प्राप्त हैं : पीडीजे



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों और बौद्धिक अक्षमताओं वाले व्यक्तियों को कानूनी सेवाएं प्रदान की जायेगी। इसके लिए विधिक सेवा इकाई समिति सदस्यों के लिए व्यवहार न्यायालय सभागार में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला की शुरूआत गुरुवार को हुई। कार्यशाला का उद्घाटन प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश निरंजन सिंह, प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम, राष्ट्रीय लोक अदालत के अध्यक्ष रमेश कुमार श्रीवास्तव,बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय कुमार मिश्रा,चीफ एलएडीएस प्रभात कुमार श्रीवास्तव आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर पीडीजे ने कहा कि मानसिक रूप से बीमार और बौद्धिक रूप से विकलांग लोगों के लिए कानून में कई अधिकार प्राप्त हैं। जानकारी के अभाव में इससे पीड़ित लोग अपने अधिकारों को प्राप्त नहीं कर सकते हैं। उन्होंने ऑटिज्म,सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक और बहु विकलांगता वाले व्यक्तियों के कल्याण के लिए राष्ट्रीय ट्रस्ट अधिनियम 1999 के बारे जानकारी दी। पीडीजे ने मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों और बौद्धिक विकलांगता वाले व्यक्तियों के संदर्भ में कानूनी और नीतिगत रूपरेखा के बारे बताया।

---

चलो घर बनाए अभियान के तहत बीडीओ ने प्रखंड कर्मियो को किया रवाना

# प्रथम चरण के 922 में अब तक मात्र 19 आवास हुए है पूर्ण, शेष निर्माणाधीन : केके भारती



**प्रखंड में 922 और 960 कुल 1888 लाभुकों को आवास आवंटित किए गए है. जिसमें पहले चरण के सभी लाभुकों को पैसा दिया जा चुका है**

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** प्रखंड में लंबित पड़े अबुआ, पीएम या अंबेदकर आवास निर्माण कार्य को पूर्ण करने के उद्देश्य चलो घर बनाए अभियान चलाया जा रहा है. इस अभियान की गति को सार्थक करने के उद्देश्य से बीडीओ जयपाल महतो ने प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में लंबित आवास को शीघ्र पूरा करवाने के लिए प्रखंड कर्मियों को क्षेत्र में रवाना किया. साथ ही आवास कार्य के अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कार्य की गति तेज करते हुए शीघ्र निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया. प्रखंड आवास समन्वयक केके भारती ने बताया कि प्रखंड में 922 और 960 कुल 1888 लाभुको को आवास आवंटित किए गए है. जिसमें पहले चरण के सभी लाभुको को पैसा दिया जा चुका है. जिसमे अब तक मात्र 19 आवास पूर्ण हुए है, शेष निमार्णाधीन हैं. वही दूसरे चरण में 400 लाभुको को भुगतान किया गया है. उन्होंने बताया कि आवास निर्माण कार्य में दुलमहा पंचायत सबसे पीछे और कोल्हुआ कला सबसे आगे चल रहा है. दुलमहा कुल 45 आवास निर्गत है, जिसमे मात्र एक पूरा हुआ है जबकि कोल्हुआ कला के 50 आवास में लगभग 10 पूर्ण हो चुके हैं. शेष निमार्णाधीन हैं. बीडीओ ने स्वयं प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में भ्रमण कर आवास निर्माण का जायजा लिया साथ ही लाभुको को शीघ्र कार्य पूरा करने का निर्देश दिया.

---

# ब्राह्मण बच्चों का सामूहिक यज्ञोपवित संस्कार 18 जनवरी को



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** उत्कलिय ब्राह्मण सेवा संघ केंद्रीय समिति रांची एवं जिला समिति झारखंड के संयुक्त तत्वावधान में अगामी 18-19 जनवरी 2025 को सिमडेगा जिले अंतर्गत ग्राम लचड़ागढ़ में ब्राह्मण बच्चों का सामूहिक यज्ञोपवित संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में 51 ब्राह्मण बच्चों का सामूहिक यज्ञोपवित संस्कार किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए जिला इकाई के अध्यक्ष आचार्य विद्या बंधु शास्त्री एवं संघ के सुनील कुमार द्विवेदी द्वारा उत्कलिय ब्राह्मण परिवार सिमडेगा, खूंटी, गुमला, रांची, लोहरदगा के सदस्यों से आग्रह किया गया है कि जो अभिभावक अपने बच्चों का यज्ञोपवित संस्कार कराने को इच्छुक हैं वे 10 दिसंबर तक जिले के अध्यक्ष से सम्पर्क कर पंजीकरण करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अध्यक्ष विद्या बंधु शास्त्री मो नंबर 7739326924 या सुनील कुमार द्विवेदी मोबाइल नंबर 6201194636 से सम्पर्क कर सकते हैं, यज्ञोपवित संस्कार को लेकर ब्राह्मण सेवा संघ के विभिन्न समितियों द्वारा जोर शोर से तैयारी की जा रही है।

---

समाहरणालय सभागर में उपायुक्त ने की मध्याह्न भोजन की समीक्षा

# एजेंसी को हटाकर पुरानी व्यवस्था पर चावल का होगा उठाव



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मध्याह्न भोजन, पोशाक वितरण, स्कूल बैग वितरण, साईकिल वितरण, छात्रवृति, विद्यालय अनुदान वितरण, दिव्यांग किट सहित अन्य विषयों पर आवश्यक निर्देश दिए गए। मध्याह्न भोजन योजना में चावल उठाव एवं विद्यालयों तक परिवहन एवं हथालन का कार्य कर रही एजेंसी की लापरवाही को देखते हुए उसे स्पष्टीकरण का नोटिस देकर अग्रतर कार्रवाई करने का निर्देश जिला शिक्षा अधीक्षक को दिया। एजेंसी की लापरवाही को देखते हुए उसे हटाकर पुरानी व्यवस्था के तहत चावल का उठाव की जाएगी। रसोईया के मानदेय का भुगतान, उन्हें आयुष्मान भारत से जोड़ने, उन्हें किसी न किसी पेंशन योजना से जोड़ने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने प्रधान मंत्री पोषण अभियान को बेहतर करने, विद्यालयों में चल रहे मध्याह्न भोजन की निगरानी एवं प्रत्येक माह सभी संबंधित अधिकारियों को पच्चीस से तीस विद्यालयों का निरीक्षण करने तथा उपयुक्त फॉर्मेट में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया ताकि मध्याह्न भोजन की गुणवता बनी रहे। सभी कक्षाओं का पोशाक वितरण व राशि संबंधित के खाते में 15 दिसंबर तक शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की समीक्षा करने का निर्देश दिया ताकि अन्य जिलों वो राज्यों की तुलना में अपनी स्थिति स्पष्ट हो। पुस्तक मेला, टी एल एम मेला आदि बेहतर ढंग से कराने का निर्देश दिया गया, साहित्यकारों, कवियों को भी आमंत्रित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिले का परीक्षा परिणाम को और बेहतर बनाने की दिशा में अधिक ध्यान देने की बात कही।आज की बैठक में उपविकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरू, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, बीपीओ सहित अन्य उपस्थित थे।

---

जिला कल्याण अस्पताल प्रबंधन समिति की उपायुक्त ने की समीक्षा

## ओपीडी संचालन के लिए सामग्री की ली जानकारी

**सिमडेगा ।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला कल्याण अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक की गई। बैठक में कल्याण विभाग द्वारा बानो प्रखंड में चल रहे कल्याण अस्पताल के ओपीडी संचालन हेतु एजेंसी आईसीआरटी को जरूरत सामग्री क्रय किये जाने के संबंध में जानकारी ली गई। संचालक के प्रतिनिधि ने जानकारी दी कि 599 अदद सामग्री की सूची तैयार की गई है जिसके अनुमोदन पश्चात क्रय किया जाना है। उपायुक्त ने सूची सिविल सर्जन सिमडेगा को आवश्यक सामग्री का सत्यापन कर 15 दिनों के अंदर उपलब्ध कराने को कहा गया। सिविल सर्जन के साथ आयुष चिकित्सा पदाधिकारी तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी बानो की उपस्थिति में निर्णय लेंगे तथा सूची का अनुमोदन अगली बैठक में कर ई- टेंडर या जेम से क्रय की प्रक्रिया बजट के अधीन की जाएगी। ध्यान रखने का निर्देश दिया गया है कि बजट अनुरूप आवश्यक सामग्री का क्रय हेतु लिस्ट बनाई जाए।

---

## किसानों को दी गई एनपीएसएस ऐप की जानकारी

**सिमडेगा।** एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, रांची की ओर से गुरुवार को आत्मा सभाकक्ष, सिमडेगा में जिले के विभिन्न प्रखंडों के प्रगतिशील किसानों को राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली (एनपीएसएस) ऐप सह आईपीएम की जानकारी दी गई। सीआईपीएमसी रांची केंद्र के सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी सुनीता रंजनी लकड़ा ने बीजोपचार का लाभ, मित्र कीटों की पहचान एवं कीटनाशकों के सुरक्षित उपयोग के बारे में जानकारी दी तथा विभिन्न फसलों में कीट व्याधि, स्वीकृत लेवल कीटनाशक एवं खुराक के विषय पर चर्चा की। सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी प्यारी संगा के द्वारा विभिन्न आईपीएम विधियों द्वारा कीट व्याधि नियंत्रण, विभिन्न प्रपंच की कृषि में उपयोगिता तथा कीट व्याधि निगरानी के बारे में विस्तार से बताया तथा एनपीएसएस मोबाइल ऐप का महत्व पर चर्चा की एवं किसानों को एनपीएसएस ऐप डाउनलोड करवा के ऐप के प्रयोग के बारे में बताया गया, जिसके द्वारा समय-समय पर एनपीएसएस मोबाइल ऐप में कीट एवं बीमारियों की घटनाओं की स्पष्ट तस्वीर अपलोड करके किसान एनपीएसएस ऐप के माध्यम से विशेषज्ञों द्वारा जारी सलाह या पूर्व चेतावनी को अपनाकर स्वयं अपने खेतों में कीट रोग निगरानी एवं नियंत्रण कर सकते हैं ।

---

आईसीएआर में मृदा दिवस पर अरहर कार्यक्रम आयोजित

# अरहर के पौधे को हरे या सूखे चारे के रूप में करे प्रयोग : डॉ सनत




**नवीन मेल संवाददाता। बरही** विश्व मृदा दिवस के अवसर भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र गौरियाकरमा में किसान प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया. कार्यक्रम नाबार्ड के तहत आयोजित किया गया था. जिसके तहत झारखंड में पोषण एवं आजीविका सुरक्षा के लिए धान-परती पारिस्थितिकी तंत्र में दलहनी फसलों की सतत गहनता पर आधारित था. जिसके तहत गौरियाकरमा, खेरौन, निचीतपुर, कजरा आदि गांव के सैकड़ों के किसानों ने हिस्सा लिया. किसानों ने अरहर अनुसंधान तथा बीज उत्पादन प्रक्षेत्र का भ्रमण किया. इस दौरान आनुवंशिक एवं पादप प्रजनन वैज्ञानिक डॉ अनिमा महतो तथा योजना अन्वेषक ने किसानों को अरहर की खेती एवं गुणवत्तापूर्ण बीज के महत्व की जानकारी दिया. वैज्ञानिक डॉ मोनू कुमार और डॉ आकाश ए ने अरहर की वैज्ञानिक खेती एवं बीज उत्पादन के तकनीक को बताया. संस्थान के पशु पोषण वैज्ञानिक डॉ सनत कुमार महंता ने किसानों को अरहर के पौधे को हरे या सूखे चारे के रूप में प्रयोग करने का सलाह दिया. मृदा दिवस के अवसर पर बागीश्वरी किसान उत्पादक संगठन गिद्धौर के सुबोध कुमार ने अधिकारी ने किसानों को मृदा जांच के महत्ता पर चर्चा करते हुए मृदा जांच करवाने की भी बात कही. कार्यक्रम का समापन किसानो के बीच चना एवं मसूर के बीज वितरण के साथ किया गया.कार्यक्रम में डॉ मनोज चौधरी, डॉ पवित्रा, डॉ साहेब पाल, डॉ सौगत भट्टाचार्य, डॉ संतेश, डॉ प्रीति तिग्गा, डॉ प्रीति सिंह एवं अन्य वैज्ञानिक उपस्थित थे.

## एक नजर

### मृत आमुस केरकेट्टा की बेटी को अनुकंपा पर मिली नौकरी



**गुमला।** उग्रवादी हिंसा में अपनी जान गंवाने वाले आमुस केरकेट्टा की बेटी बेरोनिका केरकेट्टा को अनुकंपा के आधार पर नौकरी मिला गया। गुमला जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो ने बेरोनिका को तृतीय वर्ग के पद पर नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने बेरोनिका को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। वहीं कहा कि यह नौकरी उनके परिवार के लिए संबल साबित होगी। नियुक्ति का निर्णय पूर्व में हुई जिला अनुकंपा समिति की बैठक में बेरोनिका की शैक्षणिक योग्यताओं के आधार पर लिया गया था।

### पोषण और शिक्षा में समग्र विकास पर प्रशिक्षण का आयोजन

**गुमला।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण भी, पढ़ाई भी अभियान के तहत नगर भवन में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, और प्रारंभिक शिक्षा में सुधार लाना है। प्रशिक्षण में जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी ने बताया कि 0 से 3 वर्ष के बच्चों के प्रारंभिक बाल्यकाल विकास और 3 से 6 वर्ष के बच्चों की शिक्षा में सुधार हेतु कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। मास्टर ट्रेनरों द्वारा नवचेतना और आधारशिला मॉड्यूल की संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यकर्ताओं का ऑनलाइन उपस्थिति पंजीकरण, प्री-टेस्ट और पोस्ट-टेस्ट करवाया गया। प्रोजेक्टर के माध्यम से शिक्षण सामग्री को सरल और प्रभावी तरीके से समझाया गया।

### अवैध बालू उठाव को रोकने के लिए पुलिस ने ट्रेंच खोदा

**जारी।** प्रखंड में अवैध रूप से बालू उठाव को रोकने के लिए जारी थाना क्षेत्र के गोविंदपुर पंचायत अंतर्गत कमलपुर बालू घाट के नदी किनारे ट्रेंच खोदा दिया। जारी पुलिस की मौजूदगी में जेसीबी मशीन से ट्रेंच खोदा गया। साथ ही थाना प्रभारी आदित्य कुमार ने कहा कि अवैध रूप से बालू का उठाव पूर्ण रूप से बंद हो इसके लिए यह कदम उठाया गया है। यदि चोरी छुपे कोई व्यक्ति बालू का अवैध उठाव करता है और पकड़े जाते हैं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही बालू घाटों में ट्रेंच खोदे जाने की सूचना पर बालू माफियाओं में हड़कंप मचा है।

### जिग्गा सुसारण होरो के जीत पर कल विजय जुलूस

**कामडारा (गुमला)।** सिसई विधानसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी जिग्गा सुसारण होरो की जीत पर 7 दिसंबर को कामडारा से पोकला गेट तक विजय जुलूस और आभार यात्रा निकाली जाएगी। यह जानकारी झामुमो के आगामी विधायक जिग्गा सुसारण होरो ने दी। विजय जुलूस की शुरूआत सुबह 11 बजे कामडारा मिशन चौक से होगी, जो पोकला गेट तक निकाला जाएगा। इसके बाद जुलूस कामडारा स्टेडियम मैदान पर समाप्त होगा, जहां विधायक होरो सभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले, विधायक कुरकुरा स्थित शहीद स्थल पर माल्यार्पण करेंगे। विजय जुलूस और आभार यात्रा की सफलता को लेकर बुधवार को ब्लॉक चौक स्थित पार्टी कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें कांग्रेस और झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

### गुमला पुलिस की बड़ी सफलता

# तीन महिलाएं गांजा तस्करी में गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गांजा तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई में गुमला पुलिस ने तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। इस अभियान की जानकारी पुलिस अधीक्षक (एसपी) शंभू कुमार सिंह ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई और इसे पुलिस की टीम ने सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया।

एसपी ने बताया कि प्राथमिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि महिलाएं संगठित रूप से इस अवैध व्यापार को संचालित कर रही थीं। बरामद सामग्रियों को फॉरेंसिक लैब में भेजा गया है ताकि पदार्थों की सटीक प्रकृति का निर्धारण किया जा सके। एसपी ने बताया कि इस छापेमारी अभियान में एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव और गुमला थाना प्रभारी मुनरजी तिवारी के नेतृत्व में एक टीम ने भाग लिया। अभियान में पुलिस के अन्य कर्मियों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

एसपी ने कहा कि गिरफ्तार महिलाओं से पूछताछ के आधार पर यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि इस अवैध व्यापार के पीछे कौन-कौन से अन्य लोग शामिल हो सकते हैं। यह जांच की जा रही है कि क्या यह तस्करी स्थानीय स्तर तक सीमित है या इसके तार अन्य जिलों से भी जुड़े हैं। एसपी शंभू कुमार सिंह ने इस कार्रवाई को गुमला जिले में नशा और अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस की मुहिम का हिस्सा बताते हुए कहा कि ऐसे अपराधों पर सख्ती से रोक लगाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे नशे के खिलाफ अभियान में पुलिस का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत साझा करें।



#### एसपी का बयान

प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी शंभू कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि सिसई रोड स्थित गांधी नगर क्षेत्र में कुछ महिलाएं अपने घरों से अवैध रूप से गांजा बेच रही हैं। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने छापेमारी के दौरान सुमित्रा देवी (41 वर्ष), बेना देवी (34 वर्ष), और बिनिता देवी (27 वर्ष) को गिरफ्तार किया। उनके घरों की तलाशी ली गयी, जिसमें 740 ग्राम गांजा, गांजा बिक्री के लिए तैयार गांजा का 250 पुड़िया व संदिग्ध सफेद पदार्थ 550 ग्राम (जांच जारी)पाया गया।

# सुदिव्य कुमार का जिला प्रमुख से मंत्री बनने का सफर



**गिरिडीह (हि.स.)।** झारखंड में हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के छह दिन बाद गुरुवार को राजभवन के अशोक उद्यान में 11 मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शपथ दिलायी। मंत्रिपरिषद में गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार भी शामिल हैं। जेएमएम के कद्दावर नेता सुदिव्य कुमार पार्टी संगठन की पहचान एक मुखर विधायक के तौर पर बनी है। अपने भाई-बहनों में सबसे छोटे 54 वर्षीय सुदिव्य कुमार का सियासत से कभी खानदानी लगाव नहीं रहा, अपितु एक वाक्या ऐसा हुआ, जिससे इनके अन्तर्मन ने सार्वजनिक जीवन की राह पकड़ने के लिए विवश कर दिया। दरअसल 1989 में इनकी मुलाकात पृथक राज्य आंदोलन की अगुवाई करने वाले झारखंड के दिशोम गुरु जेएमएम प्रमुख शिबू सोरेन से हुई। उन्होंने युवा सुदिव्य कुमार का परिचय जाना। कहते हैं कि कुछ मिनटों की मुलाकात में झारखंडी लोगों के लिए अपना जीवन खपाने वाले गुरुजी की अनुभवी आंखों ने एकयुवा की कर्मठता को पढ़ लिया। गुरुजी ने युवा सुदिव्य कुमार के कंधे पर हाथ रखकर उज्जवल भविष्य का आशीष दिया और इसके साथ गुरुजी युवा सुदिव्य कुमार के आदर्श हो गये।

शुरूआती दौर में सुदिव्य कुमार पृथक झारखंड आंदोलन से जुड़े। नब्बे के दशक में जेएमएम के बैनर तले सक्रिय राजनीति में कदम रखा। पृथक राज्य गठन के पश्चात गिरिडीह जिला प्रमुख बने। इस दौरान अपनी कुसलता से जिले में न सिर्फ पार्टी संगठन का विस्तार किया, साथ ही संगठन को जरूरी संसाधनों से जोड़कर धारदार बनाने का काम किया। पार्टी आलाकमान ने संगठन दल के प्रति निष्ठा और प्रतिबद्धता के मद्देनजर वर्ष 2009 में गिरिडीह सदर सीट से टिकट दिया। सफलता नहीं मिली। फिर पुनः 2014 में टिकट दिया, जहां आंशिक मतों से पराजय हुई। दस वर्षों की मेहनत और जन जुड़ाव के बाद 2019 में सफलता मिली और पहली बार विधानसभा पहुंचे। इसके बाद से ही 2024 का लक्ष्य हासिल करने की रणनीति के तहत जनमानस के दिलों में अपनी विशेष जगह बनाने में जूट गये। इसके फलस्वरूप पुनः 2024 में जनता के आशीर्वाद से विधानसभा पहुंचे।

## सशस्त्र सीमा बल ने खोला मोटर ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र, 8 लोग होंगे प्रशिक्षण में शामिल

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थिति एसएसबी कैंप में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 32वीं बटालियन ने सिलम गुमला में मानव संसाधन विकास कार्यक्रम के तहत एक मोटर ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया। इस प्रशिक्षण केंद्र का उद्देश्य स्थानीय युवाओं को ड्राइविंग कौशल में प्रशिक्षित करना है। चैनपुर प्रखंड से 8 चयनित व्यक्तियों को इस कार्यक्रम में शामिल करने के लिए सिलम गुमला भेजा जाएगा। यह पहल न केवल युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।सशस्त्र सीमा बल के इस कार्यक्रम से स्थानीय समुदाय में उत्साह है और उम्मीद की जा रही है कि इससे क्षेत्र में ड्राइविंग कौशल में सुधार और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। मौके में प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा, जिप सदस्य मेरी लकड़ा, मुखिया शोभा देवी, चैनपुर सर्किल इंपेक्ट महेंद्र करमाली, चैनपुर थाना प्रभारी कुन्दन चौधरी, कमांडेंट चंद्रजीत सिंह, एसएसबी के डिप्टी कलेक्टर दिपज्योति,एसएसबी सब इंस्पेक्टर रवि कुमार धनका मौजूद रहे।

## फांसी लगाकर एक ने की आत्महत्या

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के केड़ेग सोनाटोली में गांव के रामचंद्र लोहरा ने अपने घर के अंदर रस्सी के सहारे फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। घटना गुरुवार सुबह की बताई जा रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था। गुरूवार की सुबह उसका मानसिक संतुलन बिगड़ गया और गांव के एक व्यक्ति को टांगी से मारकर घायल कर दिया। जिसके बाद गांव वालों ने इसकी सूचना चैनपुर थाना को दी। चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी अपने दल बल के साथ गांव पहुंचे और आरोपी को घर में ढूंढने लगे तो देखा कि उसने घर के अंदर रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।


JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj e-mail : gmtzdal@gmail.com

e-Tender Cancellation Notice

e-NIT No. 176/PR/JUSNL/2024-25 for the Repair & Maintenance, painting (inside and outside area), sanitary work & other misc. work of Staff Quarter (F – Type) at 132/33 kV, GSS, Daltonganj is hereby cancelled due to unavoidable reasons.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR No. 334859)

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV,
Medininagar

PR 341257 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 24-25 (D)


## बाल मजदूरी के लिए जा रहे 23 बच्चों को कराया गया मुक्त

**गिरिडीह (हि.स.)।** बाल मजदूरी के लिए गुजरात ले जा रहे 23 बच्चों को गिरिडीह के देवरी थाना पुलिस ने गुरुवार को मुक्त कराया है। बताया गया कि कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन के सहयोग से देवरी पुलिस को ये सफलता हाथ लगी। इस दौरान तीन आरोपित को भी गिरफ्तार किया गया। इन आरोपितों के जरिये जिस गुजरात नंबर के स्लीपर बस से 23 बच्चों को लेकर जाया जा रहा था, उस बस को भी जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों में गुजरात के बस चालक चिराग कुमार, जमुआ के मलेडीह निवासी रवींद्र कुमार और जमुआ के सियातांड निवासी छोटू भाई शामिल है। जानकारी के अनुसार छोटू भाई बस का मालिक भी बताया जा रहा है। मानव तस्कर के चंगुल से मुक्त कराए गए 23 बच्चे गिरिडीह के देवरी, तिसरी के साथ देवघर के मधुपुर और पश्चिम बंगाल के वर्धमान जिले से जुड़े बताए जा रहे है। इनकी उम्र 15 से 20 के करीब है। पूछताछ में तीनो आरोपितों ने बताया कि बच्चों को जमुआ से गुजरात ले जाया जाना था। लेकिन जमुआ जाने से पहले इन बच्चो को रेस्क्यू कर लिया गया। पुलिस अब इनके खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# बाबूलाल मरांडी ने कोदईबांक में मांझी थान का किया शिलान्यास



**गिरिडीह (हि.स.)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को अपने गांव कोदईबांक के मुहाने पर मांझी थान (संताल आदिवासी समाज का पूजा स्थल) का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि संथालों का दो ही पूजा स्थल होता है, एक जाहेर थान और दूसरा मांझी थान ये हमारे संथाल समाज की पवित्र पहचान है। अगर गांव से मांझी थान और जाहेर थान समाप्त हो जाएगा, तो संथाल जाति भी समाप्त हो जाएगी। हम तभी तक संथाल हैं, जब तक हम जाहेर थान-मरांग बुरू को पूजते हैं। जाहेर थान में मरांग बुरू की पूजा संथालों की पहचान है। ठीक वैसे ही, हम पिलचु हाड़म और पिलचु बूढ़ी के वंशज हैं और उनकी आराधना करते हैं। यही हमारी जड़ें, हमारी परंपरा और हमारे संथाल होने की सबसे बड़ी पहचान हैं।


कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमंडल, राँची।
कमरा नं० 302, तृतीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची– 834001
ई–मेल – eemidran-cemr-jhr@nic.in, midranchi2018@gmail.com
फोन नं० – 0651–3512781
पत्रांक................../ राँची, दिनांक ......../......../2024

प्रेस विज्ञप्ति

इस कार्यालय के पत्रांक– 762 दिनांक 28.11.2024 द्वारा PR No– 340783 Minor Irrigation (24-25)#D से प्रकाशित निविदा कंजिया सोलर चलित उद्वव सिंचाई योजना का निर्माण कार्य, प्रखण्ड– माण्डर को अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक रदद् किया जाता है।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, राँची।

PR 341290 Minor Irrigation(24-25)D


# एक कुड़मी विधायक को मंत्री पद मिलना दुर्भावना : चौधरी चरण महतो



नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड में कुड़मी (महतो) की आबादी लगभग 25% हैं। झामुमो से 4 और कांग्रेस से 1 कुड़मी विधायक हैं। बावजूद इसके केवल एक कुड़मी विधायक को मंत्रीपद दिया गया हैं।जो वर्तमान सरकार की दुर्भावना को दर्शाता हैं।उक्त बातें बृहद झारखंड आदिवासी कुड़मी मंच संयोजक चौधरी चरण महतो ने कही। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलन का इतिहास की समीक्षा करें,तो पायेंगे कुड़मी समुदाय का महत्वपूर्ण योगदान हैं। जबकि,जिसकी जितनी जनसंख्या भारी उसकी उतनी भागीदारी होनी चाहिए।कम से कम 2 कुड़मी विधायक को मंत्रीपद मिलना चाहिए।कांग्रेस कोटे से भी एक कुड़मी विधायक को मंत्रीपद के लिए आगे करना चाहिए।उन्होंने आगे कहा कि कुड़मी विधायक को वर्तमान हेमन्त सरकार द्वारा उचित मंत्रीपद नहीं दिया जाना सरकार का कुड़मी जनजाति के प्रति दुर्भावना से ग्रसित मानसिकता को दशार्ता हैं। मुख्यमंत्री द्वारा सिर्फ आदिवासी समुदाय से चार मंत्री बनाया जाना उचित नहीं हैं। कुड़मी समाज के बीच सरकार का यह संदेश अच्छा नहीं जाएगा। आने वाले दिनों में समाज इसका जोरदार विरोध करेगा।

# ओडीएम सफायर ने 5 विकेट से मैच जीता

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** सरला देवी बिड़ला अंडर-14 क्रिकेट मैच नेहरू ग्राउंड में खेला गया। मैच सच्चिदानंद ज्ञान भारती मॉडल स्कूल बनाम ओडीएम सफायर के बीच खेला गया। सच्चिदानंद ज्ञान भारती मॉडल स्कूल ने 29.2 ओवर में 10 विकेट पर 154 रन लिया। इस दौरान शास्त्र मारुति ने 23, अनंत कच्छप - 21 व आर्यन ने 14 रन बनाया। सूरज सिंह ने चार विकेट लेकर 27 रन दिये। वहीं आरुष राज ने दो विकेट लेकर 21 रन दिया, सोन राज ने दो विकेट लेकर 32 रन दिया। वहीं नैतिक ने एक विकेट लेकर 27 रन दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी ओडीएम सफायर ने 29.1 ओवर में पांच विकेट खोकर 155 रन बनाया। नैतिक कुमार ने 51, सूरज सिंह ने 34 व गोलू ने 29 रन बनाया। कन्हैया ने दो विकेट लेकर 20 रन दिया। शिवांश, एलेक्स और आर्यन सभी ने एक-एक विकेट लिया। ओडीएम सफायर ने 5 विकेट से मैच जीता।

# यंग मोनार्क की टीम ने 7 विकेट से मैच जीता

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** सरला देवी बिड़ला अंडर-14 क्रिकेट का आयोजन सुकुरहुट्टु ग्राउंड में खेला गया। मैच कुश माही रेड बनाम यंग मोनार्क के बीच खेला गया। कुश माही रेड की टीम ने 24.4 ओवर में 10 विकेट पर 114 रन बनाया। प्रीतम उरांव ने 29 व चिराग ने 21 रन बनाया। वहीं सौरव ने चार विकेट लेकर 31 रन दिया। लावण्या ने तीन विकेट लेकर 27 रन दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी यंग मोनार्क की टीम ने 20.4 ओवर में तीन विकेट पर 115 रन बनाया। सूर्यांश राज ने 39 और अंकित कुमार ने 29 रन बनाया। आदित्य और सत्यम 1-1 विकेट लिये। यंग मोनार्क की टीम 7 विकेट से मैच को जीता।

# सिसई : नवरत्न गढ़ परिसर में जीएम लैंड का सीमांकन शुरू, अवैध कब्जों पर होगी कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** जले के सिसई स्थित राष्ट्रीय धरोहर नवरत्न गढ़ परिसर में गुरुवार को अंचल कार्यालय द्वारा गैर मजरुआ जमीन (जीएम लैंड) का सीमांकन कार्य शुरू किया गया। मौके पर उपस्थित सीओ नितेश रौशन खलखो ने बताया कि उपायुक्त के आदेशानुसार नवरत्न गढ़ परिसर क्षेत्र की सभी गैर मजरुआ जमीन का सीमांकन किया जा रहा है। सीमांकन के बाद परिसर में सौंदर्यीकरण और शौचालय निर्माण का कार्य किया जाएगा। इससे पहले अंचल कार्यालय ने सीमांकन पर आपत्ति जताने वाले व्यक्तियों से वैध दस्तावेज के साथ कार्यालय में आवेदन देने की अपील की थी। आगे भी यदि किसी को आपत्ति हो, तो वे वैध दस्तावेजों के साथ अपना पक्ष रख सकते हैं। सीओ ने स्पष्ट किया कि नवरत्न गढ़ परिसर की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा हटाने और विकास कार्य में बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने इस ऐतिहासिक धरोहर के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण में सभी से सहयोग की अपील की। सीमांकन कार्य के दौरान डीएसओ मनोज कुमार, स्पेशल डिवीजन के सहायक अभियंता बल्ली उरांव, हल्का उप निरीक्षक सावित्री कुमारी, अमीन प्रेम कुमार, अन्य अधिकारी-कर्मी और सिसई थाना के एसआई अपनी टीम के साथ उपस्थित थे।

# टुंडी विधायक को मंत्री पद नहीं मिलना जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ : विनय तिवारी

नवीन मेल संवाददाता



**धनबाद।** बहुत ही दुःखद बात हैं कि पार्टी के इतने वरिष्ठ नेता, चार बार के विधायक रह चुके और इस बार भी भारी मतों से जीत कर आने के बावजूद टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो को मंत्री पद से दरकिनार करना जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ हैं। उक्त बातें खोरठा गीतकार विनय तिवारी ने कही। चूंकि,जीत के बाद से ही चर्चा जोरों पर थी कि मंत्री पद दिया जाएगा। विनय तिवारी ने आगे कहा कि मथुरा प्रसाद महतो टुंडी के लोकप्रिय विधायक के साथ - साथ झारखंड के आंदोलनकारी कदावर नेता हैं। दिशोम गुरु शिबू सोरेन के आंदोलन के सहयोगी रहे हैं।टुंडी से चार बार शानदार जीत के साथ विद्यायक बने हैं।वे एक मंजे हुए झारखंड स्तर के अनुभवी नेता हैं। इनको मंत्रिमंडल में जगह मिलना चहिये था। क्षेत्र में सम्पूर्ण विकासः के लिए मंत्री पद की अहम भूमिका होती हैं। टुंडी की जनता ने इन्हें हर बार शानदार जीत देकर विधानसभा भेजा है,टुंडी की जनता को भी यह उम्मीद है कि हमारे लोकप्रिय एवं अनुभवी नेता को मंत्रिमंडल में जगह मिलें। इस बार यहां की जनता को काफी उम्मीद थी कि मथुरा महतो को मंत्रिमंडल में जगह दिया जाएगा। लेकिन निराशा ही हाथ लगी। झारखंडी शिक्षा एवं संस्कृति को आगे बढ़ाने व संरक्षण एवं विकास में इनका अहम योगदान रहा हैं। कोयलांचल क्षेत्र के एकमात्र विधायक मथुरा महतो हैं। जिन्होंने पार्टी की जीत के साथ - साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा के विचारधारा को आगे बढ़ाते रहते हैं। टुंडी झारखंड आंदोलन की धरती रही हैं।झामुमो की स्थापना में टुंडी का अहम योगदान रहा हैं। मथुरा महतो झामुमो के कद्दावर नेता के रूप में भी जाने जाते है। इनको मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिलना अफसोस की बात है।

## सेंट जेवियर स्कूल 46 रन से टूर्नामेंट जीता



**रांची।** वेंचर स्किल अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट सेंट जेवियर स्कूल बनाम टोरियन वर्ल्ड स्कूल के बीच गोलचक्कर ग्राउंड में खेला गया। सेंट जेवियर स्कूल ने 23.2 ओवर में 10 विकेट पर 202 रन बनाया। तेजस ने 60, आर्यन ने 34 रन बनाया। जबकि सत्यम ने तीन विकेट लेकर 62 रन, सक्षम ने चार विकेट लेकर 37 रन व सम्राट ने 2 विकेट लेकर 36 रन दिया। टारियन वर्ल्ड स्कूल ने 26.4 ओवर में 10 विकेट खोकर 156 रन बनाया। कृष्णव ने सर्वाधिक 60 रन बनाया। आर्यन ने चार विकेट लेकर 34 रन, आदित्य ने दो विकेट लेकर 19 रन व अक्षत ने दो विकेट लेकर 27 रन दिया। सेंट जेवियर स्कूल 46 रन से टूर्नामेंट जीता।


JAPIT
Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology
(An Autonomous body under Department of Information Technology & e-Governance, Govt of Jharkhand)
Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand
Phone. 0651-2401044, 2401047 email: japit_doit@rediffmail.com

| S. No. | Basic Requirement | Specific Requirement |
|---|---|---|
| 1. | Tender Ref No. | **JAPIT/RC-01/2024** |
| 2. | Name of the Work | Rate Contract for Supply, Installation & Support for Endpoint, IT Equipment's & Services for JAP-IT, Ranchi Jharkhand |
| 3. | Name & address of the issuer of this tender | The CEO, JAP-IT Ground Floor, Engineers hostel 1, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi-834004. Tel: 0651-401044 Email: ceo.japit@jharkhandmail.gov.in |
| 4. | Selection Method | Key details regarding the Selection process for empanelment under this RFP: • **Assessment Criteria:** Tenders will be evaluated based on both pre-qualification & technical qualifications. • **Bid Evaluation:** The Technical Bid will only be opened for those bidders who successfully pass the Pre-Qualification stage. • **No Joint Ventures or Consortiums:** Joint Ventures, Sub-Contracting, or Consortiums are not permitted under this RFP. Each bidder must apply independently. |
| 5. | Date of download of tender document | 06-12-2024 at 04:00 P.M. |
| 6 | Date for sending Query to ceo.japit@jharkhandmail.gov.in | 13-12-2024 at 02:00 P.M. |
| 7. | Pre-Bid Meeting at JAP-IT | 16-12-2024 at 03:30 P.M |
| 8. | Start Date for Submission of Bids online | 20-12-2024 at 11:30 A.M. |
| 9. | Last Date for Submission of Bids online | 06-01-2025 up to 3:00 P.M. |
| 10. | Date of Opening of Pre-qualification & Technical Bid | 07-01-2025 at 3:30 P.M. |
| 11. | Date of Commercial Bid opening | To be announced later |
| 12. | Earnest Money Deposit (EMD) | **Rs. 5,00,000/-** (Five Lakh Only) online as per Jharkhand e-Procurement portal rule. |
| 13. | Tender Download Site | https://jharkhandtenders.gov.in |
| 14. | Validity of Proposal | Proposals must remain valid 180 days after the submission date |

- The online generated receipt of the Tender cost and EMD must be submitted with online bid documents.
- EMD amount will be refunded to bidder through on-line mode in the same bank account through which on-line EMD payment have been made during the tendering process.
- Bids shall be submitted online through eProcurement portal i.e. https://jharkhandtenders.gov.in
- JAP-IT will not be responsible for delay in online submission due to any reason. For this, bidder is requested to upload the complete bid well advance in time so as to avoid last hour technical issues like slow speed; choking of web site due to heavy load or any other unforeseen problems/technical glitch.
- The Authority reserves the right to accept/reject any or all the tender(s) received without assigning any reason thereof.

Sd/-
Officer on Special Duty,
JAP-IT, Ranchi

PR 341310 (Information Technology) 24-25 (D)

उन साहसिक तथा सुंदर कार्यों को करने का प्रयास करें, जिन्हें अधिकांश लोग बिना किए छोड़ देते हैं। जो दूसरों द्वारा उपेक्षित हैं, उन्हें प्रेम एवं शांति के उपहार दें। - श्री श्री परमहंस योगानन्द, 'योगदा सत्संग पाठ'



संपादकीय

## शून्य से आध्यात्मिक शिखर तक भारतीय ज्ञान व झारखंड

भारत के गौरवशाली इतिहास के अनेक पन्ने झारखंड में भी बिखरे हुए हैं जिन्हें सहेजकर पर्यटन और ज्ञान या दर्शन को दुनिया के सामने लाया जा सकता है। भारत के वर्तमान नक्शे पर मध्य प्रदेश में स्थित ग्वालियर किले की तलहटी में बने मंदिर में संस्कृत और पाली मिश्रित भक्षाली लिपि में दशमलव प्रणाली का इस्तेमाल होता था। जब यह मंदिर बना, उस समय तक जीरो का उपयोग भारत में बहुतायत में होने लगा था और भारत के ज्ञान का डंका भी पूरी दुनिया में बजने लगा था।विशाल किले की तलहटी में बने सूने और अनजान से मंदिर से कितनी सदियों का नाता रहा होगा, यह सोचना भी अजीब लगता है ! ग्वालियर आने वाले लोग जब मान सिंह तोमर के किले को देखते हैं, तो शायद वृंदावन लाल वर्मा की मृगनयनी बरबस ही उन्हें याद आ जाती होगी। यह शायद दुनिया का अकेला मंदिर है, जिसमें दुनिया भर के इतिहासकारों, दार्शनिकों और गणितज्ञों की समान रुचि है। मंदिर के अंदर विष्णु की प्रतिमा के ऊपर लगे शिलापट पर भक्षाली लिपि में आपको जीरो बड़ी सहजता से लिखा दिख जाएगा। शिला पट पर अंकित शून्य इसी मंदिर में पहली बार देखा गया, बाद में कंबोडिया। दुनिया का सबसे पुराना दूसरा शून्य आपको यहां मिलेगा। मंदिर के पास भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का बोर्ड लगा है, जिस पर लिखा है कि इसे प्रतिहार राजा भोजदेव ने 876 ईस्वी में बनवाया था। मंदिर के चार स्तंभों पर योग के आसन दिखते हैं, मंदिर के गर्भगृह से एक तरफ गंगा, तो दूसरी तरफ यमुना दर्शाई गई हैं। विष्णु की चार भुजाओं से ही मंदिर का नाम चतुर्भुज पड़ा। दुनिया भर में काफी समय तक किसी भी शिला पट पर अंकित शून्य इसी मंदिर में पहली बार देखा गया। पर 19वीं शताब्दी के तीसरे दशक में फ्रेंच पुरातत्ववेत्ता जार्ज कोदेस ने 683 ईस्वी में कंबोडिया के सामबोर में एक ऐसा मंदिर खोज निकाला, जिसमें शिला पर शून्य अंकित था। इससे 193 साल के अंतर से चतुर्भुज मंदिर पीछे हो गया। ख्मर शासन के दौरान यह शिलापट कंबोडिया नेशनल म्यूजियम से गायब हो गया। इससे ग्वालियर को फिर पहले वाला दर्जा मिल गया। संस्कृत और पाली मिश्रित इस लिपि को भक्षाली कहा गया। लेकिन जनवरी, 2017 में कंबोडिया की सरकार ने घोषणा की कि गायब शिलापट मिल गया है। किसी और माध्यम में जीरो का सबसे पहला इस्तेमाल पंजाब के यूसुफजई जिले में 1881 में भोजपत्र पर भक्षाली गांव में मिला था। संस्कृत और पाली मिश्रित इस लिपि को भक्षाली कहा गया। इसमें दशमलव प्रणाली का इस्तेमाल दशार्या गया है। चीन और सुमेरियन सभ्यता में शून्यता की स्थिति को समझाया तो गया है, पर इसे दिखाया कैसे जाए-यह भारत ने ही दुनिया को बताया। दुनिया का सबसे पुराना दूसरा शून्य आपको ग्वालियर में मिलेगा। मंदिर के पास भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का बोर्ड लगा है, जिस पर लिखा है कि इसे प्रतिहार राजा भोजदेव ने 876 ईस्वी में बनवाया था। गणितज्ञों ने इसे यूरोप तक लोकप्रिय बना दिया था। 876 ईस्वी में जब यह मंदिर बना, उस समय तक जीरो का उपयोग भारत में बहुतायत में होने लगा था। इससे दो शताब्दी पहले ब्रह्मगुप्त ने अंकगणित के नियम बनाए। इसी के साथ गणित में दशमलव प्रणाली की शुरूआत भी हो गई थी। यह प्रणाली अरब गई, तो अल ख्वारिज्मी जैसे गणितज्ञों ने इसे यूरोप तक लोकप्रिय बना दिया। और भारत के ज्ञान का डंका भी पूरी दुनिया में बजने लगा। झारखंड के इटखोरी, टांगीनाथ जैसे अनेक स्थान हैं जहां प्राचीन इतिहास के गौरवशाली पन्ने दबे बिखरे पड़े हैं जिनका पुरातात्विक अध्ययन आवश्यक है। कभी नगवंशियों की राजधानी खुखरा की अधूरी खुदाई ही हुई है अभी भी सरकार को ऐसे स्थलों को संरक्षित करना चाहिए।

# आम्बेडकर, समरसता और संघ


डॉ. सौरभ मालवीय

देश में सामाजिक समता एवं सामाजिक न्याय के लिए प्रमुखता से स्वर मुखर करने वालों में डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर का नाम अग्रणी है। उन्होंने बाल्यकाल से ही अस्पृश्यता का सामना किया था। विद्यालय से लेकर नौकरी तक उन्होंने भेदभाव का दंश झेला। इससे उनकी आत्मा चीत्कार उठी। उन्होंने अस्पृश्यता के उन्मूलन के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। उन्होंने देशभर की यात्रा की तथा दलितों के अधिकारों के लिए स्वर मुखर किया। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन अस्पृश्यता के उन्मूलन के कार्यों के लिए समर्पित कर दिया। उनका मानना था कि सेवक बनकर ही कोई बड़ा कार्य किया जा सकता है। इसलिए वह कहते थे- एक महान आदमी एक आम आदमी से इस तरह से अलग है कि वह समाज का सेवक बनने को तैयार रहता है।

डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर ने सामाजिक समरसता का जो स्वप्न देखा था, उसे साकार करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अभियान चला रहा है। वास्तव में संघ अपने स्थापना काल से ही सामाजिक समरसता के लिए कार्य कर रहा है। डॉक्टर केशव बलिराम हेडगवार ने सामाजिक समरसता, एकता, अखंडता एवं सशक्त समाज के निर्माण के उद्देश से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। उनका कहना था कि हमारा निश्चय एवं स्पष्ट ध्येय ही हमारी प्रगति का मूल कारण है। हम लोगों को हमेशा सोचना चाहिए कि जिस कार्य को करने का हमने प्रण किया है, और जो उद्देश्य हमारे सामने है, उसे प्राप्त करने के लिए हम कितना कार्य कर रहे हैं। प्रत्येक अधिकारी एवं शिक्षक को प्रत्येक के मन में यह विचार भर देना चाहिए कि मैं स्वयं ही संघ हूं। प्रत्येक व्यक्ति को अपने चरित्र पर विचार करना चाहिए। अपने चरित्र को कभी भी कमजोर व क्षीण न होने दें। आप इस भ्रम में न रहें कि लोग हमारी ओर नहीं देखते। वे हमारे कार्य तथा हमारे व्यक्तिगत आचरण की ओर आलोचनात्मक दृष्टि से देखते हैं। हमें केवल अपने कार्य में व्यक्तिगत चाल-चलन की दृष्टि से सावधानी नहीं बरतनी चाहिए, अपितु सामूहिक एवं सार्वजनिक जीवन में भी इसका ध्यान रखना चाहिए। वह कहते थे कि बिना कष्ट उठाए और बिना स्वार्थ त्याग किए, हमें कुछ भी फल मिलना असंभव है। अपने समाज में संगठन निर्माण कर उसे बलवान तथा अजेय बनाने के अतिरिक्त हमें और कुछ नहीं करना है। इतना कर देने पर सारा कार्य स्वयं ही हो जाएगा। हमें आज सताने वाली सारी राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक समस्याएं आसानी से हल हो जाएंगी। अनुशासन अपने संगठन की नींव है, इसी पर हमें विशाल इमारत को खड़ा करना है। किसी भी भूल से यदि नींव जरा सी भी कच्ची रह गई, तो इमारत का उस ओर का भाग ढल जाएगा। इमारत में दरार पड़ जाएगी और आखिर में वह संपूर्ण इमारत ढह जाएगी। जीवन में निस्वार्थ भावना आए बिना खरा अनुशासन निर्माण नहीं होता।

डॉ. भीमराव आम्बेडकर की पुण्यतिथि पर विशेष



सामाजिक समरसता के बारे में उनका कहना था कि संघ का लक्ष्य भारत राष्ट्र को पुनः परम वैभव तक ले जाना है। समरसता के बिना, समता स्थायी नहीं हो सकती, और दोनों के अभाव में राष्ट्रीयता की कल्पना भी नहीं की जा सकती। हमारा कार्य अखिल हिंदू समाज के लिए होने के कारण, उसके किसी भी अंग की उपेक्षा करने से काम नहीं चलेगा। सभी हिंदू भाइयों के साथ फिर वह किसी भी उच्च या नीच श्रेणी के समझे जाते हों, हमारा व्यवहार हर एक से प्रेम का होना चाहिए। किसी भी हिंदू भाई को नीच समझकर उसे दुत्कारना पाप है। वह कहते थे कि संघ का कार्य सुचारू रूप से चलाने के लिए हमें लोक संग्रह के तत्वों को भली भांति समझ लेना होगा। संघ केवल स्वयंसेवकों के लिए नहीं, अपितु संघ के बाहर जो लोग हैं, उनके लिए भी है। हमारा यह कर्तव्य हो जाता है कि उन लोगों को हम राष्ट्र के उद्धार का सच्चा मार्ग बताएं। वयोवृद्ध लोगों का संघ कार्य में काफी महत्वपूर्ण स्थान है। वे संघ के महत्वपूर्ण कार्यों का दायित्व उठा सकते हैं। यदि प्रौढ़ लोग अपने प्रतिष्ठा और व्यवहार कुशलता का उपयोग संघ कार्य किए तो करें, तो युवा अधिक उत्साह से कार्य कर सकेंगे। प्रत्येक व्यक्ति को उत्साह और हिम्मत से आगे आना चाहिए, और संघ कार्यों में जुट जाना चाहिए। इस समाज को जागृत एवं संगठित करना ही राष्ट्र का जागरण एवं संगठन है। यही राष्ट्र धर्म है। ध्येय पर अविचल दृष्टि रखकर, मार्ग में मखमली बिछौने हो या कांटे बिखरे हों, उनकी चिंता न करते हुए निरंतर आगे ही बढ़ने को दृढ़ निश्चय वाले क्रियाशील तरुण खड़े करने पड़ेंगे। पूर्ण संस्कार दिए बिना, देशभक्ति का स्थाई स्वरूप निर्माण होना संभव नहीं है तथा इस प्रकार की स्थिति का निर्माण होने तक सामाजिक व्यवहार में प्रमाणिकता भी संभव नहीं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर ने सामाजिक समरसता पर विचार व्यक्त करते हुए कहा था कि समरसता के लिए आत्मग्लानि दूर करने के लिए आत्मबोध को जगाना पड़ेगा, स्वार्थ के स्थान पर निस्वार्थ भाव का निर्माण करना पड़ेगा। सभी भेदों को भुलाकर एकात्मकता का भाव जागृत करना पड़ेगा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता। महात्मा गांधी भी संघ के कार्यों से प्रभावित हुए थे। उन्होंने वर्ष 1934 में वर्धा में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शिविर देखा था, जिसमें सभी जातियों के लोग सम्मिलित हुए थे। इसमें दलित समाज के लोग भी थे। उस समय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए महात्मा गांधी ने कहा था कि आपके संगठन में अस्पृश्यता का अभाव देखकर मैं बहुत संतुष्ट हूं।

इसी प्रकार डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यों से प्रभावित हुए थे। उन्हें वर्ष 1939 में पुणे में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रशिक्षण शिविर को देखने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने अनुभव किया कि शिविर में सभी जातियों के लोग प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इसमें दलित समाज के लोग भी सम्मिलित थे। शिविर में सबके साथ समान व्यवहार किया जा रहा था। उल्लेखनीय है कि हमारे पवित्र धार्मिक ग्रंथों में समरसता का प्रमुखता से उल्लेख किया गया है। भगवदगीता में भगवान् श्रीकृष्ण ने कहा है- 'पंडिताः समादर्शिनः' अर्थात विद्वान सबको समान दृष्टि से देखते हैं। कहने का अभिप्राय है कि विद्वान सबको समान मानते हैं तथा वे किसी के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करते।

भीमराव आम्बेडकर समानता पर सर्वाधिक बल देते थे। वह कहते थे कि अगर देश की अलग-अलग जातियां एक दूसरे से अपनी लड़ाई समाप्त नहीं करेंगी, तो देश एकजुट कभी नहीं हो सकता। यदि हम एक संयुक्त एकीकृत आधुनिक भारत चाहते , हमारे पास यह आजादी इसलिए है ताकि हम उन चीजों को सुधार सकें, जो सामाजिक व्यवस्था, असमानता, भेदभाव और अन्य चीजों से भरी है जो हमारे मौलिक अधिकारों के विरोधी हैं। एक सफल क्रांति के लिए केवल असंतोष का होना ही काफी नहीं है अपितु इसके लिए न्याय, राजनीतिक और सामाजिक अधिकारों में गहरी आस्था का होना भी बहुत आवश्यक है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

आपकी बात

## शादी विवाह के अवसर पर अब कलेक्शन नहीं, सेलेक्शन होता है


केदारनाथ दास
बसिया।

शादीशुदा जोड़े को लेकर हंसी ठिठोली चलती रहती है। ये बहुत सामान्य सी बात है और इस संबंध में पास पड़ोस की किसी बुजुर्ग महिला, दादी या नानी के चुटकीले सवाल तो कहीं अधिक सामान्य तौर पर सामने आते रहे हैं। झारखंड के इस क्षेत्र से बाहर चले जाएं तो नानी या दादी की ओर से हंसी ठिठोली को लेकर कोई बात नहीं होती परन्तु यहां के लिए यह बहुत सामान्य सी बात रही है। यह दीगर बात है कि विगत कुछ दशकों से यहां इस तरह की हंसी ठिठोली भी अब बीते जमाने की बात हो चली है। इसके अपने अलग कारण हैं और इन दिनों यह अन्य प्रांतों की तरह नहीं बल्कि अपनी अलग व्यथा के साथ हमारे सामने आ रही है। वस्तुतः ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि झारखंड के गांव भी अब नगरीय संस्कृति के प्रभाव से संयुक्त परिवार के स्थान पर मोनो फैमिली का चयन करने लगे हैं। बात शादी विवाह को लेकर होने वाले संवाद की हो तो इसमें कोई संदेह नहीं है कि अब भी दादी नानी सवाल तो करती ही हैं कि क्या तेरी शादी हो गयी है बेटी? दूसरी ओर, हामी भरते ही पूरक सवाल के तौर पर 'दूल्हा क्या करते हैं' जैसा प्रश्न पूरे पटल से गायब है और यह मसखरापन तो एकदम से गायब होकर रह गया है कि नानी, शादी के बाद अब वे सिर्फ अफसोस किया करते हैं ! बताते चलें कि अफसोस की यह व्यथा सिर्फ इस तरह



हल्की फुल्की बातों तक सीमित नहीं रह गया है। इसके गंभीर पक्ष को लें तो आज वैवाहिक भोज के पंडाल, जेनरेटर, लाईट, बफे डिनर सेट, टेन्ट, डीजे आदि तरह तरह के साजो-संसाधनों से इत्तर इसके अवशिष्ट भी कई तरह के अफसोसों का सृजन कर रहे हैं। अभी कल की बात है जब ऐसा कुछ भी नहीं था। गांव में विवाह समारोह है, घर-घर से कुर्सी, बर्तन, बिस्तर, बिछावन, तिरपाल,पेट्रोमैक्स और सब्जी-भाजी तक का जुटान हो रहा है क्योंकि गाँव में शादी है तो जवाबदेही पूरे गाँव की है। इतना ही नहीं, जेहन में अभी गुदगुदाने लगता है कि विवाद न हो इसलिए प्रत्येक बासन, बर्तन, दरी, कुर्सी आदि की व्यवस्था में बजाप्ते 'मालिक' का नाम पक्के रंग से दर्ज करने की अलग से एक जिम्मेदारी और इसका भी एक अलग ही मजा ! आज संध्याभोज के बाद 'डिस्पोजेबल' ग्लास का अंबार है और इस अवशेष के शवयात्रा से एक नए 'अफसोस' का सृजन होने लगा है। बदले हालात में न ताई है, न नानी है, न दादी है, न गंवई रिश्ते नाते की जीवंत तस्वीर है, न जुगाड़ के बूते स्वागत की तदबीर है और न गाँव की छोरी का मसखरापन ही कहीं शेष रह गया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

सेहत की बात

## ओजोन रिक्तीकरण के कारण त्वचा कैंसर


संजय गोस्वामी

ओजोन रिक्तीकरण के कारण पराबैंगनी विकिरण की बढ़ी हुई मात्रा पृथ्वी तक पहुंच सकती है जिससे त्वचा कैंसर, मोतियाबिंद और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली के अधिक मामले हो सकते हैं। ऐसा माना जाता है कि यूवी के बहुत अधिक संपर्क से मेलेनोमा में वृद्धि हो रही है, जो सभी त्वचा कैंसरों में सबसे घातक है। ओजोन परत की खोज सबसे पहले 1913 में फ्रांसीसी भौतिकविदों चार्ल्स फैब्री और हेनरी बुइसन ने की थी। पृथ्वी का वायुमंडल विभिन्न परतों या क्षेत्रों में विभाजित है। उदाहरण के लिए, क्षोभमंडल (0-12 किमी), समताप मंडल (12-50 किमी), मध्यमंडल (50-80 किमी) आदि। लगभग 90% ओजोन समताप मंडल में पाया जाता है। इसलिए, समताप मंडल को ओजोन क्षेत्र या ओजोन परत भी कहा जाता है। ओजोन परत वास्तव में ओजोन गैस की 20 किमी लंबी परत है। एक मोटी परत होती है. यह परत भूमध्य रेखा पर पतली तथा ध्रुवों पर मोटी होती है। यह परत पृथ्वी के चारों ओर मौजूद है जो सूर्य के लिए फिल्टर का काम करती है। यह सूर्य की अधिकांश पराबैंगनी विकिरणों (यूवी) को अवशोषित करता है।समताप मंडल में ओजोन की सांद्रता उसी परत में मौजूद अन्य गैसों की तुलना में बहुत कम है। ओजोन परत में ओजोन की मात्रा 10 पी.पी.एम. है। (प्रति मिलियन भाग) से थोड़ा कम लेकिन कुल मिलाकर पृथ्वी के वायुमंडल में ओजोन की औसत सांद्रता लगभग 0.3 पीपीएम है। ओजोन परत पृथ्वी से लगभग 15 किमी ऊपर है। से 35 कि.मी. यह मुख्यतः समताप मंडल के निचले हिस्से में पाया जाता है, हालाँकि इसकी मोटाई मौसम और भौगोलिक दृष्टि से बदलती रहती है। ओजोन परत की मोटाई दुनिया भर में एक समान नहीं है और आमतौर पर भूमध्य रेखा के पास पतली और ध्रुवों के पास मोटी होती है। ओजोन छिद्र क्या है और इसकी खोज कब हुई थी? परिभाषा के अनुसार ओजोन छिद्र ऐसा कोई छिद्र नहीं है जहां ओजोन मौजूद न हो। यह वास्तव में अंटार्कटिक महासागर के ऊपर समताप मंडल में असामान्य रूप से क्षीण ओजोन का एक क्षेत्र है, जहां यह दक्षिणी गोलार्ध वसंत (अगस्त-अक्टूबर) की शुरूआत में होता है। ओजोन छिद्र वास्तव में समताप मंडल में पृथ्वी के ऊपर ओजोन की सांद्रता में कमी है। इसे भौगोलिक रूप से उस क्षेत्र के रूप में परिभाषित किया गया है जिसमें ओजोन की कुल मात्रा 220 डॉब्सन इकाइयों से कम है। एक डीयू 0.01 मिमी शुद्ध ओजोन है। एक मोटी परत बनाने के लिए आवश्यक ओजोन अणुओं की मात्रा का प्रतिनिधित्व करता है। ओजोन छिद्र एक बार तस्मानिया के दक्षिण में और ऑस्ट्रेलियाई मुख्य भूमि पर देखा गया है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष


जब आप ईश्वर से बिना किसी शर्त के प्रेम करते हैं, तो वे आपके हृदय में सबके लिए अपना अशर्त प्रेम भर देते हैं। उस प्रेम का कोई भी मानवीय जिह्वा वर्णन नहीं कर सकती।... साधारण मनुष्य दूसरों से इस प्रकार प्रेम करने में असमर्थ है।

## अशर्त प्रेम : मानव संबंधों में सुधार लाना


श्री श्री परमहंस योगानंद

यह प्रेम नहीं है। जिसका हृदय ईश्वर के प्रेम से भरा होता है वह किसी को जानबूझकर चोट नहीं पहुँचा सकता। जब आप ईश्वर से बिना किसी शर्त के प्रेम करते हैं, तो वे आपके हृदय में सबके लिए अपना अशर्त प्रेम भर देते हैं। उस प्रेम का कोई भी मानवीय जिह्वा वर्णन नहीं कर सकती।... साधारण मनुष्य दूसरों से इस प्रकार प्रेम करने में असमर्थ है। मैं, मुझे और मेरा, की चेतना में आत्म-केन्द्रित रहकर उसने अभी तक सर्वव्यापक ईश्वर को नहीं पाया है, जो उसमें और अन्य समस्त प्राणियों में वास करता है। मेरे लिए एक व्यक्ति और दूसरे व्यक्ति में कोई अन्तर नहीं है। मैं सबको एक ही ईश्वर के आत्म-प्रतिबिम्ब के रूप में देखता हूँ। मैं किसी भी व्यक्ति को अपरिचित नहीं समझ सकता, क्योंकि मैं जानता हूँ कि हम सब एक ही ब्रह्म के अंश हैं। जब आप धर्म के सच्चे अर्थ को अनुभव करते हैं, जो है ईश्वर को जानना, तो आप जान जाएँगे कि वे ईश्वर आपकी आत्मा हैं, और वे सभी प्राणियों में समान और निष्पक्ष रूप से विद्यमान हैं। तब आप दूसरों को अपनी आत्मा के रूप में प्रेम करने में समर्थ होंगे। जो व्यक्ति ईश्वर के दिव्य प्रेम में डूबा है, उसकी चेतना में कोई कपट नहीं होता, जाति और धर्म की कोई संकीर्णता नहीं, किसी तरह की कोई सीमाएँ नहीं होतीं। जब आप उस दिव्य प्रेम का अनुभव करेंगे, तो आप एक पुष्प और एक पशु, एक मनुष्य और दूसरे मनुष्य में कोई भेद नहीं देखेंगे। **(क्रमशः)**

फेसबुक वॉल से


Senior Citizens internation...
Rajkumar Shahu · 3h
शराब का नाम जिसने भी रखा है बड़ा सोच समझकर रखा है!!! कैसे ???
ये देखें, ऐसे: शराब का मतलब
श - शत प्रतिशत
रा - राक्षसों जैसा
ब - बना देने वाला पेय।
और क्या कहते हैं शराब को - मदिरा
म - मरघट
दि - दिखाने वाला
रा - रास्ता
शराब को दारू भी कहते हैं
दा -दांव पर
रू-रूह
शराब को English में कहते हैं Wine
W - Wisdom (ज्ञान)
I - Income (आमदनी)
N - Nature (गुण)
E - End (समाप्त)
इसलिए ऐसे विष को हाथ ना लगाएँ
26
16 shares

X से


Ghar grihasthi · Follow
1d
The Ancient 4,500-Year-Old Tunic at the Egyptian Museum.... See more

791 comments 2.9K shares

आज का दोहा

रूप हजारों आग के, इसे न छेड़ें आप।
पता नहीं किस रूप में, लील जाय चुपचाप।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com
कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। -संपादक

आज की बात

## फडणवीस भाजपा के लिए चाणक्य बन चमक रहे हैं


ललित गर्ग



महाराष्ट्र में सरकार गठन की राजनीति में दस दिन की सघन वार्ताओं और खासी नाटकीयता के बाद आखिर अंधेरा छंट गया और देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। फडणवीस का मुख्यमंत्री बनना न केवल महाराष्ट्र बल्कि देश की राजनीति को एक नई दिशा एवं दृष्टि देगा। क्योंकि फडणवीस ने अपने राजनीतिक कौशल से न केवल नये मानक गढ़े हैं बल्कि सकारात्मक राजनीति को नये आयाम दिये हैं। हार का कारण स्वयं को मानने एवं जीत का श्रेय पार्टी एवं सहयोगी दलों को देने की विराट सोच रखने वाले फडणवीस को अब भाजपा के शीर्ष नेताओं में शुमार किया जाने लगा है। फडणवीस ने राजनीति के चाणक्यों के चक्रव्यूहों को कुछ ऐसा भेदा कि लोग उन्हें आधुनिक अभिमन्यु भी कहने लगे। बात सही भी है फडणवीस अब किसी चक्रव्यूह में फंसते नहीं बल्कि उसे भेदकर बाहर निकलते हैं। सामने कोई भी हो शह और मात के खेल में उनकी जीत अब गारंटी बन चुकी है। वे भाजपा के लिए चाणक्य हैं तो विपक्ष के लिए अबूझ पहेली। पिछले एक दशक से महाराष्ट्र की राजनीति उनके ही इर्द-गिर्द घूम रही है। ऐसे कद्दावर राजनेता के नेतृत्व में निश्चित ही अगली पारी सफल होने वाली है। बावजूद इसके विशाल बहुमत वाली इस सरकार के मुखिया के तौर पर फडणवीस की यह पारी किसी भी रूप में कम चुनौतीपूर्ण नहीं है। फिर भी महाराष्ट्र को राजनीतिक स्थिरता और विकास के नए दौर में ले जाने की जिम्मेदारी निभाते हुए वह हर चुनौती के पार जायेंगे, लोगों ने उनकी पार्टी और सहयोगी दलों पर जो भरोसा जताया है, महायुति सरकार उनकी उम्मीदें पूरी करके एक नये इतिहास का सृजन करेंगी, इसमें कोई शंका दूर तक नजर नहीं आती। तीसरी बार मुख्यमंत्री का ताज पहनने वाले देवेंद्र फडणवीस ने प्रखर राजनेता, अजातशत्रु, दूरदर्शी नायक एवं महाराष्ट्र-निमार्ता के रूप में न केवल देश के लोगों का दिल जीता है, बल्कि विरोधियों के दिल में भी जगह बनाकर, अमिट यादों को जन-जन के हृदय में स्थापित कर अनेक राजनीतिक कीर्तिमान स्थापित किये हैं। फडणवीस यह नाम महाराष्ट्र राजनीतिक इतिहास का एक ऐसा स्वर्णिम पृष्ठ है, जिससे एक सशक्त जननायक, स्वप्नदर्शी राजनायक, आदर्श चिन्तक, नये महाराष्ट्र के निमार्ता, कुशल प्रशासक के साथ-साथ राजनीति को एक खास रंग देने की महक उठती है। उनके व्यक्तित्व के इतने रूप हैं, इतने आयाम हैं, इतने रंग हैं, इतने दृष्टिकोण हैं, जिनमें वे व्यक्ति और नायक हैं, प्रशासक और राजनेता हैं, प्रबुद्ध और प्रधान है, वक्ता और नेता हैं, शासक एवं लोकतंत्र उन्नायक हैं। महाराष्ट्र राजनीति की एक खास स्थिति जहां सहयोगी दलों की आकांक्षाओं का ध्यान रखने और उन्हें यथासंभव संतुष्ट रखने की जरूरत से जुड़ी चुनौती है वहीं आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में महायुति से जुड़े दलों पर बेहतर प्रदर्शन की बड़ी जिम्मेदारी है। हालांकि पहली चुनौती मंत्रिमंडल में विभागों के बंटवारे को संतोषजनक ढंग से निपटाने की है। एक बड़ी चुनौती महाराष्ट्र में भाजपा की ताकत को बलशाली बनाने की भी है। इन सब चुनौतियों एवं परिस्थितियों के बीच संतुलन बनाने एवं उनसे पार पाने की क्षमता फडणवीस में दिखती है। जो व्यक्ति 2022 में एकनाथ शिंदे मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री की बजाय उपमुख्यमंत्री की भूमिका मंजूर कर लेता है, पद से ज्यादा पार्टी हित को सामने रखता है, विशिष्ट परिस्थितियों में पार्टी के आग्रह पर न केवल सरकार का सुचारू संचालन सुनिश्चित करता है बल्कि चुनाव में पार्टी की अगुआई करते हुए उसे शानदार जीत भी दिलाता है, तो उन्हें मुख्यमंत्री की भूमिका सौंपी जा रही है तो अपनी पात्रता तो वह पहले ही अच्छी तरह सिद्ध कर चुके हैं, अब तो शासन के नये मानक गढ़ने है।

यह स्पष्ट है कि देवेंद्र फडणवीस के राजनीतिक जीवन के नए दौर की शुरूआत संभावनाभरी है। भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद उन्होंने अपने भाषण में हिंदवी स्वराज से लेकर अहिल्याबाई होलकर का नाम लेकर अपनी राजनीतिक धारा को बिल्कुल स्पष्ट किया। चुनाव प्रचार के दौरान भी उनकी छवि आत्मविश्वास से भरे हिंदुत्ववादी शुद्ध स्वयंसेवक भाजपा नेता की बनी। उन्होंने कट्टरपंथी मुस्लिम नेताओं और उनको समर्थन देने वाले महाविकास आघाड़ी के विरुद्ध लगातार प्रखर प्रहार से अपनी छवि वर्तमान राजनीतिक धारा के अनुरूप बनाई। चुनाव के समय लगा था कि एक हैं तो सेफ हैं और बंटेंगे तो कटेंगे नारे को लेकर महायुति में मतभेद के बावजूद उन्होंने गजब का संतुलन बनाते हुए इन नारों के बल पर महायुति की जीत को उच्च शिखर देकर सबको आश्चर्यचकित किया। महायुति सरकार की नई पारी पिछली पारी जैसी सहजता और स्थिरता दिखा पाएगी या नहीं यह सवाल तो खड़ा ही है, लेकिन इस सवाल को नकारते हुए नयी सरकार अपना पूरा कार्यकाल उतार-चढ़ाव के बावजूद निष्कंटक पार करेगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# महाकुंभ 2025 : प्रयागराज-वाराणसी रेलवे ट्रैक पर 130 किमी/घंटे की रफ्तार से दौड़ेगी ट्रेन

एजेंसी । महाकुंभ नगर

प्रयागराज महाकुंभ के पहले भारतीय रेलवे ने सनातन संस्कृति के दो महत्वपूर्ण केंद्रों, प्रयागराज और वाराणसी के बीच की यात्रा को और अधिक तेज और सुगम बनाने का महत्वपूर्ण कार्य पूरा कर लिया है। दोनों शहरों के बीच रेलवे ट्रैक के दोहरीकरण का कार्य अंतिम चरण में है। 8 दिसंबर को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के निरीक्षण के बाद प्रधानमंत्री अपनी यात्रा के दौरान इस परियोजना का शुभारंभ करेंगे। महाकुंभ 2025 को दिव्य,भव्य, सुरक्षित और सुगम बनाने में केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार कोई कसर बाकी नहीं रखना चाहती। महाकुंभ 2025 में देश के कोने-कोने से लगभग 40 करोड़ श्रद्धालुओं के प्रयागराज आने का अनुमान है। ऐसे में भारतीय रेलवे की भी तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। इसी दिशा में रेलवे ने वाराणसी-प्रयागराज रेल लाइन दोहरीकरण और गंगा रेल ब्रिज का काम पूरा कर लिया है। इस परियोजना का निरीक्षण कार्य रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव 8 दिसंबर को करेंगे। 13 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने प्रयागराज दौरे पर महाकुंभ के लिए जारी निर्माण कार्यों के निरीक्षण और उद्घाटन के साथ इस परियोजना का भी शुभारंभ भी करेंगे। प्रयागराज और वाराणसी के बीच रेल ट्रैक के दोहरीकरण हो जाने से इस रूट पर अब ट्रेनें 100 से 130 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चल सकेंगी।



### पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन

वंदे भारत जैसी अत्याधुनिक ट्रेन प्रयागराज से वाराणसी के बीच की दूरी को एक से सवा घंटे में पूरी करेगी। गंगा रेल ब्रिज और प्रयागराज, वाराणसी रेल ट्रैक दोहरीकरण का कार्य भारतीय रेलवे के संगठन आरवीएनएल ने किया है। प्रोजेक्ट के बारे में बताते हुए आरवीएनएल के जीएम विनय अग्रवाल ने कहा कि इस ब्रिज के निर्माण का प्रस्ताव 2003 में रखा गया था। लेकिन राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी और जमीन अधिग्रहण में समस्या होने के कारण इसका निर्माण कार्य रुका रहा। लेकिन डबल इंजन की सरकार के प्रयासों से गंगा ब्रिज का निर्माण कार्य 2019 में शुरू हुआ और महाकुंभ के पहले ब्रजि से ट्रेनों की आवाजाही शुरू हो जाएगी। गंगा रेल ब्रिज प्रयागराज के दारागंज को झूंसी से जोड़ने का कार्य करता है, जो पुराने हो चुके आईजैट ब्रिज की जगह लेगा। साथ ही इस क्रम में प्रयागराज में सीएमपी डिग्री कॉलेज के पास रेल ओवर ब्रिज और झूंसी से रामबाग के बीच भी ट्रैक दोहरीकरण कर इस रेल लाइन से जोड़ दिया गया है। इस ट्रैक से प्रतिदिन लगभग 200 ट्रेनें गुजरती हैं। इस ट्रैक के माध्यम से अब दिल्ली-कोलकाता, प्रयागराज-कोलकाता, प्रयागराज गोरखपुर और प्रयागराज-पटना के बीच ट्रेनों की रफ्तार और तेज होगी।

## सुखबीर बादल पहुंचे तख्त श्री केसगढ़ साहब



**अमृतसर।** शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख और पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर सिंह बादल की सजा का आज तीसरा दिन है। बुधवार को अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर परिसर में गोली चलने के बाद भी उनकी सजा में कोई बदलाव नहीं किया गया है। हालांकि सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। वह तख्त श्री केसगढ़ साहब सेवा करने पहुंचे। वो यहां सुबह 9 बजे से ही सेवा कर रहे हैं। वे श्री केसगढ़ साहिब में सेवादार की पोशाक पहने, हाथों में भाला थामे और गले में तख्ती लटका कर इस सेवा को निभा रहे हैं। गुरुद्वारे की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। यहां लगभग 400 पुलिस कर्मी ओर एसजीपीसी की टास्क फोर्स तैनात है। गुरुद्वारे में घट रही सभी गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। 4 दिसंबर को सुखबीर सिंह बादल पर सेवा के दौरान फायरिंग की गई थी। इस फायरिंग में वो बाल-बाल बच गए थे।

# सीएम के सख्त रुख के बाद एक्शन में पुलिस जीरो प्वॉइंट पर धरना दे रहे किसान गिरफ्तार

एजेंसी । नोएडा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त रुख के बाद नोएडा पुलिस एक्शन में आ गई है। बुधवार शाम जहां पुलिस ने 123 किसानों को रिहा कर दिया था, वहीं गुरुवार को जीरो प्वॉइंट पर धरना दे रहे किसानों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस कार्रवाई से सरकार के खिलाफ नाराजगी है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना एक्सप्रेस-वे प्राधिकरण से संबंधित किसान अपनी मांगों को लेकर पिछले कई दिन से आंदोलन कर रहे हैं। इस दौरान किसान संगठनों की अधिकारियों के साथ कई दौर की बातचीत बेनतीजा रही।

सोमवार को किसानों ने भारी संख्या में दिल्ली कूच किया था लेकिन उन्हें रास्ते में ही रोक लिया गया था। इसके बाद अधिकारियों और किसानों में वार्ता हुई जिसमें किसानों ने प्रशासन को 7 दिनों का समय दिया। इन सात दिनों में समाधान नहीं निकलने पर दिल्ली कूच की घोषणा की गई थी। हालांकि एक दिन भी नहीं गुजरा था कि मंगलवार को पुलिस ने दलित प्रेरणा स्थल पर आंदोलनरत सैकड़ों किसानों को गिरफ्तार कर लुकसर जेल भेज दिया था। किसानों की गिरफ्तारी के विरोध में मंगलवार शाम को सिसौली में पंचायत



भी की गई थी। पंचायत में बुधवार को बड़ा प्रदर्शन करने का ऐलान किया था। कई जिले के किसानों सुबह रवाना हुए लेकिन पुलिस ने ज्यादातर को रोक लिया। भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत भी प्रदर्शन स्थल के लिए सैकड़ों किसानों के साथ निकले मगर टप्पल पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। इसके बाद बुधवार को किसानों ने जीरो प्वॉइंट पर पंचायत की और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। किसानों ने गिरफ्तार सभी किसानों को नहीं छोड़े जाने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। बढ़ते दबाव के चलते देर शाम सभी किसानों को पुलिस ने गिरफ्तार किसानों को रिहा कर दिया। इस बीच लखनऊ में मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक की जिसमें उन्होंने समस्याओं के समाधान के लिए हाई पावर कमेटी के गठन के निर्देश दिए।

साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अराजकता किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी अराजकता फैलाये उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इसके बाद आज पुलिस जीरो प्वॉइंट पर पहुंच कर धरना दे रहे किसानों को गिरफ्तार कर लिया। इस घटनाक्रम के बाद किसानों में भारी रोष है।

### आंदोलन को 297 दिन हो गए हैं लेकिन हमारी सुनी नहीं जा रही : स्वर्ण सिंह

**भोपाल।** किसान मजदूर मोर्चा के प्रमुख स्वर्ण सिंह पंढेर का मानना है कि केंद्र सरकार उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं ले रही है जबकि वो अन्नदाताओं के हित में आंदोलन कर रहे हैं। एक वीडियो संदेश जारी कर पंढेर ने अपनी नाराजगी जाहिर की। पंढेर ने कहा, हम इस समय शंभू बॉर्डर पर स्थित हैं। आज हमारे आमरण अनशन का दसवां दिन है और दिल्ली में चल रहे आंदोलन को 297 दिन हो चुके हैं। हम अपनी 12 प्रमुख मांगों को लेकर देशभर के किसानों के हित में आंदोलन कर रहे हैं।

### मैं किसानों के साथ कल भी था और आगे भी रहूंगा : बजरंग पुनिया

**सोनीपत।** भारतीय पहलवान और कांग्रेस नेता बजरंग पुनिया ने किसानों के दिल्ली कूच के ऐलान पर गुरुवार को कहा कि वह किसानों के साथ कल भी थे, और आगे भी रहेंगे। बजरंग पुनिया ने कहा, यह दुख की बात है कि जब हमारे किसान भाई आंदोलन कर रहे थे, तब उनकी शहादत भी हुई और अब भी आंदोलन जारी है। किसानों को शांतिपूर्वक अपनी मांगें रखने का अधिकार है, लेकिन उनके रास्ते में रुकावटें डाली जा रही हैं।

## अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन परिसर में नई रेल मशीनरी का निरीक्षण किया

एजेंसी । नई दिल्ली



केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन परिसर में नई रेल मशीनरी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि ट्रैक के रखरखाव के लिए मोटर ट्रॉली की सुविधा दशकों पुरानी है। इस सुविधा को आधुनिक बनाने के लिए हमने रेलवे कर्मचारियों और पर्यवेक्षकों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने आगे कहा कि रोड कम रेल व्हीकल बनाया गया है। यह एक नया इनोवेशन है। इसमें दोनों, रोड के व्हील्स और रेल के व्हील्स हैं। रेल व्हील्स हाइड्रोलिक सिस्टम के माध्यम से ऊपर रहते हैं, और जब यह गाड़ी ट्रैक पर जाती है, तो यह व्हील्स नीचे आ जाते हैं और ट्रैक पर चलने लगते हैं। जब यह गाड़ी सड़क पर चलती है, तो रोड के व्हील्स पर चलती है। इस व्हीकल में इंस्पेक्शन के लिए बैठने की जगह और नीचे बहुत अच्छे हाई-रेजोल्यूशन कैमरे लगाए गए हैं। इसमें ट्रैक के उपकरण रखने के लिए पीछे एक जगह बनाई गई है। इससे ट्रैकमैन को भारी उपकरण लेकर ट्रैक पर चलने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि सभी उपकरण इसमें स्टोर किए जा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि इससे कर्मचारियों को भी सहूलियत होगी और यह एक नया इनोवेशन है। इस इनोवेशन को करने में रेलवे के इंजीनियरों, ट्रैकमैन और गैंगमैन का भी बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा कहते हैं कि नवाचार लाओ, इनोवेशन करो, नए तरीके से सोचो, तो उसी कड़ी में या एक बहुत अच्छा इनोवेशन हुआ है। यह गाड़ी टाटा की योद्धा गाड़ी है और इसे मॉडिफाई किया गया है। इसको अगले 5 से 6 महीने चला कर देखेंगे। उससे क्या अनुभव आता है, उसी के आधार पर फिर इंप्रूवमेंट (सुधार) करके इसको बड़े पैमाने पर बनाएंगे। इससे कर्मचारियों को भी सहूलियत होगी। उनकी सुरक्षा में बहुत बड़ा परिवर्तन आएगा।

## धर्मेंद्र प्रधान पीएम-ई-विद्या डीटीएच चैनल का कल करेंगे शुभारंभ

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान शुक्रवार को नई दिल्ली में भारतीय सांकेतिक भाषा (आईएसएल) के लिए पीएम ई-विद्या डीटीएच चैनल नंबर 31 का शुभारंभ करेंगे। शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। शिक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि कार्यक्रम में श्रवण बाधित (एचआई) बच्चे, उपलब्धियां प्राप्त करने वाले श्रवण-बाधित व्यक्ति, विशेष शिक्षक, आईएसएल प्रमाणित दुभाषिए और श्रवण बाधित समुदाय को मुख्यधारा में लाने के लिए काम करने वाले संगठन भाग लेंगे।

## आज का राशिफल

**मेष :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**वृष :** आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

**मिथुन :** विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कर्क :** पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**सिंह :** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है।

**कन्या :** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा।

**तुला :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।

**वृश्चिक :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अ'छी रहेगी। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**धनु :** धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**मकर :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य कर।


**कुंभ :** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें।

**मीन :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शत्रुहानि की आशंका रहेगी। आय के योग बनेंगे। किसी की सफलता से प्रेरित होंगे।

# देश है तो धर्म है, धर्म है तो हम सब हैं : योगी

एजेंसी । अयोध्या

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सामर्थ्य के अनुसार देश व धर्म के लिए कुछ करने के साथ ही समाज और हर एक को जोड़ने की आवश्यकता है। देश है तो धर्म है, धर्म है तो हम सब हैं। हमारा ध्येय सनातन धर्म की रक्षा और भारत को विकास के परम वैभव तक पहुंचाने का होना चाहिए। सीएम योगी ने जाति के नाम पर बांटने वालों से बचने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री योगी गुरुवार को जानकी महल में आयोजित श्री राम जानकी विवाह उत्सव में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार का भव्य आयोजन आज जनकपुर धाम में भी हो रहा है। छह वर्ष पूर्व केंद्र व यूपी सरकार के योजनान्तर्गत विवाह पंचमी पर जनकपुर धाम में जाने और मां जानकी के भव्य मंदिर के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। आज जानकी महल में विवाह पंचमी कार्यक्रम में फिर से जुड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है। सीएम योगी ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान इसे नई ऊंचाई तक पहुंचाने में यह महत्वपूर्ण केंद्र बिंदु था। मेरे पूज्य गुरुदेव महंत अवैद्यनाथ जी महाराज राम जन्मभूमि आंदोलन से संबंधित किसी महत्वपूर्ण बैठक या आंदोलन के लिए आते थे तो अक्सर वे रात्रि विश्राम जानकी महल में ही करते थे। यह अनेक पूज्य संतों व आयोजनों का केंद्र बिंदु रहा है। सीएम योगी ने कहा कि यह वर्ष बहुत महत्वपूर्ण रहा, जब 22 जनवरी को पीएम नरेंद्र मोदी के करकमलों से अयोध्या धाम में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामलला के रूप में विराजमान हो चुके हैं। भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया में कोई भी ऐसा सनातन धर्मावलंबी नहीं था, जो उस क्षण से वंचित हुआ हो।





# बिहार : विदेशी पर्यटक भी खींचे चले आ रहे एतिहासिक सोनपुर का मेला

एजेंसी । हाजीपुर

बिहार में लगने वाला विश्व प्रसिद्ध सोनपुर मेला देशी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र तो बना ही है विदेशी पर्यटक भी यहां खींचे चले आ रहे हैं। अपने गौरवशाली अतीत को संजोए हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेले में पर्यटन विभाग भी विदेशी सैलानियों को आकर्षित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। प्रत्येक वर्ष कार्तिक पूर्णिमा से प्रारंभ होने वाले इस मेले का उद्घाटन इस वर्ष 13 नवंबर को उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया था। अब तक 22 से अधिक विदेशी पर्यटक इस मेले में पहुंचे हैं। ये वे विदेशी सैलानी हैं जो ठहरने के लिए मेला परिसर में बनाए गए आधुनिक सुख-सुविधा वाले ग्रामीण परिवेश में लगने वाले स्विस कॉटेजों में ठहरे हैं। बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के एक अधिकारी ने बताया कि एक महीने तक चलने वाले इस मेले में अब तक फ्रांस के 10 और नेपाल के चार पर्यटक शामिल हैं। इसके अलावा इटली से एक दल भी सोनपुर मेले का लुत्फ उठा चुका है, जिसमें आठ लोग शामिल थे।



## महुआ मोइत्रा के खिलाफ मुखर हुए तृणमूल के छह विधायक, सीएम ममता को लिखा पत्र

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा पर गंभीर आरोप लगाते हुए तृणमूल के छह विधायकों ने पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी से शिकायत की है। शिकायत करने वालों में महुआ के संसदीय क्षेत्र के पांच विधायकों और उनके पूर्व विधानसभा क्षेत्र करीमपुर के विधायक शामिल हैं। ममता को लिखे पत्र में करीमपुर के विधायक बिमलेंदु सिंहराय, चापड़ा के रुकबानुर रहमान, नकाशीपाड़ा के कल्लोल खां, पलाशीपाड़ा के माणिक भट्टाचार्य, कृष्णनगर दक्षिण के उज्ज्वल विश्वास और कलिगंज के नसीरुद्दीन अहमद ने हस्ताक्षर किए हैं। इन विधायकों का दावा है कि महुआ उन्हें नजरअंदाज कर ब्लॉक अध्यक्षों और बूथ अध्यक्षों के तबादले कर रही हैं।



## जुमलों के मास्टर हैं पूर्व सीएम केजरीवाल : बांसुरी स्वराज

**नई दिल्ली।** हरियाणा और महाराष्ट्र में बीजेपी की जीत को लेकर दिल्ली के पूर्व सीएम ने बड़ा बयान दिया। कहा कि वो बीजेपी का पदार्फाश करेंगे। आम आदमी पार्टी के संयोजक के इस वक्तव्य पर नई दिल्ली से सांसद बांसुरी स्वराज ने पलटवार करते हुए बोलीं वो जुमलों के मास्टर हैं।

## फडणवीस के शपथ ग्रहण में शामिल हुए नीतीश

### सम्राट सहित कई दिग्गज नेता भी मुंबई पहुंचे

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित कई दिग्गज नेता गुरुवार को मुंबई रवाना हुए जहां वे महाराष्ट्र की महायुति सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया। शपथ ग्रहण समारोह के बहाने एनडीए अपनी एकता भी दिखाएगा। पटना से मुंबई रवाना होने के पूर्व जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित कई नेता शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने जा रहे हैं। सम्राट चौधरी ने पत्रकारों से कहा, महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व में सरकार बनने वाली है। यह सरकार महाराष्ट्र के विकास के लिए कार्य करेगी।





# इसरो ने लॉन्च किया यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी का प्रोबा-3

एजेंसी । श्रीहरिकोटा

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार को यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के प्रोबा-3 मिशन के दो उपग्रहों को सफलतापूर्वक पूर्व निर्धारित कक्षा में स्थापित किया। इसरो के पीएसएलवी सी59 रॉकेट ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से शाम चार बजकर चार मिनट पर प्रोबा 3 के साथ उड़ान भरी। इसरो ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर बताया, पीएसएलवी-सी59/प्रोबा-3 मिशन ने ईएसए के उपग्रहों को सटीकता के साथ उनकी निर्धारित कक्षा में तैनात करके अपने प्रक्षेपण उद्देश्यों को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है। यह पीएसएलवी के विश्वसनीय प्रदर्शन, एनएसआईएल और इसरो के सहयोग और ईएसए के अभिनव लक्ष्यों का एक प्रमाण है। प्रोबा-3 मिशन यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ईएसए का सोलर मिशन है, जो सूर्य के रहस्यों को खंगालेगा। इसमें दो उपग्रह शामिल हैं जो एक साथ एक मिलीमीटर की दूरी पर रहेंगे। ईएसए ने बताया कि एक सूर्य का अध्ययन करेगा जबकि दूसरा पहले उपग्रह को सूरज के फेयरी डिस्क से सुरक्षा प्रदान करेगा। मिशन का उद्देश्य सूरज के वातावरण या कोरोना और सौर तूफान तथा अंतरिक्ष के मौसम का अध्ययन करना है। इससे पहले इस सीरीज का पहला सोलर मिशन 2001 में इसरो ने ही लॉन्च किया था। इस मिशन की लॉन्चिंग पहले इसे बुधवार को होनी थी। लेकिन, तकनीकी खामी की वजह से इसे गुरुवार के लिए टाल दिया गया था। इस मिशन की मियाद दो साल की होगी।

इसे तैयार करने में इटली, स्पेन, बेल्जियम,स्विट्जरलैंड और पौलेंड जैसे देशों ने भी अपना अमूल्य योगदान दिया है। इसरो ने बताया कि दोनों उपग्रहों को पृथ्वी की वांछित कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया है। इससे पहले, इसरो ने जीपीएस से लेकर अन्य कम्यूनिकेशन सिस्टम के मामले में भी भारत को आत्मनिर्भर बनाया है।



# पिंक बॉल टेस्ट एडिलेड में आज से हेजलवुड की जगह बोलैंड को मौका

एजेंसी । एडिलेड

भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के पिंक बॉल टेस्ट में चोटिल जोश हेजलवुड की जगह स्कॉट बोलैंड को ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को सीरीज के दूसरे मैच के लिए अपनी प्लेइंग-11 की घोषणा कर दी। यह मैच एडिलेड में शुक्रवार से खेला जाएगा। यह मेजबान टीम के लिए बड़ा झटका है, क्योंकि हेजलवुड ने पर्थ टेस्ट में पांच विकेट लिए थे और अन्य गेंदबाजों के मुकाबले उनका प्रदर्शन बेहतर था। उन्होंने पहली पारी में चार और दूसरी पारी में एक विकेट लिया था। लगभग 18 महीने में ऑस्ट्रेलिया के लिए बोलैंड का यह पहला मैच होगा। उन्होंने पिछला टेस्ट मैच पिछले साल एशेज सीरीज के दौरान खेला था। बोलैंड का शामिल होना प्लेइंग इलेवन में एकमात्र बदलाव है। इस बीच, ऑलराउंडर मिचेल मार्श टीम में बने रहेंगे। हालांकि वह पीठ की अकड़न के कारण भारत की दूसरी पारी के दौरान पूरी ताकत से गेंदबाजी नहीं कर पाए थे। भारत ने शुक्रवार से एडिलेड में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए अभी तक अपनी टीम की घोषणा नहीं की है। नियमित कप्तान रोहित शर्मा की वापसी के बाद यह देखना दिलचस्प होगा कि मध्यक्रम के बल्लेबाजों में से किसे बेंच पर बाहर बैठना पड़ेगा। ऑस्ट्रेलिया को सीरीज के पहले मैच में पर्थ में 295 रनों से करारी हार का सामना करना पड़ा, जो 2008 के मोहाली टेस्ट में 320 रनों की हार के बाद टेस्ट में भारत के खिलाफ रनों के लिहाज से उनकी दूसरी सबसे बड़ी हार है। भारतीय टीम बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 1-0 से आगे चल रही है।

### डे-नाइट टेस्ट मैच



**भारत :** यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, शुभमन गिल, विराट कोहली, रोहित शर्मा (कप्तान), ऋषभ पंत, वॉशिंगटन सुंदर, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज

**ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग-11 :** उस्मान ख्वाजा, नाथन मैकस्वीनी, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, मिचेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन और स्कॉट बोलैंड।

### एडिलेड टेस्ट के लिए प्लेइंग 11 में पडिक्कल-जुरेल की जगह रोहित-गिल होंगे : इरफान पठान



एडिलेड में खेले जाने वाले पिंक बॉल टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया ने प्लेइंग-11 का ऐलान कर दिया है। कप्तान रोहित शर्मा की वापसी के बाद अब हर किसी की नजर भारत के प्लेइंग-11 पर है। इस बीच पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान को लगता है कि वापसी कर रहे रोहित शर्मा और सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को एडिलेड में मौका मिलेगा। पूर्व भारतीय खिलाड़ी ने कहा कि बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल और विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को इस टेस्ट से बाहर रखा जा सकता है। भारत की प्लेइंग-11 में ये संभावित बदलाव होने की पूरी संभावना है। भारत ने बहुप्रतीक्षित दौरे की धमाकेदार शुरुआत की। टीम इंडिया ने पर्थ टेस्ट में 295 रनों की शानदार जीत दर्ज की और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया। पठान ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, "मुझे लगता है कि टेस्ट मैच में रोहित शर्मा की वापसी होगी। वह कप्तान हैं, इसलिए देवदत्त पडिक्कल की जगह वह शामिल होंगे जबकि ध्रुव जुरेल की जगह शुभमन गिल को भी टीम में होना चाहिए। पठान ने कहा कि रोहित को मध्यक्रम में खेलना चाहिए और केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल को ओपनिंग करनी चाहिए।

# एशिया कप जीतने के बाद बेंगलुरु लौटी भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम



एजेंसी । बेंगलुरु

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम मस्कट, ओमान में पुरुष जूनियर एशिया कप का खिताब जीतने के बाद आज बेंगलुरु पहुंची। भारत ने फाइनल में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 5-3 से हराकर अपने पुरुष जूनियर एशिया कप खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। इस जीत के साथ भारत ने अपना पांचवां पुरुष जूनियर एशिया कप खिताब पक्का कर लिया है और एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। भारत को जापान, कोरिया, थाईलैंड और चीनी ताइपे के साथ पूल ए में रखा गया था। उन्होंने थाईलैंड, चीनी ताइपे और कोरिया पर जीत के साथ ग्रुप चरण में अपना दबदबा बनाया। हालाँकि, जापान के खिलाफ उनका दूसरा मैच उनके अभियान के सबसे कठिन मैचों में से एक साबित हुआ, लेकिन अरजीत सिंह हुंदल ने तीसरे क्वार्टर में गोल करके भारतीय टीम की 3-2 से जीत पक्की कर दी। पूल चरण के अंत में, भारत ने कुल 38 गोल किये। बेंगलुरु पहुंचने पर कप्तान अमीर अली ने कहा,"जूनियर एशिया कप में हमारी यात्रा असाधारण रही है। प्रत्येक मैच ने अपनी चुनौतियां पेश कीं, लेकिन हमारी टीम का दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत चमक गई। हमारे फॉरवर्ड ने असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया, लगातार डिफेंस को तोड़ा और स्कोरिंग के अवसर बनाए। यह खिताब जीतना पांचवीं बार हमारी उत्कृष्टता की खोज और हमारे अविश्वसनीय प्रशंसकों के समर्थन का प्रमाण है। सेमीफाइनल में भारत ने मलेशिया से मुकाबला किया और दिलराज सिंह, उप-कप्तान रोहित और शारदा नंद तिवारी के गोल की मदद से 3-1 से जीत दर्ज की। वहीं फाइनल में अरायजीत के शानदार चार गोल की बदौलत भारत ने पाकिस्तान को हराकर स्वर्ण पदक जीता। यह खिताब बचाव पिछले महीने सुल्तान जोहोर कप में अच्छे प्रदर्शन के बाद आया, जहां मुख्य कोच पीआर श्रीजेश ने अपनी टीम को अपनी पहली प्रतियोगिता में कांस्य पदक दिलाया। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम अब अपना ध्यान अगले साल चेन्नई में होने वाले एफआईएफ जूनियर हॉकी पुरुष विश्व कप 2025 पर लगाएगी।

### प्रधानमंत्री ने जूनियर एशिया कप जीतने पर भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम को बधाई दी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को जूनियर एशिया कप 2024 जीतने पर भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, "हमें अपने हॉकी चैंपियन पर गर्व है। यह भारतीय हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि हमारी पुरुष जूनियर टीम ने जूनियर एशिया कप 2024 का खिताब जीता है। उनके बेजोड़ कौशल, अटूट धैर्य और अविश्वसनीय टीम वर्क ने इस जीत को खेलों के गौरव के इतिहास में दर्ज कर दिया है। युवा चैंपियन को बधाई और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।" उल्लेखनीय है कि भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को मस्कट, ओमान में पुरुष जूनियर एशिया कप के उच्च स्कोर वाले फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 5-3 से हराकर अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया।

## कलिंगा लांसर्स ने वैलेंटिन अल्टनबर्ग को मुख्य कोच नियुक्त किया

**भुवनेश्वर।** कलिंगा लांसर्स ने आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) सीजन के लिए वैलेंटिन अल्टनबर्ग को मुख्य कोच नियुक्त किया है। 43 वर्षीय अल्टनबर्ग अंतरराष्ट्रीय हॉकी में एक बेहद सम्मानित नाम हैं, जो अपने सामरिक कौशल, नेतृत्व और जर्मन राष्ट्रीय टीम के साथ वर्षों के अनुभव के लिए जाने जाते हैं। अल्टनबर्ग एक दशक से भी अधिक समय से जर्मन हॉकी में एक प्रमुख व्यक्ति रहे हैं। जर्मन हॉकी एसोसिएशन (डीएचबी) के इतिहास में सबसे कम उम्र के सीनियर पुरुष कोच के रूप में, उन्होंने 2016 रियो ओलंपिक में जर्मन पुरुष टीम को कांस्य पदक दिलाया और टीम को प्रमुख टूर्नामेंटों में मजबूत प्रदर्शन के लिए निर्देशित किया, जिसमें 2019 और 2021 में यूरोपीय चैंपियनशिप में रजत पदक और 2023 में कांस्य पदक शामिल हैं। अपनी ओलंपिक उपलब्धियों के अलावा, अल्टनबर्ग ने पुरुष और महिला दोनों टीमों का प्रबंधन किया है, जिससे उनकी भूमिका में बहुमुखी प्रतिभा और खेल की व्यापक समझ आई है।

## जसप्रीत बुमराह आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड के लिए नामांकित

एजेंसी । नई दिल्ली



तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, मार्को जेनसन और हारिस राउफ को खेल के विभिन्न प्रारूपों में उनके विकेट लेने के कारनामों के लिए नवंबर 2024 के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड के लिए नामांकित किया गया है। बुमराह को पर्थ में पहले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया पर भारत की 295 रनों की जीत में शानदार गेंदबाजी करते हुए आठ विकेट लेने के लिए नामांकित किया गया है, जहां उन्होंने रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में स्टैंड-इन कप्तान की भूमिका भी निभाई थी। उनका लक्ष्य अपना दूसरा आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड जीतना है। पहली पारी में 5-30 के उनके शानदार प्रदर्शन ने सुनिश्चित किया कि भारत 46 रनों की बढ़त ले।

### 39 साल के हुए शिखर धवन क्रिकेटरों से मिली शुभकामनाएं



**नई दिल्ली ।** भारत के पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन ने गुरुवार को अपना 39वां जन्मदिन मनाया और उन्हें अपने प्रियजनों और साथी भारतीय क्रिकेटरों से हार्दिक शुभकामनाएं मिलीं। धवन के 39वें जन्मदिन पर उनके पूर्व साथियों और दोस्तों ने पुरानी यादें ताज़ा करते हुए और दिल को छू लेने वाले संदेश साझा किए। धवन के करीबी दोस्त और पूर्व साथी सुरेश रैना ने अपने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें साझा कीं, जिसमें उन्होंने अपने रिश्ते का जश्न मनाया। तस्वीरों के साथ रैना ने एक दिल को छू लेने वाला संदेश लिखाः "उस आदमी को जन्मदिन की बधाई जो पिच पर जोश और मस्ती लाता है।

### हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप
## ओड़िशा को 04-03 से पराजित कर झारखंड फाइनल में पहुंचा



नवीन मेल संवाददाता । रांची

सिकंदराबाद में आयोजित 14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में गुरुवार को ओड़िशा और झारखंड के बीच सेमीफाइनल मैच खेला गया। इसमें झारखंड ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में 04-03 से जीत हासिल कर फाइनल में अपनी जगह बनाई। मैदानी खेल में दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। मैच 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ। इस मैच में झारखंड की पुष्पा मांझी ने 8वें मिनट में गोल कर आपने टीम को बढ़त दिलाई एवं ओड़िशा की अंजना खाखा ने आपनी टीम के लिए 45वें मिनट में बराबरी का गोल की। अंततः इनका निर्णय शूटआउट में हुआ जिसमें झारखंड ने 03-02 गोल से जीत हासिल की और फाइनल में जगह बनाई। इस मैच में झारखंड की अनुप्रिया सोरेंग को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। फाइनल मैच शुक्रवार को 11:00 बजे झारखंड और मध्यप्रदेश के बीच होगा। टीम के फाइनल में जगह बनाने पर हॉकी झारखंड के समस्त अधिकारीयों ने टीम को बधाई एवं फाइनल मैच के लिए शुभकामनाएं दी है।



## पीएलआई योजना ने पैदा की 5.84 लाख प्रत्यक्ष नौकरियां

एजेंसी । नई दिल्ली



▸ विभिन्न मंत्रालयों से आरटीआई के जवाब में सामने आई यह बात

केंद्र सरकार की उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना ने जून 2024 तक कुल 5.84 लाख प्रत्यक्ष नौकरियां पैदा की हैं। प्रत्यक्ष नौकरियों का यह डाटा अगले पांच वर्षों में 14 क्षेत्रों में बनाए जाने वाले कुल 16.2 लाख प्रत्यक्ष नौकरियों का लगभग 36 प्रतिशत है। यह जानकारी विभिन्न मंत्रालयों से आरटीआई के जवाब में सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो मोबाइल फोन, फूड प्रॉसेसिंग और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों ने मजबूत प्रदर्शन किया है, क्योंकि इन तीनों ही क्षेत्रों में कुल सृजित नौकरियों का 75 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है। भारत सरकार की पीएलआई योजना को लेकर अप्रैल 2020 में घोषणा की गई थी। इस योजना को उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना के नाम से जाना जाता है। सरकार की इस योजना का उद्देश्य घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के साथ आयात पर निर्भरता को कम करना है। इसके अलावा, इस योजना के तहत विदेशी कंपनियों को भारत में वर्कफोर्स खोजने और रोजगार पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस योजना के तहत उन पात्र कंपनियों को वित्तीय प्रोत्साहन दिया जाता है, जो उत्पादन और निवेश लक्ष्यों को पूरा करती हैं। शुरुआत में इस योजना को इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के लिए लाया गया था, धीरे-धीरे योजना के तहत फार्मास्यूटिकल्स, टेक्सटाइल्स, ऑटोमोटिव और रिन्यूएबल एनर्जी सहित कई उद्योगों को कवर किया जा रहा है। सरकार की यह योजना निवेश को आकर्षित कर, निर्यात बढ़ाने और रोजगार पैदा करने को लेकर अहम है।

### एसोचैम के 'भारत@100 शिखर सम्मेलन' में बोले गोयल
# इजरायल की तरह भारत भी 1000 लोगों पर 1 स्टार्टअप का लक्ष्य रखे

**कहा, हम एमएसएमई के लिए वैकल्पिक वित्त पोषण मॉडल पर विचार करने को तैयार**



एजेंसी । नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत को प्रति एक हजार लोगों पर एक स्टार्टअप का लक्ष्य रखना चाहिए, जो कि नवाचार को बढ़ावा देने में इजरायल की सफलता से प्रेरणा लेता है। वाणिज्य मंत्री ने उद्योग जगत से बैंक ऋण प्राप्त करने में आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी साझा करने का भी आग्रह किया। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री गोयल नई दिल्ली में भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग मंडल (एसोचैम) द्वारा आयोजित 'भारत@100 शिखर सम्मेलन' को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि छोटा देश होने के बावजूद इजरायल ने नवाचार को प्राथमिकता दी है, जिसके परिणामस्वरूप हर 1,000 लोगों पर एक स्टार्टअप है। उन्होंने इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए युवाओं में उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5-7 फीसदी की जीडीपी वृद्धि संभव : नागेश्वरन



देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने गुरुवार को कहा कि अक्टूबर-नवंबर में कुछ क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने से चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5-7 फीसदी की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर संभव है। उन्होंने कहा कि दूसरी तिमाही के 5.4 फीसदी जीडीपी ग्रोथ के अनुमान को आगे चलकर संशोधित भी किया जा सकता है, क्योंकि मौजूदा अनुमान मौसमी रूप से समायोजित नहीं हैं। मुख्य आर्थिक सलाहकार नागेश्वरन ने नई दिल्ली में भारतीय वाणिज्य एंव उद्योग मंडल (एसोचैम) के 'भारत@100 शिखर सम्मेलन' को संबोधित करते हुए यह बात कही। 'भारत के आर्थिक परिवर्तन को सशक्त बनाना' विषय पर आयोजित सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने आर्थिक परिवर्तन के महत्व को रेखांकित किया। डॉ नागेश्वरन ने अपने संबोधन में आधुनिक राजमार्गों, नई ट्रेनों और तेज टोल प्रॉसेसिंग के साथ आपूर्ति बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण सुधार सहित सरकारी नीतियों के ठोस परिणामों पर भी जोर दिया।

## यूपीआई लाइट वॉलेट की लिमिट हुई 5000 रुपये

एजेंसी । मुंबई




▸ प्रति ट्रांजेक्शन की लिमिट भी बढ़ी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मोबाइल फोन के जरिए इंस्टैंट पेमेंट सिस्टम को बढ़ावा देते हुए यूपीआई लाइट के लिए वॉलेट लिमिट को 2,000 रुपये से बढ़ाकर 5,000 रुपये करने की घोषणा की है। इसके अलावा, प्रति ट्रांजैक्शन की लिमिट को भी 500 रुपये से बढ़ाकर 1,000 रुपये कर दिया गया है। आरबीआई के अनुसार, यूपीआई लाइट के जरिए अब एक व्यक्ति को एक बार में अधिकतम 1,000 रुपये भेजे जा सकते हैं। रिजर्व बैंक सर्कुलर में कहा गया है, यूपीआई लाइट के लिए बढ़ी हुई लिमिट प्रति लेनदेन 1,000 रुपये होगी और किसी भी समय कुल सीमा 5,000 रुपये होगी।

यूपीआई पेमेंट के लिए यूजर को यूपीआई पिन की जरूरत होती है। यूपीआई लाइट के जरिए स्मार्टफोन यूजर को कम कीमत वाले लेनदेन बिना यूपीआई पिन के करने की सुविधा मिलती है। यूपीआई लाइट एक कस्टमर-फ्रेंडली अप्रोच है, जो कि रियल टाइम में बैंक के कोर बैंकिंग सिस्टम पर निर्भर नहीं रहती। यूपीआई लाइट व्यक्ति-से-व्यक्ति भुगतान, व्यक्ति-से-व्यापारी भुगतान और छोटे व्यापारी भुगतान के लिए ऑफलाइन लेन-देन को सपोर्ट करता है। यूपीआई लाइट के साथ यूजर को पेमेंट के लिए ऑफलाइन डेबिट की सुविधा मिलती है, लेकिन क्रेडिट के लिए ऑनलाइन रहना जरूरी है। अधिसंख्य यूपीआई मर्चेंट लेन-देन स्थिर या गतिशील क्यूआर कोड का इस्तेमाल करते हैं, जिसके लिए भुगतान पूरा करने के लिए प्राप्तकर्ता तक ऑनलाइन संदेश पहुंचना जरूरी है।

## होजरी निर्माताओं की आय 10 से 12 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद

एजेंसी । नई दिल्ली



भारतीय होजरी निमार्ताओं की आय चालू वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2024-25) में सालाना आधार पर 10 से 12 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। इसकी वजह ग्रामीण इलाकों में मांग का बढ़ना, निर्यात में इजाफा होना और मजबूत आधुनिक व्यापार बिक्री है, यह जानकारी गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। इंडस्ट्री की आय में एक तिहाई हिस्सेदारी रखने वाले 30 होजरी निर्माताओं के क्रिसिल रेटिंग्स द्वारा किए गए विश्लेषण के अनुसार, उद्योग के परिचालन मार्जिन में इस वित्त वर्ष में 150-200 आधार अंकों (बीपीएस) का सुधार होने की उम्मीद है, जो इनपुट कीमतों में नरमी और बेहतर क्षमता उपयोग के कारण है। वहीं, अधिक वॉल्यूम ग्रोथ से भी इसे सहारा मिल रहा है। क्रिसिल रेटिंग्स में निदेशक अर्घा चंदा ने कहा, 10-12 प्रतिशत की आय वृद्धि ग्रामीण बिक्री के उच्च योगदान पर निर्भर करेगी। घरेलू आय का लगभग आधा ग्रामीण इलाकों से आता है।

## बुल की दहाड़, आरबीआई के फैसले से पहले सेंसेक्स चढ़ा

एजेंसी । मुंबई



भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को उतार-चढ़ाव भरे सत्र के बीच हरे निशान में बंद हुआ। कारोबार के अंत में आईटी शेयरों में खरीदारी देखी गई। सेंसेक्स 809.53 अंक या 1 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,765 पर बंद हुआ। जबकि, निफ्टी 240.95 अंक या 0.98 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,708.40 पर बंद हुआ। कारोबार सत्र में सेंसेक्स ऊपरी स्तर पर 82,317 और निचले स्तर पर 80,467 पर पहुंचा था। आरबीआई के आगामी ब्याज दर के फैसले को लेकर निवेशकों की आशावादिता को शेयर बाजार में इस तेजी का एक बड़ा कारण माना जा रहा है। आरबीआई की मौद्रिक नीति बैठक (एमपीसी) 4 नवंबर को शुरू हुई और आरबीआई गवर्नर शक्ति कांत दास 6 नवंबर को एमपीसी के फैसलों की घोषणा करेंगे। विशेषज्ञों के अनुसार, बाजार ने दिन के निचले स्तर से तेज रिकवरी का अनुभव किया और मजबूत लाभ के साथ बंद हुआ।

## एक नजर

### रांची-चोपन एक्सप्रेस के समय में परिवर्तन कर प्रतिदिन परिचालन हो : जोशी

**रांची।** यात्रियों की ओर से लगातार मिल रहे सुझाव को देखते हुए दक्षिण पूर्व रेलवे के पूर्व जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने स्थानीय सांसद बीडी राम को पत्राचार कर ट्रेन स. 18631/18632 रांची-चोपन एक्सप्रेस के समय में परिवर्तन कर प्रतिदिन परिचालित कराने के लिए हस्तक्षेप का आग्रह किया। यह भी कहा कि अब चोपन में कोचिंग लाइन और पीट लाइन का निर्माण भी करोड़ों रुपये की लागत से हो चुका है जिसका उपयोग इस ट्रेन के प्रतिदिन परिचालन से हो सकेगा। ट्रेन का प्रतिदिन परिचालन होने से उत्तर प्रदेश के साथ ही झारखंड के यात्री भी लाभान्वित होंगे। पत्र की प्रति केंद्रीय मंत्री हरदीप पूरी के प्रतिनिधि एसके गौतम, राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा और पूर्व मध्य रेलवे के जीएम को भी प्रेषित किया गया है।

### एसबीआई ने दो लाख का क्लेम चेक दिया

**भवनाथपुर।** मकरी पंचायत भवन में गुरुवार को भारतीय स्टेट बैंक शाखा भवनाथपुर ने सामाजिक सुरक्षा और बीमा योजनाओं को साकार करते हुए मकरी गांव की एक लाभुक को 2 लाख का बीमा क्लेम चेक प्रदान किया। बरवाबांध निवासी स्वर्गीय सुखदेव राम की पत्नी ललिता देवी को यह चेक प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत सौंपा गया। कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक दिलीप कुमार और मकरी पंचायत की मुखिया सरिता देवी ने संयुक्त रूप से लाभुक को चेक प्रदान किया। लाभुक के परिवार ने असमय हुई मृत्यु के बाद योजना के तहत दावा किया था। शाखा प्रबंधक ने त्वरित प्रक्रिया सुनिश्चित करते हुए सभी आवश्यक दस्तावेजों की जांच और स्वीकृति के बाद चेक सौंपा। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक दिलीप कुमार ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की जानकारी दी।

### सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र में बुधवार की देर शाम में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गये। घायलों में उत्तरप्रदेश के विंढमगंज निवासी रौशन चन्द्रवंशी,भवनाथपुर थाना क्षेत्र के कोनमंडरा निवासी सह मारुति कंपनी के आरएम सुनील कुमार पांडेय, खरौंधी थाना क्षेत्र के राजी निवासी देवलाल पासवान का नाम शामिल है। सभी घायलों को स्थानीय लोग व पुलिस की मदद से भवनाथपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहां पर तैनात आयुष डॉक्टर नीतीश भारती एएनएम अंचला कुमारी द्वारा इलाज किया जा रहा है। पहली घटना भवनाथपुर-कांडी मुख्य पथ पर रेलवे क्रॉसिंग के समीप तीखे मोड़ पर अनियंत्रित होकर बाइक पलट जाने से विंढमगंज निवासी रौशन चन्द्रवंशी घायल हो गए। उनके साथ सफर कर रहे ओमप्रकाश चन्द्रवंशी बाल-बाल बच गए। उन्होंने बताया कि दोनों मझिगावां से लौट रहे थे। इस दौरान शिवनगरी के समीप रेलवे क्रॉसिंग के समीप तीखे मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई।

# नीलांबर पीतांबर विवि में व्यवस्था है बदहाल, छात्रों को हो रहीं समस्याएं



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए रांची न जाना पड़े और उन्हें अपने घर के पास ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके, इस उद्देश्य से मेदिनीनगर में शहीदों के नाम पर नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय की स्थापना की गई थी। विश्वविद्यालय खुलने से पलामू प्रमंडल के छात्रों और उनके अभिभावकों में काफी खुशी थी, क्योंकि अब उन्हें उच्च शिक्षा के लिए रांची जाने की आवश्यकता नहीं होगी। लेकिन विश्वविद्यालय की वर्तमान स्थिति विडंबनापूर्ण है।

वर्तमान में विश्वविद्यालय में ना तो रेगुलर कुलपति हैं और ना ही प्रतिकुलपति, जिससे विश्वविद्यालय के कई कामों में देरी हो रही है और कई काम अधूरे छोड़ दिए गए हैं। जून 2023 से विश्वविद्यालय में प्रभारी कुलपति हैं, लेकिन प्रतिकुलपति के पद पर 17 महीने से कोई नियुक्ति नहीं हुई है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव से लेकर परीक्षा नियंत्रक तक सभी अधिकारी प्रभार में हैं और कोई भी नियमित रूप से कार्यरत नहीं है। इसके कारण विश्वविद्यालय के लगभग सभी यूजी और पीजी सेक्शन में देरी हो रही है, और कुछ सेक्शन तो एक साल से अधिक समय से विलंबित चल रहे हैं, जो कि बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय से संबंधित चार सरकारी महाविद्यालयों में से केवल गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय में ही नियमित प्राचार्य हैं, जबकि अन्य तीन महाविद्यालय - जनता शिवरात्रि महाविद्यालय, वाईएसएन महिला महाविद्यालय और एसएसजेएसएन महाविद्यालय गढ़वा में सभी प्राचार्य प्रभारी हैं। विश्वविद्यालय की दुर्दशा यह है कि विश्वविद्यालय परिसर में सफाई करने वाला कोई कर्मचारी तक नहीं है, जिससे परिसर में गंदगी फैली हुई है।

### शौचालयों की स्थिति भी दयनीय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत हर घर शौचालय बनवाने का उद्देश्य था कि महिलाओं को बाहर शौच जाने की आवश्यकता न हो। लेकिन नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय में बने शौचालयों की स्थिति इतनी खराब है कि छात्र-छात्राएं वहां शौच के लिए जाने के बाद ज्यादा देर रुक नहीं सकते, क्योंकि शौचालयों की सफाई नहीं की जाती और पानी की सुविधा भी नहीं है। इसके अलावा, शौचालय के दरवाजों और आसपास जाले लगे हुए हैं, जिससे छात्रों को शौचालय का उपयोग करने में कठिनाई होती है।

### दो बाइक की टक्कर चार लोग घायल

**धुरकी।** बिलासपुर मुख्य पथ स्थित सरईदाहा (खाला) गांव के समीप दो बाइक के बीच हुए आमने-सामने की टक्कर में चार लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान महफूज अंसारी पिता ताज मोहम्मद अंसारी, नजबून बीबी पति कलाम अंसारी, सालेहा खातून पिता कलाम अंसारी तीनों ग्राम खुटिया और मजीबुल इस्लाम पिता तैयब अंसारी ग्राम खाला के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से एम्बुलेंस के माध्यम से आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गंभीर रूप से घायल दो लोगों को सदर हॉस्पिटल गढ़वा और दो घायल महिला को अनुमंडल हॉस्पिटल में रेफर कर दिया है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रत्नेश कुमार ने बताया कि दो लोगों की स्थिति नाजुक बनी हुई है। बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया है। घटना के बाद धुरकी पुलिस के एएसआई शैलेंद्र कुमार सीएचसी में पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

# जविप्र लाभुकों ने प्रखंड कार्यालय पर किया हंगामा



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत बनसानी पंचायत में संचालित विवेक महिला समूह जन वितरण प्रणाली के अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और सचिव का नाम व आधार सीडिंग, ई पॉश मशीन से हटाए जाने से नाराज उक्त समूह के सैकड़ों लाभुको ने गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर हंगामा किया। इस दौरान लाभुको ने बीडीओ सह एमओ नंदजी राम को लिखित आवेदन देकर विवेक महिला समूह में पुनः उक्त सभी का नाम जोड़ते हुए लाभुको के बीच ससमय राशन वितरण कराने की मांग की है। समूह के अध्यक्ष कविता देवी, कोषाध्यक्ष प्रभा देवी तथा सचिव जगमनी देवी ने बताई कि बीते 31 अक्तूबर 2024 को गोदाम से राशन उठाव कर वितरण हेतु ई पॉश मशीन जब लाभुको का अंगूठा का निशान लेने लगी तो मशीन बंद बता रही थी, जब उक्त मशीन की जांच कराई गई तो ई पॉश मशीन में समूह के पूर्व सदस्य मालती देवी का अध्यक्ष एवं चंद्रावती देवी का सचिव के तौर पर नाम और आधार सीडिंग कर दिया गया है। उक्त दोनों पूर्व सदस्यों का नाम गलत तरीके से ई पॉश मशीन में चढ़ाए जाने से लाभुकों के बीच 28 दिनों तक राशन वितरण नहीं किया गया। बीडीओ नंदजी राम ने कहा कि समूह के अध्यक्ष द्वारा गोदाम से राशन उठाव किए जाने के बाद भी लाभुकों के बीच 28 दिनों तक राशन वितरण नहीं किया जा सका था, जिसे लेकर उक्त समूह के अन्य सदस्यों का नाम व आधार ई पॉश मशीन में जोड़ा गया था।

## शहरी विकास की उम्मीदों पर पानी, ग्रामीण पहचान बरकरार

# नगर निगम के हिस्से में आने के बाद भी वार्ड नंबर 1 में सुविधाओं का अभाव



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 1 में विकास कार्यों की कमी और शहरी सुविधाओं के अभाव ने यहां के निवासियों को असंतोष में धकेल दिया है। नगर निगम क्षेत्र में शामिल होने के बावजूद यह वार्ड आज भी ग्रामीण पहचान के साथ संघर्ष कर रहा है।

### वर्ष 2017 में हुआ था परिसीमन

2017 के परिसीमन में नगर निगम क्षेत्र में शामिल वार्ड नंबर 1 की जनसंख्या 4,686 थी। हालांकि, ग्रामीण इलाके के तौर पर पहचान रखने वाला यह क्षेत्र शहरी सुविधाओं से वंचित है। यहां के निवासियों का आरोप है कि निगम द्वारा बुनियादी सुविधाएं जैसे सड़क, जल आपूर्ति, सफाई, और बिजली की व्यवस्था भी सुचारू रूप से नहीं की गई है। पूर्व पंचायत वार्ड सदस्य ओम प्रकाश शुक्ला ने बताया कि नगर निगम में आने के बाद गांव और शहरी क्षेत्र दोनों तरफ से नुकसान हुआ है। यहां विकास के नाम पर कुछ नहीं हुआ। वहीं, सेवानिवृत्त कर्मी कामेश्वर पासवान ने बताया कि वार्ड में आज भी सड़कों और बिजली की स्थिति बदतर है। गांव की सुविधाओं से भी यह इलाका पीछे है।

### पेयजल संकट और अन्य समस्याएं

वार्डवासी दिलीप शुक्ला ने बताया कि गर्मियों में पेयजल की भारी किल्लत होती है। कई बार जलमीनार लगने की बातें हुई, लेकिन आज तक यह योजना सफल नहीं हुई। वहीं, सफाई और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था भी बेहद खराब है। छात्र सुजीत शुक्ला ने कहा कि निगम की सफाई गाड़ी महीने में शायद ही एक बार आती है।

### बीपीएससी में सफलता पर रिया वर्मा को उपायुक्त ने दी बधाई



मेदिनीनगर। स्थानीय निवासी रिया वर्मा को 69वीं बीपीएससी परीक्षा में 22वां स्थान प्राप्त होने पर जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने उन्हें गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में बधाई दी। उपायुक्त ने रिया वर्मा की सफलता पर गर्व जताते हुए उन्हें भविष्य में लोकसेवक के रूप में सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने रिया वर्मा को एक पुस्तक भेंट की। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद और जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. असीम कुमार भी मौजूद रहे।

# सड़क मरम्मत में अनियमितता, पतले लेयर के प्रयोग से उखड़ने लगा अलकतरा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पथ निर्माण विभाग द्वारा छः मुहान से बैरिया तक किए जा रहे सड़क मरम्मत कार्य में अनियमितताओं के आरोप लग रहे हैं। सड़क की मरम्मत के कुछ ही दिनों बाद, सड़क के कंक्रीट हिस्सों में उखड़न शुरू हो गई है, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। इस सड़क से अधिकांश भारी वाहनों का आवागमन होता है, और अब यह प्रश्न उठने लगा है कि यह सड़क कितने दिन तक टिकेगी। मरम्मत के बाद, विभिन्न स्थानों पर कंक्रीट का उखड़ना जारी है, जो किसी भी सड़क मरम्मत कार्य की सफलता के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है।

यह मरम्मत कार्य एम.डी कंस्ट्रक्शन द्वारा किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सड़क के बड़े गड्ढों को भरकर समतल करना था। साथ ही, सड़क के संकीर्ण हिस्सों में चौड़ीकरण भी किया जाना था, लेकिन संवेदक द्वारा इसमें लापरवाही बरती जा रही है। सड़क मरम्मत कार्य की लागत 25 लाख रुपए बताई जा रही है, जिसमें गड्ढे भरने, उखड़ी हुई जगहों पर डस्ट और पत्थर डालकर समतल करने और कालीकरण करने की योजना थी। एफसीआई गोदाम के पास 90 फीट और बैरिया चौक के पास 40 फीट सड़क का चौड़ीकरण किया जाना था, लेकिन चौड़ीकरण के बाद निकाली गई मिट्टी को ठीक से हटा नहीं गया। इस पर सहायक अभियंता विमल तिग्गा ने बताया कि कार्य में पूरी तरह से नियमों का पालन किया जा रहा है। हालांकि, उन्होंने माना कि कालीकरण किए गए हिस्सों पर काम चल रहा है, जिसके कारण कुछ कंक्रीट इधर-उधर फैल सकते हैं, लेकिन जल्द ही सफाई कर ली जाएगी। इस वर्ष की बारिश में सड़क की स्थिति काफी जर्जर हो चुकी थी, जिसमें बड़े-बड़े गड्ढे हो गए थे, जिससे छोटे वाहनों के साथ-साथ बड़े वाहनों का भी आवागमन मुश्किल हो गया था। स्थानीय लोगों की मांग पर यह मरम्मत कार्य कराया जा रहा था, लेकिन इस कार्य में हो रही लापरवाही और गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं।

# अनियंत्रित बाइक फोरलेन पर लगे पोल से टकराई, चालक की मौत, दो घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** थाना क्षेत्र के ममरखा गांव के समीप एनएच 139 फोरलेन पर बुधवार की देर शाम हुई सड़क दुघर्टना में बाइक चला रहे 25 वर्षीय युवक ओम कुमार की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक घायल हो गए। मृतक युवक बसपा नेता सूरजमल राम का भतीजा है। तीनों युवक थाना क्षेत्र के कटैया गांव के रहने वाले हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक ही बाइक पर तीन युवक कौवाखोह से कटैया अपने घर की ओर लौट रहे थें। इस दौरान तेज गति में आ रही बाइक अनियंत्रित होकर फोरलेन के इंडिकेटर पोल से जा टकराइ। इससे बाइक चला रहे ओम कुमार (25 वर्ष) पिता नंदकिशोर राम, बाइक पर बैठे रंजीत कुमार व अयोध्या राम बुरी तरह घायल हो गए। घायलों को आस पास के लोगों के मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद ओम कुमार तथा रंजीत कुमार की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने रेफर कर दिया।

## विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस पर दो किसानों को मिला सम्मान

# संसाधनों की कमी झेल रहे किसानों तक लाभ पहुंचाना नैतिक कर्तव्य : बीडीओ



नवीन मेल संवाददाता। हैदरनगर। प्रखंड सभागार हैदरनगर में बीडीओ विश्व प्रताप मालवा के निर्देश के आलोक में विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस पर गुरुवार को किसानों के साथ संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें संबधित पंचायत में लक्ष्य के अनुरुप ससमय बीज वितरण कराने में बेहतर प्रदर्शन किये जाने पर दो कृषि मित्र रामसुंदर मेहता व सुदर्शन यादव को सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र कुमार सिंह व मुखिया संघ अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने विधिवत सम्मानित किया। सहायक तकनीकी प्रबंधक परवीन जहां की अध्यक्षता में आयोजित संगोष्ठी में बताया गया कि 12 पंचायतों वाले इस प्रखंड में प्रति पंचायत 15 किसानों को सरकार की योजनाओं को समुचित लाभ देने के लिये चयन करने का निर्देश कृषि मित्रों को दिय गया था। अब तक 174 किसानों को बीज वितरण का लाभ दिया जा चुका है। जिसमें जिप्सम, बोरेक्स सहत अन्य दवाईयां भी दी गई है। प्रभारी कृषि पदाधिकारी सह बीएलओ अमरेश ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ों किसानों के बीच सरसों, मसूर, चना के बीज भी वितरण किया गया है। बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने कहा कि कृषि क्षेत्र में मिलने वाली लाभ को आवंटन अनुसार सामग्री का वितरण संबधित अधिकारी व कर्मियों को समय से मुहैया कराने की जिम्मेवारी ही नहीं, बल्कि कई संसाधनों की कमी झेल रहे किसानों तक लाभ पहुंचाने का नैतिक कर्तव्य बनता है।

### किसानों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण

छतरपुर प्रखंड परिसर में मिट्टी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों के बीच प्रखंड के प्रधान सहायक नवाब खान ने किसानों के बीच मृदा कार्ड प्रमाण पत्र का वितरण किया। उन्होंने कहा कि छतरपुर प्रखंड में 534 किसानों के खेत से मिट्टी नमूना संग्रह किया गया था उन्हें प्रमाण पत्र दिया जा रहा है।

# मांगों को लेकर कृषि वैज्ञानिक हड़ताल पर रहे

**नवीन मेल संवाददाता। बानो**

कृषि विज्ञान केंद्र पबुड़ा बानो के कृषि वैज्ञानिक विभिन्न मांगों को लेकर एकदिवसीय हड़ताल रहे व प्रदर्शन किया। कृषि वैज्ञानिकों ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के भेदभावपूर्ण रवैया के विरोध में हड़ताल किया। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक हिमांशु सिंह ने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा गैर भारतीय कृषि अनुसंधान कृषि विज्ञान केंद्रों में भेदभाव व पक्षपातपूर्ण रवैया को लेकर तथा विभिन्न मांगों को लेकर एकदिवसीय हडताल किया गया। सभी कर्मचारियों का वेतन सामनता लाना, एनपीस सहित एक समान सेवा निर्मित उपरांत के लाभ को लागू करना, आरएस परौदा उच्च अधिकारी प्राप्त समिति के सिफारिश के अनुसार कृषि विज्ञान केंद्र में समान सेवा शर्तों को लागू करना, एसएमएस को वैज्ञानिकों सहायक प्रोफेसर के रूप में समान रूप से पुन नामित करना, आरएस परौदा उच्च स्तरीय समिति के सिफारिश के अनुसार कर्मचारी सटाफ पदों का पुनर्गठन करने की मांग किया गया।

## पेज एक के शेष

### महाराष्ट्र के नए...

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा समेत कई प्रदेशों के मुख्यमंत्री मौजूद थे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान समेत कई केंद्रीय मंत्री भी समारोह में मौजूद थे। बॉलीवुड हस्तियों में शाहरुख खान, सलमान खान, संजय दत्त, रणबीर कपूर, रणवीर सिंह और माधुरी दीक्षित भी शपथ ग्रहण कार्यक्रम के लिए पहुंचे थे। दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर भी समारोह में शामिल हुए। महाराष्ट्र भाजपा विधायक दल के नेता के रूप में फडणवीस के नाम पर बुधवार को मुहर लगाई गई थी। इसके बाद, फडणवीस, शिंदे और पवार ने 4 दिसंबर को राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन से मिलकर महायुति सरकार बनाने का दावा पेश किया था। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने शानदार जीत दर्ज की थी। उसने 288 में से 235 सीटों पर विजय हासिल की थी। यह परिणाम भाजपा के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ, जो 132 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। वहीं, विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) को बड़ा झटका लगा, जिसमें कांग्रेस को सिर्फ 16 सीटें मिली थीं। गठबंधन सहयोगी शिवसेना (यूबीटी) ने 20 सीटें जीतीं, जबकि एनसीपी (शरद पवार गुट) को सिर्फ 10 सीटें मिली थीं।

### 50 हजार रिश्वत लेते बड़ा बाबू...

कब्रिस्तान घेराबंदी का 80 प्रतिशत काम पूर्ण हो चुका है कार्यालय से आठ लाख 95 हजार 150 रुपये भुगतान किया जा चुका है। इस राशि का कमीशन बड़ा बाबू राजेंद्र उरांव के जरिये 8 प्रतिशत के हिसाब से 70 हजार रुपये रिश्वत के रूप में मांगा जा रहा था। लेकिन इमरान खान इतनी राशि नहीं देना चाहता था। बाद में 50 हजार रुपये लेकर काम करने को बड़ा बाबू तैयार थे। बड़ा बाबू का कहना था कि 70 हजार रुपये नहीं देने पर फाइनल बिल का निकासी नहीं करेंगे। इमरान खान रिश्वत देकर काम करना नहीं चाहते था। इसीलिए इमरान खान ने इसकी जानकारी देते हुए एसीबी को आवेदन देकर करवाई कि गुहार लगाई। आवेदन के आलोक में एसीबी की टीम के जरिये मामले का सत्यापन किया गया। एसीबी की टीम के जरिये मामले की सत्यापन के लिए इमरान खान को 50 हजार रुपये देने को कहा गया। जब इमरान खान बड़ा बाबू राजेंद्र उरांव को पैसा दे रहा था। इसी बीच एसीबी की टीम ने बड़ा बाबू राजेंद्र उरांव को रंगे हाथ पकड़ कर गिरफ्तार कर लिया। एसीबी की टीम बड़ा बाबू राजेंद्र उरांव को अपने साथ रांची लेकर रवाना हो गयी।

## राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन

# छात्रों को पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिए : प्राचार्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड क्षेत्र स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में प्रमुख प्रकाशन समूह ने अपनी पुस्तकों को प्रदर्शित किया। प्रदर्शनी में मैकग्रा हिल, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, बीएस पब्लिकेशन, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस जैसे प्रमुख प्रकाशन शामिल थे। पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि छात्रों को ज्ञान प्राप्ति के लिए पुस्तकों के उपयोग पर जोर देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पुस्तक छात्रों के ज्ञान को विस्तृत करने में सहायक होती हैं। ऐसी प्रदर्शनी छात्रों को सही दिशा में मार्गदर्शन करने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन कॉलेज के छात्रों के शैक्षिक विकास में सहायक सिद्ध होगा। उन्हें पुस्तकालयों में उपलब्ध पुस्तकों के अलावा अन्य उपयोगी स्त्रोतों से भी अवगत कराया। पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन में मेकैनिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष सह पुस्तकालय प्रभारी डॉ. पंकज कुमार के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया और पुस्तक प्रदर्शनी के महत्व को समझाया। प्रदर्शनी में विभिन्न विषयों की किताबें, टेक्निकल बुक्स, रिसर्च मटेरियल्स भी उपलब्ध था। प्रदर्शनी में छात्रों ने काफी उत्साह के साथ भाग लिया। विभिन्न प्रकाशनों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी में किताबों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

### चेचरिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण

नावाबाजार। नावाबाजार प्रखंड के चेचरिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय गुरुवार को छात्र-छात्राओं के लिए खुशियों दिन रहा। स्कूल के कक्षा आठ के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया। विद्यालय के प्राधानाध्यापक जैनेन्द्र कुमार पांडेय, शिक्षक सुदर्शन सिंह, शिक्षक रमेश चंद्र दुबे, रघुवीर पांडेय के हाथों 8वीं वर्ग के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। छात्राओं ने साइकिल मिलने की खुशी सामूहिक रूप से साइकिल की घंटी बजाकर जाहिर की। प्रधानाध्यापक जैनेन्द्र कुमार पांडेय ने कहा कि सरकार द्वारा जो साइकिल दिया गया है, वह सुविधा अनुसार विद्यालय तक पहुंच नियमित शैक्षणिक कार्य को करना है। सभी छात्राओं को अच्छे से पढ़ाई कर बेहतर परिणाम के साथ अपने माता-पिता सहित विद्यालय का नाम रोशन करना है। उन्होंने सबों के उज्वल भविष्य की कामना की। साथ हीं सरकार के प्रयास की सराहना की।

# सभी को तय दर पर भोजन मिले : मोनी कुमारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मोनी कुमारी ने समाहरणालय ब्लॉक ह्यएह्न स्थित अपने कार्यालय में अनुभाजन क्षेत्र के सभी दाल-भात केंद्र के संचालकों के साथ बैठक की। इस बैठक में सभी दाल-भात केंद्र के संचालक और संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। इनको समय पर दाल-भात केंद्र खोलने और सभी को तय दर पर भोजन देने का निर्देश दिया गया। विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी ने सभी संचालकों को निर्देश देते कहा कि इन केंद्रों में कोई गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए वे सभी दाल-भात केंद्रों का औचक निरीक्षण करेंगी। दाल-भात केंद्र की नैतिक जिम्मेदारी है कि केंद्र में आने वालों को भोजन मिले। मौके पर विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी ने पंजी का अवलोकन किया, जिसमें उन्होंने पाया कि पंजी का संधारण ठीक से किया गया है।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com




संसद की खबरें

## विदेशों में पिछले पांच सालों में हुए 58 हमले, 20 छात्रों की हुई मौत

**नई दिल्ली।** पिछले 5 सालों में विदेशों में पढ़ाई करने गए भारतीय छात्रों पर 58 हमले हो चुके हैं। इन हमलों में 20 भारतीय छात्रों की मौत हो चुकी है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा में 2019 से 2024 के बीच विदेशों में भारतीय छात्रों की हुई मौंतों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार विदेशों में पढ़ रहे भारतीय छात्रों की सुरक्षा को सबसे ज्यादा प्राथमिकता देती है। इस संदर्भ में भारतीय मिशन विदेशी विश्वविद्यालयों में दाखिला प्राप्त छात्रों से नियमित संपर्क में रहते हैं। विदेश राज्यमंत्री की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार सबसे ज्यादा मौतें कनाडा में हुए हमलों में हुई हैं। यहां 9 छात्रों पर हमले हुए हैं और 9 की ही मौत हुई है। इसके अलावा अमेरिका में सात तथा ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, चीन और कजाकिस्तान में एक-एक भारतीय छात्र की मौत हो चुकी है। सबसे ज्यादा हमले भारतीय छात्रों पर रूस में हुए हैं। रूस में भारतीय छात्रों पर 14 हमले हुए हैं। ब्रिटेन में 12, कनाडा में 9, अमेरिका में 7, ऑस्ट्रेलिया में 4, इटली में 3, आयरलैंड में 6 तथा ईरान, चीन और कजाकिस्तान में एक-एक हमला हुआ है।

## पीएम रूफटॉप सोलर योजना के तहत 1.45 करोड़ का हुआ रजिस्ट्रेशन

**नई दिल्ली।** संसद में नवीकरणीय ऊर्जा और बिजली राज्य मंत्री (एमओएस) श्रीपद नाइक के दिए गए एक बयान के अनुसार, पीएम




सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत करीब 1.45 करोड़ रजिस्ट्रेशन और 6.34 लाख इंस्टॉलेशन पूरे किए गए हैं। इस योजना को प्रधानमंत्री ने वित्त वर्ष 2027 तक आवासीय क्षेत्र में 1 करोड़ रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन हासिल करने के उद्देश्य से शुरू किया है, जिसके लिए 75,021 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। नाइक ने राज्यसभा को एक लिखित जवाब में बताया कि राष्ट्रीय पोर्टल ने कुल 1.45 करोड़ रजिस्ट्रेशन, 26.38 लाख आवेदन और 6.34 लाख रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन की सूचना दी है। एमओएस के अनुसार, 3.66 लाख आवेदकों को सब्सिडी जारी की गई है और इसे नियमित रूप से 15 से 21 दिनों के भीतर जारी किया जाता है।

## इजराइल -फिलिस्तीन संघर्ष में दो राष्ट्र समाधान का समर्थन करता है भारत

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान फिलिस्तीन संबंधों पर सदस्यों के सवालों के जवाब देते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष को लेकर भारत दो राष्ट्र समाधान का समर्थन करता है। दशकों से जारी इस विवाद को दो राष्ट्र समाधान सिद्धांत के जरिए ही हल खोजा जा सकता है। भारत भी लगातार इसी बात का वकालत करता आया है। भारत सरकार फिलिस्तीन के लोगों तक लगातार मदद पहुंचा रही है। संयुक्त राष्ट्र के सभी प्रस्तावों से भारत के कथित रूप से दूर रहने के दावे पर जयशंकर ने जवाब देते हुए कहा कि 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल-हमास जंग शुरू होने के बाद से संयुक्त राष्ट्र महासभा में फिलिस्तीन से संबंधित 13 प्रस्ताव पेश किए गए हैं। इनमें से भारत ने 10 प्रस्तावों के पक्ष में मतदान किया। तीन प्रस्तावों पर मतदान से परहेज किया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत एक संप्रभु, स्वतंत्र और टिकाऊ फिलिस्तीनी राज्य के निर्माण के पक्ष में है, जो इजराइल के साथ शांति से रह सके। चालू संकट के दौरान भारत ने फिलिस्तीन को महत्वपूर्ण मानवीय सहायता प्रदान की है। संघर्ष शुरू होने के बाद भारत ने लगभग 70 मीट्रिक टन सहायता सामग्री भेजी। इसमें 16.5 मीट्रिक टन दवाएं और चिकित्सा आपूर्ति शामिल थीं। इसके अतिरिक्त 2024 में फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए काम करने वाली संयुक्त राष्ट्र एजेंसी को सहायता राशि को एक मिलियन डॉलर से बढ़ाकर 5 मिलियन डॉलर कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि हम आतंकवाद की निंदा करते हैं, हम बंधक बनाने की निंदा करते हैं। हम मानते हैं कि देशों को स्थिति पर प्रतिक्रिया देने का अधिकार है लेकिन देशों को हताहत नागरिकों के प्रति सचेत रहना चाहिए। उन्हें मानवीय कानून का पालन करना चाहिए और हम युद्धविराम और हिंसा का शीघ्र अंत चाहते हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू तथा पूर्व रक्षा मंत्री योआव गैलेंट और युद्ध अपराधों के लिए हमास के एक नेता के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के वारंट पर भारत की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर डा. जयशंकर ने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय का सदस्य नहीं है।



## लोकसभा में नहीं पारित हो सका रेलवे विधेयक

▸ विपक्ष के हंगामे के बीच कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** लोकसभा में गुरुवार को रेलवे (संशोधन) विधेयक पारित किया जाना था लेकिन विपक्ष के संभल और अडाणी मुद्दे पर हंगामे के चलते कार्यवाही दो बार स्थगित होने के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा में गुरुवार को संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष के स्लोगन वाले जैकेट और टीशर्ट पहनने पर आपत्ति दर्ज कराई। विपक्ष संभल मुद्दे पर अपनी बात रखने को लेकर अड़ा रहा है। इसी बीच उद्योगपति गौतम अडाणी के खिलाफ नारेबाजी भी हुई। कार्यवाही को पहले 2 बजे फिर तीन बजे तक स्थगित किया गया। तीन बजे भी विपक्ष के हंगामे के कारण कार्यवाही को आखिरकार दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया।

### भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कांग्रेस पर साधा निशाना

# राहुल को देशद्रोही कहने में संकोच नहीं

एजेंसी । नई दिल्ली



### जॉर्ज सोरोस से मिले हुए हैं राहुल गांधी, कांग्रेस सोरोस के भारत को अस्थिर करने के एजेंडे को आगे बढ़ा रही

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं रायबरेली के कांग्रेस पार्टी के सांसद राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। गुरुवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद संबित पात्रा ने कहा कि उन्हें राहुल गांधी को देशद्रोही कहने में कोई संकोच नहीं है। वह देशद्रोही हैं। उन्होंने कहा कि जॉर्ज सोरोस ओपेन सोसाइटी को फंडिंग करते है। ये देश के खिलाफ प्रोपगेंडा चलाते हैं। यह मुद्दा गंभीर हैं। देश की एकता और संप्रभुता का मुद्दा है। कुछ ताकतें भारत को तोड़ना चाहती हैं। फ्रेंच न्यूज पेपर मीडिया ने इसका कुछ खुलासा किया है। राहुल गांधी भी जॉर्ज सोरोस से मिले हुए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस के भारत को अस्थिर करने के एजेंडे को आगे बढ़ा रही है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब एक फ्रांसीसी अखबार ने 2 दिसंबर को एक रिपोर्ट प्रकाशित की। फ्रेंच अखबार की इस रिपोर्ट का शीर्षक था, 'द हिडन लिंक्स बिटवीन अ जाइंट ऑफ इन्वेस्टिगेटिव जर्नलिज्म एंड द यूएस गवर्नमेंट'। इस रिपोर्ट में आरोप लगाया गया कि जॉर्ज सोरोस ने ओसीसीआरपी को फंड किया था। संबित पात्रा ने कहा कि अगर ओसीसीआरपी को तकलीफ होती है, तो राहुल गांधी रोते हैं। अगर राहुल गांधी रोते हैं, तो ओसीसीआरपी को तकलीफ होती है। ये दो शरीर लेकिन एक आत्मा हैं। पात्रा का यह बयान संसद परिसर में अडाणी मुद्दे पर विपक्षी नेताओं के विरोध प्रदर्शन के बाद आया।

### क्या है ओसीसीआरपी

ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट (ओसीसीआरपी) अपनी नकारात्मक रिपोर्ट्स को लेकर पिछले कुछ महीनों से चर्चा में बना हुआ है। इस संगठन ने कुछ महीने पहले भारत के बड़े कारोबारी समूह को भी टारगेट किया था। ओसीसीआरपी को 2007 में स्थापित किया गया था। इसका दावा है यह विश्व के छह महाद्वीपों में पत्रकारों का एक नेटवर्क है, जो अपराध और भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों पर रिपोर्टिंग करने में विशेषज्ञ हैं। हाल ही में फ्रांसीसी अखबार 'मीडियापार्ट' की ओसीसीआरपी पर जारी हुई खोजी रिपोर्ट में बताया गया कि यह एक अमेरिकी सरकार के प्रभाव वाला संगठन है। द हिडेन लिंक्स बिटवीन जायंट ऑफ इन्वेस्टिगेटिव जर्नलिज्म एंड यूएस गवर्मेंट नामक शीर्षक से प्रकाशित हुई रिपोर्ट में कहा गया कि जो बाइडेन के नेतृत्व वाली अमेरिकी सरकार से इस संगठन को काफी वित्तीय मदद मिली है।

### सुधांशु के बयान पर राज्यसभा में हंगामा



संसद के उच्च सदन राज्यसभा में आज पूर्वाह्न शून्य काल के दौरान सुधांशु त्रिवेदी के बयान पर हंगामा हुआ। इस पर सदन की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। त्रिवेदी ने चुनाव और सत्र से पहले विदेशी रिपोर्ट पर सवाल खड़े किए। इस पर विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। अंततः सभापति को कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। त्रिवेदी ने पिछले तीन साल का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जब भी संसद का सत्र शुरू होने वाला होता है, कोई न कोई विदेशी रिपोर्ट जारी होती है। उन्होंने आरोप लगाया कि ये महज इत्तेफाक नहीं है। आम चुनाव के ठीक पहले कविड वैक्सीन की रिपोर्ट जारी की गई। 20 जुलाई 2023 को संसद सत्र से पहले मणिपुर हिंसा का वीडियो जारी किया गया। बजट सत्र से पहले हिंडन बर्ग की रिपोर्ट जारी की गई। अब मौजूदा सत्र से ठीक पहले एक व्यावसायिक घराने पर एक कोर्ट का आदेश आता है।

## कथावाचक देवकीनंदन ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले को लेकर यूएन को लिखा पत्र

एजेंसी । वाराणसी



कथावाचक देवकीनंदन ने गुरुवार को बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले को लेकर संयुक्त राष्ट्र संघ को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि यूएन संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करे। उन्होंने कहा, मैंने संयुक्त राष्ट्र को भेजे पत्र में बांग्लादेश में हो रहे हिंदू समुदाय के साथ अत्याचार पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। इस पत्र में हमने हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा, लूटपाट, मंदिरों की तोड़फोड़, पुजारियों की गिरफ्तारी और महिलाओं के खिलाफ अत्याचारों का जिक्र किया है। इस पत्र में हमने यह सवाल उठाया है कि क्या इस तरह के अत्याचारों के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र का कोई कर्तव्य नहीं बनता। हमने यह भी कहा कि अगर बांग्लादेश सरकार हिंदू समुदाय को सुरक्षा प्रदान करने में असमर्थ है, तो संयुक्त राष्ट्र को हस्तक्षेप कर बांग्लादेश का विभाजन करने और हिंदुओं के लिए एक हिंदू राष्ट्र की स्थापना करने की दिशा में कदम उठाना चाहिए। उन्होंने कहा, बांग्लादेश का निर्माण ही हिंदू समुदाय के महत्वपूर्ण योगदान के परिणामस्वरूप हुआ था, लिहाजा उनकी कुर्बानियों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, हम यह मांग करते हैं कि हिंदू समुदाय को एक सुरक्षित और सम्मानजनक स्थान मिले।

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों को रोका जाना चाहिए : हेमा मालिनी



बॉलीवुड अभिनेत्री और मथुरा से भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने गुरुवार को कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों को रोकने के लिए कदम उठाने होंगे। हेमा मालिनी ने यहां संसद भवन परिसर में मीडिया से बात करते हुए इस बात पर बल दिया कि इस तरह के हमलों को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि जो हिंदू बांग्लादेश से भारत आ रहे हैं, उन्हें आने दिया जाए। बांग्लादेश में कई ऐसे हिंदू हैं, जो अपने साथ हो रहे अत्याचार के विरुद्ध आवाज नहीं उठा पा रहे हैं। लिहाजा मैं कहूंगी कि उन्हें सुरक्षा दिलाने की दिशा में कदम उठाया जाए। बांग्लादेश में रह रहे हमारे हिंदू भाइयों-बहनों को हम नजरअंदाज नहीं कर सकते।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के आरोपियों का खुलासा, हिट लिस्ट में थे सलमान खान

एजेंसी । मुंबई



बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपियों ने जांच के दौरान अहम खुलासा किया। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि उनकी हिट लिस्ट में 'दबंग' अभिनेता सलमान खान भी थे। लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े शूटर्स मुंबई में सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट पर कई बार रेकी कर चुके थे। हालांकि, कड़ी सुरक्षा की वजह से वह अपने मकसद में नाकाम रहे और सलमान पर हमला करने की अपनी योजना को रद्द कर दिया। बता दें, लॉरेंस बिश्नोई ने एक टीवी इंटरव्यू में कहा था कि उसके जीवन का एकमात्र लक्ष्य सलमान खान को जान से मारना है। इससे पहले मुंबई पुलिस ने 12 नवंबर को सलमान खान को धमकी भरे मैसेज भेजने के आरोप में 24 वर्षीय एक व्यक्ति को कर्नाटक से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने बताया था कि आरोपी का नाम सोहेल पाशा है। मुंबई पुलिस के अनुसार, पाशा ने यह धमकी भरा मैसेज मशहूर होने के लिए किया था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सलमान खान को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम से जान से मारने की धमकी मिली थी। यह धमकी वर्ली स्थित मुंबई ट्रैफिक कंट्रोल रूम को भेजे गए एक संदेश के जरिए दी गई थी।

### भारतीय वायुयान विधेयक 2024 राज्यसभा से पारित

**नई दिल्ली।** गुरुवार को राज्यसभा से भारतीय वायुयान विधेयक 2024 पारित हो गया। नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने गुरुवार को राज्यसभा में भारतीय वायुयान विधेयक 2024 पेश किया। यह विधेयक एयर क्राफ्ट एक्ट 1934 का स्थान लेगा। लोकसभा विधेयक को पिछले सत्र में पारित कर चुकी है। विधेयक में विमान के डिजाइन, निर्माण, रखरखाव, अधिकार, उपयोग, संचालन, बिक्री, निर्यात और आयात के विनियमन और नियंत्रण तथा उससे जुड़े मामलों का प्रावधान है।

## प्रधानमंत्री मोदी और भूटान नरेश ने की द्विपक्षीय बैठक संबंधों की लगातार मजबूती को लेकर जताई प्रतिबद्धता

एजेंसी । नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को नई दिल्ली में भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं ने भारत-भूटान के बीच साझेदारी लगातार मजबूत करने को लेकर प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री मोदी ने सात लोक कल्याण मार्ग स्थित सरकारी आवास पर भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और रानी जेत्सुन पेमा वांगचुक का स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने दोनों को शुभकामनाएं देते हुए इसी वर्ष मार्च में अपनी राजकीय यात्रा के दौरान भूटान की सरकार और लोगों द्वारा दिए गए असाधारण गर्मजोशी भरे आतिथ्य को याद किया। प्रधानमंत्री मोदी और भूटान नरेश ने द्विपक्षीय संबंधों की उत्कृष्ट स्थिति पर संतोष व्यक्त किया। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच आर्थिक संपर्क बढ़ाने में हुई प्रगति की समीक्षा की तथा गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी पहल पर विचारों का आदान-प्रदान किया, जो भूटान के विकास को गति देने तथा भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए महामहिम द्वारा संचालित एक दूरदर्शी परियोजना है। प्रधानमंत्री मोदी ने भूटान में आर्थिक विकास को लेकर भारत की प्रतिबद्धता दोहराई तथा 13वीं पंचवर्षीय योजना अवधि के लिए भूटान को भारत द्वारा दिए जाने वाले विकास सहयोग को दोगुना करने पर प्रकाश डाला। भूटान नरेश ने भूटान की खुशहाली, प्रगति और समृद्धि की आकांक्षाओं के लिए दृढ़ समर्थन के लिए प्रधानमंत्री मोदी और भारत के लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी की इंडिया-फर्स्ट नीति और मेक इन इंडिया पहल की प्रशंसा की

एजेंसी । नई दिल्ली



▸ पुतिन ने भारत में विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने की रूस की इच्छा से अवगत कराया

▸ पुतिन ने ब्रिक्स निवेश मंच को वैश्विक दक्षिण देशों को समर्थन देने में महत्वपूर्ण माना

राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 15वें वीटीबी रूस कॉलिंग इन्वेस्टमेंट फोरम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इंडिया फर्स्ट नीति और मेक इन इंडिया पहल की प्रशंसा की। राष्ट्रपति ने विकास के लिए स्थिर माहौल को बढ़ावा देने के भारत के प्रयासों की सराहना करते हुए इस बात पर जोर दिया कि इन नीतियों ने भारत के विकास में किस तरह योगदान दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि विनिर्माण को बढ़ावा देने और विदेशी निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से शुरू की गई मेक इन इंडिया पहल ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की स्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राष्ट्रपति पुतिन की टिप्पणियों ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की आर्थिक प्रगति को चिह्नित किया। उन्होंने भारत सरकार द्वारा छोटे और मध्यम आकार के उद्यमों (एसएमई) के लिए स्थिर स्थिति बनाने को लेकर किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई आर्थिक पहलों पर प्रकाश डाला, जिसमें मेक इन इंडिया कार्यक्रम पर विशेष ध्यान दिया गया। राष्ट्रपति ने रूस के आयात घटाने के कार्यक्रम और भारत की मेक इन इंडिया पहल के बीच समानताएं बताते हुए भारत में विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के प्रति रूस की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भारत में निवेश लाभदायक है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत के नेतृत्व ने अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देने पर ध्यान केंद्रित किया है। रूसी राष्ट्रपति ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के पास मेक इन इंडिया नामक एक ऐसा ही कार्यक्रम है। हम भी भारत में अपना विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत सरकार इंडिया फर्स्ट की नीति से प्रेरित होकर स्थिर माहौल का निर्माण कर रही है। हमारा मानना है कि भारत में निवेश करना लाभदायक है। उन्होंने यह भी कहा कि रूसी कंपनी रोसनेफ्ट ने हाल ही में भारत में 20 बिलियन डॉलर का निवेश किया है।

## ट्रंप ने पूर्व सहयोगी पीटर नवारो को ट्रेड एडवाइजर नियुक्त किया



**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि उनके पूर्व सहयोगी पीटर नवारो उनके शासन में व्यापार एवं विनिर्माण के लिए वरिष्ठ सलाहकार के रूप में काम करेंगे। हार्वर्ड से प्रशिक्षित अर्थशास्त्री नवारो ने ट्रंप के पहले प्रशासन में काम किया था, जहां उन्होंने नव निर्मित राष्ट्रीय व्यापार परिषद और फिर व्हाइट हाउस ऑफिस ऑफ ट्रेड एंड मैन्युफैक्चरिंग पॉलिसी का संचालन किया था। ट्रंप ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कहा, मेरे पहले कार्यकाल के दौरान, मेरे दो पवित्र नियमों, बाय अमेरिकन, हायर अमेरिकन को लागू करने में पीटर से अधिक प्रभावी या दृढ़ निश्चयी कोई नहीं था।